ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 15 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 223 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

हिंदी ने मेरे जीवन के हर पहलू में योगदान ... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा बने जेएसएससी के अध्यक्ष

रांची। झारखंड पुलिस के पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक, अध्यक्ष पद पर उनकी नियुक्ति 23 सितंबर से प्रभावी मानी जाएगी। वहीं नीरज सिन्हा की जन्म तिथि आठ जनवरी 1962 है, ऐसे में वह झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में पदभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम 65 साल की उम्र तक इस पद पर बने रहेंगे।

ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज को मिली प्रोन्नति

रांची। भारत सरकार के वित्त विभाग ने ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज समेत तीन अधिकारियों को एडिशनल डायरेक्टर रैंक में प्रोन्नति दी है। जिन अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है, उसमें डॉ विद्युत विकास, विनोद शर्मा शामिल हैं। कपिल राज झारखंड में मनरेगा घोटाले, अवैध खनन समेत सभी कांडो की जांच से जुड़े रहे हैं।

लोहरदगा में सर्पदंश से बालक की मौत

लोहरदगा। पेशरार प्रखण्ड क्षेत्र के हेसाग बाड़ी ग्राम में गुरुवार को जमीन पर सोने के दौरान जहरीले सांप के काटने से एक बालक की मौत हो गई। बालक की पहचान हेसाग बाड़ी निवासी 10 वर्षीय आलोक असुर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर हेसाग पंचायत के मुखिया कुलदीप तिर्की मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने सहायता राशि के लिए शव का पोस्टमार्टम करने को कहा लेकिन परिजन नहीं माने और शव को दफन कर दिया।

नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई महिला गिरफ्तार

रांची। अरगोड़ा थाना पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम गुड़िया प्रवीण बताया गया है। इसके पास से 250 कफ सिरप, 160 टेबलेट, 118 इंजेक्शन और नकद 60 हजार 500 रुपये बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरमू आस्था अस्पताल के समीप गुड़िया प्रवीण के एस्बेटस के मकान में अवैध रुप से नशीली दवाओं को बेचा जा रहा है। सूचना के बाद डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली दवाओं को बरामद किया। साथ ही महिला को गिरफ्तार किया।

अब पुराने पुल की सही उम्र का लगेगा पता, आईआईटी ने बनाई एआई एल्गोरिदम

एजेंसी। नई दिल्ली

आईआईटी मंडी ने पुलों की स्थिति का अनुमान और उनके जीवन की भविष्यवाणी करने के लिए मशीन लर्निंग व एआई डेटा-संचालित तरीका तैयार किया है। यह एआई एल्गोरिदम मानव हस्तक्षेप के बिना ही संरचनात्मक क्षति की पहचान कर सकते हैं। विशेष रूप से प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और केबल आधारित पुलों पर यह रियल टाइम और महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करा सकता है। इस पर आईआईटी मंडी के शोधकताओं का कहना है कि एआई-आधारित एल्गोरिदम का प्रयोग व्यापक रूप से किया जा सकता है। यह केवल पुलों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि इसका उपयोग रोपवे, इमारतों, एयरोस्पेस संरचनाओं, ट्रांसमिशन टावरों और समय-समय पर स्थिति मूल्यांकन और सुरक्षा उपायों की आवश्यकता वाले विभिन्न बुनियादी ढांचों जैसी संरचनाओं में भी किया जा सकता है। आईआईटी का

कहना है कि पुल भारत के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देशभर में इनकी संख्या लगभग 13,500 है। यह संरचनाएं तापमान में परिवर्तन, पानी और हवा जैसे पर्यावरणीय कारकों के कारण प्राकृतिक रूप से पुरानी हो जाती हैं। जिसको भारी सड़क यातायात ने और बढ़ा दिया है। परंपरागत रूप से पुलों की स्थिति का आकलन दृश्य निरीक्षण के माध्यम से किया जाता रहा है जबकि विशेषज्ञों द्वारा इस पद्धति को अपर्याप्त माना गया है। यह सभी संरचनात्मक मुद्दों का पता लगाने में असफल रहता है और यह अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया है, जिसमें कई तस्वीरों का मैन्युअल विश्लेषण किया जाता है।

इन अध्ययनों के निष्कर्ष को हाल ही में मैकेनिकल सिस्टम्स एंड सिग्नल प्रोसेसिंग और न्यूरल कंप्यूटिंग एंड एप्लीकेशन पत्रिकाओं में प्रकाशित किया गया है। इस शोध को स्कूल ऑफ सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुभमोय सेन और उनके शोधार्थी डॉ. स्मृति शर्मा, ईश्वर कुंचम और आईआईटी मंडी की नेहा असवाल के साथ-साथ फ्रांस के आईएनआरआईए रेनेस के डॉ. लॉरेंट मेवेल के सहयोग से तैयार किया गया है।

इस संबंध में विस्तार से बताते हुए आईआईटी मंडी के डॉ. सुभमोय सेन ने कहा, हमने एक पुल की स्थिति का अनुमान लगाने और उसके शेष उपयोगी जीवन की भविष्यवाणी करने के लिए मशीन लर्निंग, एआई और बायेसियन सांख्यिकीय अनुमान जैसे डेटा-संचालित तरीकों को तैयार किया है। परिणामों में परिचालन और प्रतिकूल लोडिंग स्थितियों के तहत बुनियादी ढांचे के जोखिम को कम करने की क्षमता है। विशेष रूप से प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट और केबल आधारित पुलों में तापमान के उतार-चढ़ाव से पुल की गतिशील क्षमतायें बहुत प्रभावित होती हैं। इसलिए रियल टाइम और एआई-आधारित एसएचएम दोनों में ही इन तापमान के प्रभावों पर विचार करना महत्वपूर्ण है। वार्षिक और दैनिक तापमान में अत्यधिक उतार चढ़ाव वाले ठंडे क्षेत्र के एक पुल पर आईआईटी मंडी के इस एल्गोरिदम को सख्ती से जांचा जा चुका है।

शुरूआत में आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने क्षति का पता लगाने में एल्गोरिदम की क्षमताओं का आकलन करने के लिए इसका परीक्षण एक क्षतिग्रस्त पुल पर किया। इसके बाद उन्होंने क्षति के स्थान को इंगित करने में एल्गोरिदम की सटीकता का मूल्यांकन करने के लिए जानबूझकर कंप्यूटर मॉडल में क्षति को इंगित किया। तत्पश्चात इस परीक्षण के माध्यम से संरचनात्मक क्षति की पहचान करने में एल्गोरिदम की प्रभावशीलता की पुष्टि हुई।

जेपीएससी फर्स्ट-सेकंड बैच की परीक्षा का मामला

हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी (झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन) सिविल सर्विस की फर्स्ट और सेकंड बैच की परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई के बारे में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने गुरुवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि सीबीआई ने जिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए स्वीकृति आदेश मांगा था, उस पर क्या हुआ?

कितने और किन-किन अफसरों पर अभियोजन चलाने की मंजूरी दी गई? सरकार को इन सवालों पर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इससे पूर्व हुई सुनवाई में सीबीआई को रिपोर्ट फाइल कर यह बताने को कहा था कि मामले की जांच के बाद केस किस स्टेज में है? अगर चार्जशीट फाइल की गई है तो इसके बाद किन-किन आरोपियों के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन की इजाजत मांगी गई है और उसका स्टेटस क्या है?

कोर्ट में बुद्धदेव उरांव नामक व्यक्ति की ओर से दायर जनहित याचिका और राज्य सरकार की अपील याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। बुद्धदेव उरांव ने यह याचिका 2008 में दाखिल की थी। इसमें जेपीएससी सेकंड बैच की परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और अंकों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। इस परीक्षा के जरिए कुल 172 पदों पर बहाली हुई थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 12 जून 2012 को जेपीएससी सेकंड बैंच ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज रांची आएंगे, पार्टी नेताओं से करेंगे मुलाकात

रांची। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज को रांची आएंगे। रांची एयरपोर्ट से वो छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार जेपी नड्डा छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में रांची आ रहे हैं। एयरपोर्ट पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। मिशन 2024 की तैयारी में जुटी बीजेपी के नेताओं के दौरे लगातार बढ़ रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने की मूल वजह की जानकारी अभी तक नहीं मिली है लेकिन छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में जेपी नड्डा रांची में रुकेंगे और भाजपा नेताओं से मुलाकात करेंगे। बता दें कि इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 जून को झारखंड के दौरे पर आये थे। जून में गिरिडीह में जेपी नड्डा ने बड़ी रैली की थी और मिशन 2024 के लिए भाजपा को मजबूत करने का टास्क भी दिया था।

राजधानी में दिनदहाड़े गोलीबारी

कांके में जमीन कारोबारी को अपराधियों ने मारी गोली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में एक बार फिर एक जमीन कारोबारी पर जानलेवा हमला किया गया है। कांके ब्लॉक चौक के रहने वाले जमीन कारोबारी अवधेश यादव को अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए दिन दहाड़े सात गोलियां मारी है। गंभीर अवस्था में अवधेश यादव को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अवधेश यादव पर हमले का आरोप उसके पूर्व पार्टनर पर ही लगा है। राजधानी रांची में अपराधियों ने दुसाहस दिखाते हुए जमीन कारोबारी अवधेश यादव को बीच सड़क पर गोली मार दी। इस वारदात को दो अपराधियों ने रांची के कांके ब्लॉक चौक के पास अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश यादव अपने एक मित्र के साथ एक जमीन विवाद के मामले को सुलझाने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वे कांके ब्लॉक चौक के पास पहुंचे, पहले से ही घात लगाए दो अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों ने एक-एक करके कल 7 गोलियां ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी के गवाह ने कोर्ट में कहा

मुंगेरी और अशोक के दबाव में दिया था बयान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अवैध खनन मामले में ईडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के समक्ष ईडी के गवाह विजय हांसदा ने बयान दिया। विजय हांसदा ने कहा कि उसने मुंगेरी यादव और अशोक यादव के दबाव में ईडी को बयान दिया था। उसे कहा गया था कि ईडी पूछताछ में जो कहे, उसका समर्थन करो नहीं तो जेल में तुम्हारा खाना-पीना भी बंद हो जाएगा। इसपर विजय हांसदा से पूछा गया कि इस बात की जानकारी क्या किसी को दी गई थी? विजय ने कहा कि नहीं, उसने किसी को इस बात की जानकारी नहीं दी। सुनवाई के दौरान न्यायिक हिरासत में ईडी को दिये गए विजय हांसदा के बयान की वीडियो फुटेज भी दिखाई गई। अब शुक्रवार को फिर विजय हांसदा का क्रॉस ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

जमीन घोटाले के आरोपी प्रेम प्रकाश की जमानत पर फैसला 20 को

जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 20 सितम्बर को फैसला सुनाएगी। कोर्ट में प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की।

वज्रपात से सात छात्राएं बेहोश, कई उपकरण जले

पलामू। जिले के पिपरा प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भवन के समीप गुरुवार अपराह्न 2:20 बजे आकाशीय बिजली गिरने से 7 छात्राएं बेहोश हो गयी जबकि कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गये। इस संबंध में प्रधानाध्यापक अनुपमा ज्योति ने बताया कि दोपहर में तेज बारिश होने लगी। उस समय स्मार्ट क्लास में दसवीं की कई छात्राएं पढ़ रही थी। तभी विद्यालय भवन के पास वज्रपात हुआ, जिससे स्मार्ट क्लास में पढ़ रही सिम्पल कुमारी, लक्की कुमारी, सोनाली कुमारी, चांदनी कुमारी सहित 7 छात्राएं बेहोश हो गयीं। इससे विद्यालय में अफरा-तफरी मच गयी। उन्होंने बताया कि बेहोश हुई छात्राओं का प्राथमिक उपचार कराया गया। लगभग आधे घंटे के बाद सभी को होश आया। सभी छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया।

श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित

इंटरनेट की दुनिया भी हिन्दी की कायल : एल खियांग्ते

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हिन्दी एक सर्वव्यापी भाषा है। दुनिया भर में हिन्दी भाषा बोलने वाले लोग मौजूद हैं। इसकी लोकप्रियता के कारण ही इंटरनेट की दुनिया में भी हिन्दी भाषा के कंटेंट बहुतायत में मौजूद है। न्यूज चैनल आदि में भी हिन्दी भाषा में खबरों का प्रसारण किया जाता है। यह बातें श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक एल खियांग्ते ने गुरुवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह में कही। उन्होंने पढ़ाई से लेकर प्रशासनिक सेवा में आने तक हिन्दी भाषा को लेकर अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी की आवश्यकता सभी जगह है। इससे

बचा नहीं जा सकता। दक्षिण से लेकर उत्तर, पूरब से पश्चिम तक हिन्दी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिजोरम जहां से वे आते हैं, वहां भी अब हिन्दी सीखने के लिए स्पोकेन हिन्दी की क्लास चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर पर संवाद की भाषा हिन्दी ही रखें। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि सभी सरकारी विभागों में हिन्दी भाषा में कार्य हो। उन्होंने कहा कि हिन्दी सहज भाषा है। हम जैसा हिन्दी में बोलते हैं, वैसा ही लिखते भी हैं। यह हिन्दी की अपनी विशेषता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी सर्व संपर्क की भाषा है। दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में अब हिंदी भाषा बोली और समझी भी जा रही है। विदेशों में हिन्दी स्वीकार की जा रही है। यही करण हैं की दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जानेवाली भाषा हिन्दी है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी संपर्क की भाषा है, बाजार की भाषा है। उन्होंने हिन्दी भाषा को लेकर विस्तार से उसके विकास के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह भी हमें देखना होगा कि क्या हम हिन्दी भाषा को व्यवहार और बोलचाल में ला रहे हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा से जुड़ाव की अपील की। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञान का सृजन अपनी भाषा में नहीं होगा तब तक भाषा की पहचान नहीं बन पाएगी।

संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरू

36 अनुषांगिक संगठन होंगे शामिल

आरएनएम। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति की तीन दिवसीय बैठक पुणे में शुरू हो गई । इस बैठक को आगामी लोकसभा और इस साल होने जा रहे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बेहद अहम माना जा रहा है। राम मंदिर, सामाजिक समरसता, नारी सशक्तिकरण और शिक्षा पर भी चर्चा होगी। बैठक में संघ के 36 अनुषांगिक संगठनों के 266 पदाधिकारी शामिल हुए हैं। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत और संगठन महासचिव बीएल संतोष, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं। गृहमंत्री अमित शाह के भी पहुँचने की संभावना है। बैठक के संदर्भ में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इसमें बीते साल रायपुर में हुई बैठक के बाद लिए गए निर्णयों के आधार पर विभिन्न संगठनों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

संगठन आगे की कार्ययोजना भी बैठक में रखेंगे। विहिप राम मंदिर के संदर्भ में भावी योजना पेश करेगा। अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे संगठन भी अनुभव साझा करने के साथ भावी कार्य योजना पेश करेंगे। नवंबर में भुज में बनेगी लोकसभा चुनाव पर रणनीति आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि बैठक में आए विचारों पर इसी साल नवंबर में गुजरात के भुज में होने वाली संघ की कार्यकारी मंडल की बैठक में विमर्श के बाद भावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसी बैठक में संघ आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी अंतिम मुहर लगाएगा। बैठक

- विहिप राम मंदिर के संदर्भ में भावी योजना पेश करेगा
- नवंबर में भुज में संघ की बैठक में बनेगी लोकसभा चुनाव पर रणनीति

हर साल होती है। इसमें सभी संगठन अपने क्षेत्र से जुड़े अनुभव सुनाने के बाद भावी कार्ययोजना पेश करते हैं। इस क्रम में देश की वर्तमान परिस्थितियों पर भी बातचीत होती है। हम देश और समाज से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा करते हैं और इससे जुड़ी कार्ययोजना तैयार करते हैं। अभियान के निष्कर्ष पर भी होगा मंथन संघ बीते कुछ वर्षों से जातिगत भेदभाव खत्म कर सामाजिक समरसता स्थापित करने पर जोर देता रहा है। इस क्रम में पिछली कई ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया

नेत्रदान करने वाले 12 परिवारों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में गुरुवार को ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का भव्य आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में किया गया। गर्वनर सी. पी. राधाकृष्णन, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ ने दौड़ को रंग बिरंगे बैलूनों को आसमान में उड़ाते हुए रवाना किया। इस दौड़ में उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं स्पोर्ट्स अकादमी के सैकड़ो छात्रों एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने लिया भाग। इस प्रकार डा.भारती कश्यप के प्रयासों की हर ओर

सराहना हो रही है। कारण इसकी प्रेरणास्त्रोत वह खुद रही हैं। इस बार का रन फॉर विजन का आयोजन विशेष रहा । क्योंकि इस बार के रन का का थीम ब्लाइंड फोल्ड था। युवा एवं बच्चें आंखों पर पट्टी बांधकर जोड़े में सैकड़ों की संख्या में दौड़े। ब्लाइंड फोल्ड रन फॉर विजन का आयोजन समाज में बहुत ही संवेदनात्मक तरीके से नेत्रदान का संदेश देता है। इस से परस्पर सहयोग की भावना भी विकसित होती है। इस आयोजन का मुख्य उदेश्य है लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना था। रन फॉर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

झामुमो ने खोल रखी है झूठ की फैक्ट्री

सुनील तिवारी का जमानत आदेश पढ़ लें सुप्रियो : प्रदीप वर्मा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने आज झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य को झूठ भी थोड़ा संभालकर बोलना चाहिए। सुनील तिवारी यौन शोषण के जिस मामले में बेल पर हैं वह मामला नाबालिग लड़की से जुड़ा नही है। भाजपा नेता प्रदीप वर्मा ने चुनौती दी कि यदि सुप्रियो भट्टाचार्य में हिम्मत है तो सुनील तिवारी के बेल ऑर्डर को मीडिया में पढ़ कर सुना दें। यौन शोषण के केस में हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा देते हुए जिस प्रकार से राज्य की पुलिस और उसकी जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं, उससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार जानबूझकर उन्हे फंसाने का प्रयास कर रही है। डॉ वर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपने सलाहकार सुनील तिवारी की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार में पत्र लिखा, लेकिन आज उससे संबंधित प्रेसवार्ता झामुमो के प्रवक्ता कर रहे। इसी से स्पष्ट है कि सरकार सुनील तिवारी से कैसा प्रतिशोध की भावना रखती है। प्रदीप वर्मा ने कहा कि सरकार को कोई भी जनप्रतिनिधि एक आम आदमी की सुरक्षा के संबंध में भी मुख्यमंत्री और पुलिस प्रशासन को पत्र लिख सकता लेकिन झामुमो की बौखलाहट का अर्थ झारखंड की जनता को जानना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुंबई मॉडल कांड में मुख्यमंत्री पर आरोप जग जाहिर है। सुनील तिवारी उस मामले में इंटरवेनर हैं। आज भी वह मामला समाप्त नहीं हुआ है, न्यायालय में लंबित है। उन्होंने कहा कि सुनील तिवारी को केस मुकदमा में फंसाकर हेमंत सरकार बदला लेना चाहती है। मुंबई मॉडल केस भी अभी समाप्त नही हुआ है, जिसे दबाने की हर संभव कोशिश मुख्यमंत्री कर रहे हैं।

अपनी जमीन का बंदर बांट बंद करें विश्वविद्यालय

छात्रावास तोड़ने से पहले छात्रों के रहने का पहले प्रबंध करे विश्वविद्यालय : आजसू

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सोपा। मांग पत्र के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा के मोराबादी स्थित विश्वविद्यालय की भूमि पर पुराने छात्रावास को तोड़कर वहां जो पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है वह किसी भी दृष्टिकोण से वहां के छात्र-छात्राओं एवं विश्वविद्यालय के हित में नहीं है, श्री शुक्ल ने कहा के छात्रावास तोड़कर जो पुस्तकालय बनाया जा रहा है वह पुस्तकालय बनने के बाद वह

जमीन शिक्षा विभाग के अधिकार क्षेत्र में आ जाएगी जबकि अभी यह जमीन विश्वविद्यालय की है अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) यह मांग करती है, पहले छात्रावास का निर्माण कर लिया जाए उसके बाद छात्रावास को तोड़कर वहां विश्वविद्यालय द्वारा इस शर्त के साथ लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाए के विश्वविद्यालय की भूमि विश्वविद्यालय के पास ही रहे। साथ ही साथ अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति से कहा के विश्वविद्यालय की जितनी भी भूमि खाली पड़ी हुई है सभी भूमि का जल्द से जल्द चाहर दिवारी फेंसिंग करवा कर विश्वविद्यालय की भूमि पर जितने भी अवैध अतिक्रमण है उन्हें जल्द से जल्द हटाया जाए अन्यथा अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।
वहीं मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा ने आजसू के प्रतिनिधिमंडल को अस्वस्थ करते हुए कहा की मेरे रहते हुए विश्वविद्यालय का एक भी इंच भूमि इधर-उधर नहीं होगा मैं इसकी पूरी जिम्मेवारी लेता हूं।
प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से: छात्र राज्य के प्रदेश प्रभारी श्री हरीश सिंह, अभिषेक शुक्ला,दीपक दुबे, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, बीएस महतो, राहुल कुमार, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बाईक की चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

रातू। थाना क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़े बाईक जेएच01एआर-3201 की चोरी कर चोर फरार हो गये। बाइक चोरी की सारी घटना केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। जानकारी के मुताबिक पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली निवासी सोबराती अंसारी गुरुवार को 11 बजे रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती अपने परिजन से मिलने पहुंचे। वह अपनी काले रंग की पेंशन प्रो बाइक को खड़ा कर सीएचसी के अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब सोबराती वापस लौटा तो बाइक को गायब पाया। परन्तु बाइक चोरी की सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। मामले को लेकर भुक्तभोगी सोबराती ने रातु थाने में अज्ञात चोरो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरीये चोरो का पता लगा रही है।

दस दिवसीय एग्री स्मार्ट कृषक प्रशिक्षण प्रारंभ

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बनता हजाम पंचायत में एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित झबरी ग्राम सहित अन्य पंचायत के कृषक का दस दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया एवं सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा झबरी ग्राम का चयन किया गया था जिसमें बीटीएम अंजीव कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया की एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के तहत किसानों को बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा संवर्धन केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा किसान अन्य समिति कृषि कर सकते हैं जिससे उनकी आय में बुद्धि होगा कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उन्नत किस्म की समायोजित करते हुए एगी स्मार्ट ग्राम अंतर्गत सैनिक ग्राम को पहचान दिलाया का काम किया जाएगा कृषि को बढ़ाने के लिए किसानों को 90% अनुदान पर पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अंतर्गत सुछम सिंचाई का लाभ दिया जा रहा है जो की जबरी ग्राम के सभी इच्छित किसानों को इसका लाभ मिलेगा साथ ही साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना का अंतर्गत अनुदान पर उपलब्ध कृषि यंत्र के बारे में बताया गया मौके पर किसानों के द्वारा आवेदन दिया गया इस मौके पर मुखिया ग्राम प्रधान बीएओ कमल महतो, कृषक मित्र गुरुपद महली, संजय कुमार मांझी, अमरेश सुरेंद्र सहित सैकड़ों किसान शामिल हुए।

प्रशिक्षण सह रोजगार मेला का आयोजन कल

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड मुख्यालय परिसर में आगामी 16 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत बेरोजगार युवाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण सह रोजगार मेले का आयोजन किया गया है । प्रतिभागी की आयु 18-35 वर्ष के बीच होनी चाहिये। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रतिभागीयों को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाणपत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं बैंक पास बुक की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो लाना अनिवार्य है। इसकी जानकारी दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के प्रखंड परियोजना प्रमुख परिमल कुमार रजक ने दी ।

मांडर शिव दुर्गा पूजा समिति का गठन

मांडर। मांडर शिव दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर एक बैठक कर समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के लाइसेंस धारी ब्रह्मानन्द सेन गुप्ता ने किया।बैठक में सर्व सम्मति से तीसरी बार रमेश केशरी को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष - मनकू महतो , दीनदयाल नंद तिवारी, सचिव-राम प्रकाश साहु, उप सचिव- सुका पाहन,राकेश लहकार,कोषाध्यक्ष- प्रमोद साहु, उप कोषाध्यक्ष- राजेश केशरी, मीडिया प्रभारी- पप्पु तिवारी ,डॉ. संजय बनाए गए। मौके पर संरक्षकगण सहित दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

हिंदी दिवस के अवसर पर डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में प्रतियोगिता आयोजित

मातृभाषा के विकास के बिना किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं : कैलाश

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर कक्षा छः से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व और हिंदी दिवस पर निबंध लिखने को कहा गया जिसमें प्रथम स्थान प्रियांशी कुमारी को मिला, दूसरा स्थान हाजरा परवीन तीसरा स्थान शाहिद अंसारी और चौथा स्थान शबनम चाहत को मिला वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों के बीच हिंदी में महीनों के नाम, हिंदी में गिनती

लिखना, अनेक शब्दों के एक शब्द, संधि विच्छेद, विलोम शब्द इत्यादि जैसे विषय वस्तु से बच्चों से सवाल पूछे गए जिसमें पूजा कुमारी, प्रियांशी कुमारी, प्रेरणा कुमारी, युवराज साहु, मेघा रानी यादव अलग अलग प्रश्नोत्तरी में विजेता रहीं। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल की ओर से पुरष्कृत किया गया। इस अवसर पर हिंदी शिक्षिका गायत्री देवी, और सविता गुप्ता ने बच्चों को बतलाया कि हिंदी भाषा ही है जो देश के विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोती है। देश को एक रखने में हिंदी का बहुत बड़ा योगदान है। 14 सितंबर का दिन इसी हिंदी को समर्पित है। हिंदी के महत्व के मद्देनजर हर वर्ष 14 सितंबर के दिन देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है। आजादी मिलने के बाद 14 सितबंर 1949 को संविधान सभा में एक मत से हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था। इस निर्णय के बाद हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। 14 सितंबर 1953 को पहली बार देश में हिंदी दिवस मनाया गया। तब से हर साल पूरे देश में हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि मातृभाषा की उन्नति बिना किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में हिंदी लिखने बोलने और सीखने की जिज्ञासा बढ़ती है और अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी शिक्षिका सविता कुमारी, गायत्री देवी, सावित्री देवी, तारा देवी, अनिता कुमारी, आरती कुमारी, अंजू पाण्डे का अहम योगदान रहा।

तुको में विद्यालय का ताला तोड़कर बर्तन व गैस सिलेंडर की हुई चोरी

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको गांव स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में बुधवार की रात स्कूल का ताला तोड़कर चोरों ने रसोईघर से हजारों रुपये मूल्य की सामानों की चोरी कर ली।स्कूल खोलने पहुंचे शिक्षकों को सुबह में इस घटना की जानकारी हुई। वही प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधीर राजेश खेस ने बताया कि संयोजिका रेखा देवी के नाम से लिखित आवदेन बेड़ो थाना पुलिस को दी गई।वही घटना की सूचना पर एएसआई अक्षय सिंह पहुंचे और घटना की जानकारी ली। चोरों ने गाड़ी लगाकर स्कूल के अंदर रखे ग्यारह डेग,तीन गैस सिलेंडर समान सहित हजारों रुपये मूल्य का अन्य सामान चोरी कर लिया गया। इधर रसोईघर से बर्तनों की चोरी हो जाने से गुरुवार को स्कूल में एमडीएम का भोजन टेंट हाउस से बर्तन लाकर बनाया गया।

विधायक ने कई विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर पुस्तकालय भवन की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक ने कहा कि पुस्तकालय भवन के निर्माण हो जाने से स्कूली बच्चों को स्कूल नॉलेज से साथ साथ बाहरी ज्ञान प्राप्त करने के लिए, अच्छी अच्छी किताबें पढ़ने का उन्हें मौका मिलेगा। जिससे ये बच्चे अपने ज्ञान का विस्तार कर पायेंगे। मौके पर विधायक ने स्कूल के प्रधानाध्यापक को स्कूल सम्बन्धित विषय को लेकर कुछ दिशा निर्देश दिये और उस पर जल्द सुधार करने को कहा। इसके पश्चात विधायक ने प्रखंड के करकरी पंचायत के खड़देवरी नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाली पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जहां विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि इस पुल के बन जाने से यहां के ग्रामीणों व किसानों को आवागमन की बहुत ज्यादा सुविधा मिलेगी।

पांच राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आज,

साइबर, नक्सल जैसे मुद्दों पर बनेगी रणनीति

नवीन मेल संवाददाता। रांची
देश के पांच राज्यों की पुलिस एक साथ शुक्रवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में साइबर अपराध से लेकर नक्सली अभियान व खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम शेयरिंग को लेकर रणनीति बनाएगी। राज्य पुलिस मुख्यालय में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी (ईआरपीसीसी) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में आईबी के ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी के साथ साथ बिहार, बंगाल, ओड़िसा व छतीसगढ़ के आला पुलिस पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता राज्य पुलिस के डीजीपी अजय कुमार सिंह करेंगे।
झारखंड समेत ईआरपीसीसी के पांच सदस्य राज्यों की पुलिस

राज्यों में नक्सल गतिविधियों व उससे जुड़ी कार्रवाई को लेकर साझा रणनीति बनाई जाएगी। वहीं सीमावर्ती इलाकों में जहां एक राज्य की सीमा दूसरे राज्य से सटी हुई है

संगठन में प्रत्येक राज्य में नोडल अफसर बनाए जाएंगे। शुक्रवार की बैठक में यह नाम तय होंगे। नोडल अफसर की जिम्मेदारी खुफिया सूचनाओं की रियल टाइम बेसिस पर शेयरिंग की होगी। राज्यों में नक्सल गतिविधियों व उससे जुड़ी कार्रवाई को लेकर साझा रणनीति बनाई जाएगी। वहीं सीमावर्ती इलाकों में जहां एक राज्य की सीमा दूसरे राज्य से सटी हुई है, वहां नारकोटिक्स कारोबार, स्मगलीन, अवैध शराब के रास्तों को चिन्हित करने पर भी फैसला लिया जाएगा। इसी तरह चमरपंथी या आतंकी समूहों के बारे में एक दूसरे से सूचनाओं का आदान प्रदान किया जाएगा। राज्यों के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए जिला से लेकर राज्य स्तर पर समन्वय समिति गठित की जाएगी। साथ ही साइबर अपराध व संगठित अपराधों को रोकने की दिशा में एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर साझा अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में दूसरे राज्यों के आईजी स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। जबकि दूसरे राज्यों के डीजीपी वीडियो कांफ्रेंसिंग पर जुड़ेंगे।

अभियान बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता शिविर का आयोजन

बच्चों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। मांडर
मांडर के प्रखंड सभागार में सिंदुवार टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय रांची, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली एवं जिला विधिक सेवा प्रधिकार रांची के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय बाल विवाह के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, पंचायत सेवकों आदि को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण का मुद्दा काफी ज्वलन्त है। बच्चों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आप सभी लोग बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण की घटनाओं की जानकारी हमें दे मैं उसपर त्वरित कार्रवाई

करूंगा। संस्था के सचिव राजेन कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करना है ताकि प्रत्येक होने वाले बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण को रोका जा सके। प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुजाता कुमारी, अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो, महिला पर्यवेक्षिका तथा पंचायत सचिव को बाल प्रतिषेध पदाधिकारी बनाया गया है। जिनकी जिम्मेदारी बाल विवाह को रोकना है। एसजीभी भी संस्था के जिला कार्यक्रम समन्यवक अरबिंद कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध कड़े कानून बनाये गए है जैसे बाल विवाह में भाग लेने, विवाह करने में सहयोग करना, पंडित, पूजारी, मौलवी, टेंट, बैंड बाजा, हलवाई भी सजा के हकदार होंगे। इसके लिए पुरुषों को एक लाख का जुर्मार्ना, 2 वर्ष की सजा तथा महिलाओं को दो लाख का जुर्माना होगा किन्तु जेल नही होगा। मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने कहा कि बाल विवाह को शून्य करने के कानून के बारे में भी विस्तार से बतलाया तथा बाल विवाह से जन्मे बच्चे के कानूनी अधिकार की जानकारी दिया। पोक्सो कानून एवं सजा के बारे में विस्तार से बतलाया गया साथ ही कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल तस्करी के कारण एवं इसके लिए जिम्मेदार लोगों के बारे में विस्तार से बतलाया गया। उप प्रमुख अमानत अंसारी ने बाल विवाह, बाल मजदूरी बाल यौन शोषण की गतिविधियों से बच्चों का कैसे बचाव करे उसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कई सुझाव बताये। डालसा रांची के विरेन्द्र प्रताप ने बताया कि बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी एव यौन शोषण के कानूनी प्रावधानों को विस्तार से सभी को जानकारी प्राप्त करने की आवश्यकता है और अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करने की जरूरत है। हर जागरुक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि इस अभियान को आगे बढ़ायें। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुजाता कुमारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरसिला केरकेट्टा, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, पंचायती राज पदाधिकारी सीता राम साहू,बीसीओ मोती लाल,पीएलभी सुमन ठाकुर, विवेक कुमार, मुखिया लक्ष्मण भगत, मुखिया संतोष कुजूर सहित अन्य मौजूद थे।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 26/2023-24

दिनांक 13/09/2023

मद का नाम :- जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग।

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	बरही	पंचायत खोड़ाहार में आर0ई0ओ0 रोड़ कुण्डवा से जानकी यादव के घर तक पथ निर्माण।	8553700.00	10000.00	172000.00	नौ माह
2	चौपारण	भूषणडीह में ढाब तक पथ निर्माण।	37722400.00	10000.00	755000.00	एक वर्ष
3	चौपारण	ठुठी आहर से मानगढ़ तक पथ निर्माण।	17142900.00	10000.00	343000.00	एक वर्ष
4	चौपारण	आर0ई0ओ0 रोड़ बरहमौरिया से सिधुचक तक पथ निर्माण।	10906900.00	10000.00	219000.00	नौ माह
5	बरही	पंचायत कोल्हुआ कला में आर0ई0ओ0 रोड़ करगईयो से कण्डाघोघर तक पथ निर्माण।	14517400.00	10000.00	291000.00	नौ माह
6	चुरचू	पंचायत चुरचू के ग्राम खुरण्डी झरना के बीच झरना नदी में पुल निर्माण।	11435400.00	10000.00	229000.00	नौ माह
7	चौपारण	आर0ई0ओ0 रोड नवाडीहा से आर0ई0ओ0 रोड़ कोयली खुर्द तक पथ का निर्माण।	5074000.00	10000.00	102000.00	नौ माह
8	कटकमदाग	राजकीय प्राथमिक विद्यालय, तिलैया का उन्नयन कार्य।	6362700.00	10000.00	128000.00	नौ माह
9	कटकमसाण्डी	ग्राम नवादा में नव प्राथमिक विद्यालय, नवादा का चाहरदिवारी एवं अन्य विविध कार्य।	8154100.00	10000.00	164000.00	नौ माह
10	बरही	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरिला का चाहरदिवारी एवं अन्य विविध कार्य।	7875200.00	10000.00	158000.00	नौ माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 26.09.2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 27.09.23 से 05.10.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 06.10.2023 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.10.2023 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिशद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 306940 District(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची
(Email ID - eedwsd.ranchiwest@gmail.com)

अति अल्पकालीन निविदा सं० -24/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि :- 20.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय :- 21.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :- 22.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमंडल राँची पश्चिम, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम राँची।
8. कार्य का विवरणी :-

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Replacement of burnt electrical panel and its wiring works and painting back side wall which are damaged of D.D.O. building	826860.00	16600.00	1250.00	40 दिन
2	Painting of 1st Floor office area and its allied works of Divisional Office.	1008624.00	20200.00	2500.00	01 माह
3	Renovation of Toilet and painting of ground floor office area and its allied works of Divisional Office.	1038502.00	20800.00	2500.00	01 माह
4	Seepage repair of roof and replacement of bathroom fitting with W/S, S/I and sewerage work and shifting of old and damaged vehicles of divisional store campus and its allied works in the campus of C.D.O. Building area.	1083771.00	21700.00	2500.00	02 माह

नोटः निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र http://dwsd.jharkhand.gov.in से **download** किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.306993 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

NEWS इन ब्रीफ

खूंटी में अमृत वाटिका के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिट्टी संग्रह

रांची। भाजपा खूंटी नगर मण्डल के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर क्षेत्र के जमुवादाग में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पवित्र मिट्टी का संग्रह किया गया। जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि देश के प्रत्येक महानगर व गांव से एकत्रित पवित्र मिट्टी से वीर सपूतों के याद में दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिला महामंत्री बिनोद नाग ने कहा कि सभी पंचायतों में घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी संग्रह कर जिला कार्यालय भेजा जाएगा। नगर अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि पवित्र कार्य में सभी देशवासियों की भागीदारी हो, इसी निमित्त दिल्ली में बनने वाली अमृत वाटिका के लिए हम आपके पास मिट्टी संग्रह करने आए हैं। कार्यक्रम के बाद घर-घर सम्पर्क कर 22 सितम्बर को खूंटी में होने वाले कार्यक्रम संकल्प यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के भव्य स्वागत के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर प्रशांत कुमार, अनंत कुमार, राम रामचरण गोप, सीमा देवी, खेमंती देवी, उषा देवी, पंचू गोप सहित अन्य मौजूद थे।

हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी : एसके मिश्रा

रांची। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में हिंदी की महान विभूतियों एवं पुरोधाओं को याद करते हुए हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने उपस्थित शिक्षकों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि हमें हिंदी भाषा को और समृद्ध व सशक्त बनाने के लिए भगीरथ प्रयास करना चाहिए। जिस तरह मां के बिना घर,परिवार और उस घर के बच्चे अधूरे हैं, उसी तरह हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी है। इस अधूरेपन को दूर करने के लिए हमें हिंदी में जीना होगा और वह भी दिखावे के लिए नहीं, बल्कि उसे दिल से जोड़ना होगा, तभी हिंदी दिवस मनाने का औचित्य पूर्ण होगा। हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जानेवाली भाषा है। इसमें सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में करियर की बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

डीएवी आनंद स्वामी हेहल में शुरू हुआ हिंदी पखवाड़ा

रांची। हिंदी दिवस के अवसर पर डीएवी आनंद स्वामी, हेहल में हिंदी पखवाड़ा शुरू हुआ। इस अवसर पर हिंदी से संबंधित क्रियाकलाप कराये गए। जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाया और हिंदी में स्लोगन लिखा। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी ने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के महत्त्व पर चर्चा की। कहा कि हिंदी ना सिर्फ हमारी भाषा है, बल्कि ये हमारी पहचान है। हम नमन करते हैं हिंदी के सभी विभूतियों को, जिन्होंने हिंदी भाषा को पुष्पित- पल्लवित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक झ शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया उद्घाटन, कहा

अंग्रेजी भाषा पर निर्भर रहना हिन्दी के भविष्य के लिए सही नहीं

नवीन मेल संवाददाता। रांची
गुरुवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी दिवस समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह का विधिवत उद्घाटन मनोज जायसवाल, भाप्रासे, आयुक्त, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल, रांची द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, परियोजना निदेशक, जुडको, रांची, प्रशासक, नगर निगम, रांची कवि एवं साहित्यकार सहित अन्य अतिथिगण शामिल हुए। समारोह के उद्घाटन उपरान्त निरंजन कुमार उप निदेशक, राजभाषा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची द्वारा स्वागत सम्बोधन कर अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त, रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने हिंदी भाषा के महत्व को लेकर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी भाषा एक मात्र ऐसी भाषा जिसमें सभी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त शब्द और स्वर व्यंजन की उपस्थिति है। उप विकास आयुक्त ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के मिलेजुले प्रयोग ने हम सभी के जीवन पर प्रभाव डाला है। जिसके कारण हम आज भी स्वतंत्र रूप से हिंदी को अपना नहीं सके हैं। अंग्रेजी और हिंदी भाषा दोनों का अपना विशेष महत्त्व है लेकिन अंग्रेजी भाषा पर अधिक निर्भर रहना हिन्दी भाषा के भविष्य के लिए सही नहीं हैं। आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय मनोज जायसवाल (भा.प्र.से) ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी भाषा के विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि एक समय था जब लोगों को हिंदी भाषी होने के कारण रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं होते थे, लेकिन वर्तमान में हिंदी भाषा को अपनी अलग पहचान मिल रही है। अब न केवल विभिन्न संस्थानों में हिंदी भाषा में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है, बल्कि लोगों को हिंदी भाषा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार भी प्राप्त हो रहे हैं। समारोह में उपस्थित कवि एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं एवं कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा के विषेशताओं पर प्रकाश डाला। हास्य कवियों द्वारा अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों को मनोरंजन किया गया। कवि सम्मलेन में डॉ. राजश्री जयन्ती डॉ. सुरिन्दर शालिनी नायक, नरेश कुमार बंका, सरोज झा, झारखण्डी, चन्द्रिका ठाकुर देशदीप, चन्दन प्रजापति, डॉ. राजश्री जयन्ती ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

पूजा सिंघल के खिलाफ जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

रांची। मनरेगा घोटाला से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। खूंटी की तत्कालीन डीसी व निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर अदालत ने मेंटेनेबिलिटी पर बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दाखिल की है। झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हाइब्रिड मोड में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन और उनके सहयोगी अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पैरवी की। हाईकोर्ट ने दोनों तरफ की दलीलों को सुनते हुए मेंटेनेबिलिटी के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की।

उपायुक्त की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की हुई समीक्षा बैठक

सभी योजनाओं को तय समय पर पूरा करने का दिया दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उपायुक्त ने प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए, संबंधित अधिकारी से जानकारी मांगी। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि एस.सी.एस.टी.बी.सी में बहुत कम आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त हुए है। जिसपर उपायुक्त राँची ने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यपकों से संपर्क कर योग्य छात्र-छात्राओं जल्द से जल्द आवेदन भरवाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें छात्रवृत्ति भुगतान की कार्रवाई की जा सकें। उपायुक्त ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (2022-23) की समीक्षा करते हुए, संबंधित अधिकारी से जानकारी मांगी। जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि अभी वर्तमान में ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। जिसमें संबंधित संस्थानों द्वारा आवेदन की जाँच कर स्वीकृति दी जा रही है एवं संस्थानों द्वारा प्राप्त आवेदन की जाँच एवं सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। जिसपर उपायुक्त राँची ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की संस्थानों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को अच्छी तरह जाँच कर सत्यापन किया जाए ताकि सभी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान हो सकें। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना में बेरोजगार अनुसूचित जन/जाति युवक, युवतीयों को जो गरीबी रेखा से नीचे आते हैं। उन्हें बकरा, बैकयार्ड लेयर, कुकुट, बत्तख-चूजा वितरण, बॉयलर कुकुट पालन, सुकर विकास योजना से जोड़ने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पशु शेड और अन्य सभी योजनाओं पर तेजी लाते हुए इसे इस वर्ष तक पूरा कराने को कहा गया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान) की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जानकारी मांगी की जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल रहा हैं ना, उन्हें किसी प्रकार की समस्या तो नही हो रही हैं। इसकी जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इससे संबंधित आवेदन लेते हुए इसपर जल्द से जल्द इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

बच्ची के साथ दुराचार करने वाले के लिए क्यों सुरक्षा मांग रहे हैं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

झामुमो ने बाबूलाल मरांडी से पूछा सवाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य और केंद्र सरकार से अपने राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी की सुरक्षा की मांग की है। अब इसी मुद्दे को केंद्र में रखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा बाबूलाल मरांडी पर निशाना साध रही है। गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने पूछा कि आखिर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष उस सुनील तिवारी की सुरक्षा की मांग क्यों कर रहे हैं, जो अपने घर पर एक बाल श्रमिक बच्ची के यौनाचार का आरोपी है और जेल से बेल पर छूटा है। सुनील तिवारी से अपने रिश्ते को सार्वजनिक करें बाबूलालः झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि सुनील तिवारी की सुरक्षा को लेकर बाबूलाल मरांडी काफी चिंतित हैं तो उन्हें यह बताना चाहिए कि सुनील तिवारी को खतरा किससे है। तंज भरे लहजे में सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि उन्हें यह जानकार हैरत हुई कि जिस व्यक्ति की सुरक्षा के लिए बाबूलाल मरांडी केंद्र और राज्य की सरकार को पांच-पांच पन्ने का पत्र लिख रहे हैं, वह एक बालिका के यौनाचार का आरोपी है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि अब बाबूलाल मरांडी का यही काम बच गया है। 'कोई वीरता और झारखंड आंदोलन में जेल नहीं गए थे सुनील तिवारी': झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि 2021 में सुनील तिवारी कोई आंदोलनकारी एक्टिविटी या समाज के मुद्दे पर जेल नहीं गए थे, बल्कि एक बच्ची जो उनके आवास पर बाल श्रमिक के रूप में काम करती थी, उसके साथ यौनाचार का उनपर गंभीर आरोप है। सुप्रियो भट्टाचार्या ने आरोप लगाया कि दरअसल, सुनील तिवारी के भाजपा के नेताओं के साथ व्यवसायिक रिश्ते भी हैं। नुक्कड़-नुक्कड़ घूम-घूम कर भ्रष्टाचार की बात कह रहे व्यक्ति के लिए यह शोभा नहीं देता कि वह ऐसे लोगों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेल गए आदमी जो अभी बेल पर है, उसकी इतनी फिक्र बाबूलाल को क्यों है? सुनील तिवारी से इतनी ही घनिष्ठता है तो उन्हें धरना दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कुकर्म के आरोपी को सुरक्षा देकर सरकार अन्य बहु बेटियों की इज्जत आबरू पर खतरा पैदा होने नहीं देगी।

रांची में मिले चिकनगुनिया के 157 संदिग्ध मरीज

6 में चिकनगुनिया की हुई पुष्टि, डेंगू के भी 5 मरीज मिले

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक, गुरुवार को राज्य भर में डेंगू के 185 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 183 मरीजों ने डेंगू की जांच करवायी। इनमें आईजीएम मैक एलाइजा टेस्ट से 15 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। जबकि एनएस1 एंटीजेन टेस्ट में 9 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। सरायकेला खरसावां में डेंगू के 52 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी ने जांच करायी। एक मरीज में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं हजारीबाग में 35 संदिग्ध मरीज मिले। जांच में तीन में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि राजधानी रांची में डेंगू के 30 संदिग्ध मरीज मिले। जांच में इनमें से 5 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में डेंगू के 28 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच में 6 में डेंगू की पुष्टि हुई है। कोडरमा में डेंगू के 18 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी ने जांच करायी। जिसमें 4 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं देवघर में डेंगू के 8 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 6 मरीजों ने जांच करायी है। फिलहाल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं रामगढ़ में डेंगू के 5 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी ने अपनी जांच करायी। सभी मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि पूर्वी सिंहभूम में 4, पलामू में 2 और गढ़वा में 3 डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं। वहीं झारखंड में चिकनगुनिया के 157 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें से 78 मरीज ने अपना ब्लड सैंपल जांच के लिए दिया। इनमें 6 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। सभी चिकनगुनिया के पीड़ित मरीज राजधानी रांची के हैं।

राजभवन के समक्ष धरना, केंद्र पर एचईसी को कमजोर करने का आरोप

रांची। कभी देश के नौ रत्नों में शुमार रांची का हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन आज बीमार हालत में है। पूंजी के अभाव में यह अपने असाइनमेंट को पूरा नहीं कर पा रहा है तो 18 महीनों से यहां के कर्मचारियों, मजदूरों और अधिकारियों को वेतन नहीं मिला है। ऐसे में एचईसी कर्मचारियों के विभिन्न संघ पहले से ही धरना प्रदर्शन करते रहे हैं। इसी कड़ी में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों ने एचईसी को बचाने की लड़ाई को अपने हाथों में ले लिया है। इसे भी पढ़ें- ल्एउ को बचाने के लिए रांची से लेकर दिल्ली तक आंदोलन करेंगे। इंडिया गठबंधन के दल, कर्मचारी भी देंगे साथदेश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित की गई रांची के एचईसी को बचाने के लिए गुरुवार को इंडिया गठबंधन दलों के नेताओं ने राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया और आगे जोरदार आंदोलन की घोषणा की। वहीं एचईसी के कर्मियों ने हरमू से राजभवन तक आक्रोश मार्च निकाला, जिसमें इंडिया गठबंधन दलों के कई नेता भी शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी का हर कर्मचारी और अधिकारी काम करना चाहता है। देश के विकास में अपना योगदान देना चाहता है लेकिन एचईसी केंद्र की साजिश का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि एचईसी के पास इतनी पूंजी नहीं है कि वह अपने पूर्व में लिए गये वर्क ऑर्डर को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि जानबूझकर एचईसी में फुल टाइम निदेशक नहीं रखा जा रहा है और प्रभारी निदेशक की नियुक्ति कर एचईसी को बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 महीने से एचईसी कर्मियों को वेतन नहीं मिला है ऐसे में उनका दर्द समझा जा सकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एचईसी की नहीं है बल्कि उन सभी सार्वजनिक संस्थानों को बचाने की है जिसे केंद्र सरकार बंद करने पर तुली है। एचईसी कर्मचारियों के साथ झामुमोः का ठ। ऊा का अ गठबंधन दलों के धरना में शामिल हुए झामुमो नेता मुस्ताक अंसारी ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जब 18 महीने से सैलरी नहीं मिले तो यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि गृहस्थी कैसे चलती होगी। उन्होंने कहा कि इंडिया दलों के साथियों के साथ मिलकर अब झामुमो निर्णायक रूप से एचईसी को बचाने की लड़ाई लड़ेगा।

जिला स्तरीय मीडिया सहभागिता कार्यशाला आयोजित

रांची। लीड्स संस्था के तत्वावधान में खूंटी जिले में यूरोपियन यूनियन के सहयोग से चल रही परियोजना रूरल एक्सेस टू क्लीन एनर्जी (रेस) के तहत मुरहू प्रखंड के लीड्स रिसोर्स सेंटर पेरका में गुरुवार को जिला स्तरीय मीडिया सहभागिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लीड्स के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर महेन्द्र कुमार ने रेस परियोजना द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों और परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बताया गया कि संस्था द्वारा पिछले चार वर्षों से स्वच्छ ऊर्जा सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें ग्राम स्वच्छ ऊर्जा समिति का गठन और बैठक, घर में खाना बनाने के लिए धुआं रहित चूल्हे का निर्माण और उपयोग, युवाओं का कौशल प्रशिक्षण तथा उन्हें रोजगार से जोड़ना, ग्राम स्तर पर उपलब्ध स्वच्छ ऊर्जा आधारित संसाधनों के रख रखाव, नये उपकरण के लिए समुदाय से आवेदन जेनरेट करना आदि क्षेत्र में काम किये जा रहे हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा तक ग्रामीणों की पहुंच में मीडिया की अहम भूमिका है। इसके लिए मीडिया कर्मियों से परियोजना को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बाद में स्किल प्रशिक्षण के प्रतिभागियों से मिलकर जानकारी ली गई और एलईडी बल्ब एसेंबलिंग यूनिट का विजिट कराया गया।

हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की स्कूलों को हर माह करनी होगी समीक्षा

रांची। बच्चों की जीवनशैली में स्वास्थ्य का महत्व बताने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के संचालन के लिए सरकारी स्कूलों को अब गंभीर होना होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेईपीसी) ने जिलों के डीसी व डीडीसी को पत्र लिखकर योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना निदेशक ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण में पाया गया कि कई स्कूलों में कार्यक्रम का संचालन सही से नहीं हो रहा। प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिए मासिक समीक्षा की जाए। जिला स्तर पर डीसी व प्रखंड स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी को मॉनटिंग करना है।
मालूम हो कि कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों में हर मंगलवार व शनिवार को वेलनेस-डे मनाना है। इसमें बच्चों को विभिन्न विषयों पर गतिविधियां कराई जाती हैं। जेसीईआरटी और सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंच (सी थ्री) के सहयोग से वैसे स्कूल जहां, छठी से ऊपर की पढ़ाई होती है, वहां इसे संचालित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक स्कूल के दो शिक्षकों को आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। केंद्र ने 11 विषयों को वेलनेस-डे में शामिल किया है। इसमें झारखंड शिक्षा विभाग द्वारा पांच और विषयों को शामिल किया गया है। मूल 11 विषयों में स्वस्थ बढ़ना, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, अंतर्व्यक्ति संबंध, मूल्य-नागरिकता, लैंगिक समानता, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मादक पदार्थों के दुरुपयोग के रोकथाम, स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन, स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा एवं चोटों के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करना शामिल है। इनके अलावा झारखंड में पांच विषयों में सड़क सुरक्षा, बाल विवाह-एक सामाजिक बुराई, दहेज प्रथा, मानव तस्करी और सामाजिक भावात्मक कौशल को शामिल किया गया है।

झारखंड हाईकोर्ट ने जनहित याचिकाकर्ता अरुण दुबे पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने अरुण कुमार दुबे पर 25,000 हजार का जुर्माना लगाया है। अदालत ने जुर्माने की राशि झालसा के कोष में जमा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि गलत मंशा से जनहित याचिका दाखिल की गई है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की कोर्ट में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। दरअसल, रिम्स में एडमिशन में धांधली का आरोप लगाते हुए अरुण दुबे ने जनहित याचिका दाखिल की थी।

कार्यक्रम | हिंदी दिवस पर कार्यशाला सह गोष्ठी का हुआ आयोजन

हमें राजभाषा हिंदी के विकास को ध्यान में रखना चाहिए : एडीजी

पीआईबी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने राजभाषा होने के चलते तथा 'क' क्षेत्र में कार्यालय होने से हिंदी के दैनिक रूप में प्रयोग के बारे में सभी को बताया

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची ने गुरुवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला और गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अपर महानिदेशक पीआईबी - सीबीसी, रांची अखिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथि वक्ताओं के रूप में आलोक कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, महालेखाकार कार्यालय, रांची, अब्दुल हामिद , संयुक्त निदेशक पीआईबी रांची तथा क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज), रांची भी मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, तदोपरांत सभी का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। इस गोष्ठी में दोनों विभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अखिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में हिंदी की सरलता और सुगमता को दर्शाया जिसके चलते यह देश की राजभाषा बन पाई और इसके बोलने और समझनेवाले लगभग देश के हर हिस्से में मिल जाएंगे। उन्होंने सभी को अनुशासन और प्रतिबद्धता से हिंदी के विकास को ध्यान में रखने की सलाह दी। महालेखाकार विभाग से आए आलोक कुमार ने टिप्पण लेखन, इसके इतिहास एवं नए प्रारूपों पर मौजूद लोगों के साथ विस्तृत चर्चा की, और कैसे इसे और बेहतर और स्पष्ट बनाया जाए इस पर सभी को जरूरी नियमों से विस्तार में अवगत कराया। पीआईबी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने राजभाषा होने के चलते तथा 'क' क्षेत्र में कार्यालय होने से हिंदी के दैनिक रूप में प्रयोग के बारे में सभी को बताया। वहीं सेवानिवृत्त पूर्व भारतीय सूचना देवा के अधिकारी क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज), रांची ने नए युवाओं में हिंदी के प्रयोग खासकर लेखनी में कमतर होने पर चिंता जताई। उन्होंने अन्य देशों के नागरिकों का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे हमें उन्हीं की तरह अपनी भाषा को हर संभव जगह पर प्रयोग करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना चाहिए। आज के हिंदी दिवस पर हुए कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान की महती भूमिका रही। वहीं आज के कार्यक्रम में विषय प्रवेश क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने भी महती भूमिका निभाई, मंच संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान द्वारा किया गया।

29 को खूंटी, चतरा, पलामू और दुमका से निकलेगी शौर्य जागरण यात्रा रथ

नवीन मेल संवाददाता। रांची
विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल झारखंड में 29 सितम्बर से शौर्य जागरण यात्रा रथ निकालेगा। यह यात्रा आठ अक्टूबर को रांची के श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा में धर्मसभा के रूप में संपन्न होगी। सभा में संतों एवं अखिल भारतीय अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।
यह बातें विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष और रांची के धर्मसभा कार्यक्रम के संयोजक चंद्रकांत रायपत ने रांची स्थित प्रांत कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। रायपत ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को देश धर्म के लिए अधर्मियों से युद्ध करने की प्रेरणा देने के लिए ही श्रीमद्भागवत गीता सुनाई थी। आज देश के समक्ष पुनः महाभारत काल के समय जैसे ही परिस्थितियां हमें चुनौती दे रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और धर्म विरोधी शक्तियां संगठित होकर भारत में आतंकवाद, अलगाववाद, जेहाद, घुसपैठ, धर्मांतरण, गौहत्या, जनसंख्या असंतुलन, धार्मिक स्थलों पर कई राज्य सरकारों की हस्तक्षेप जैसे अनेक प्रकार के कुचक्रों से हिंदू समाज पर आक्रमण कर हिंदू समाज और देश को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा हमें विश्वास है गीता के संदेश को जीवन में धारण कर हर हिंदू युवा इस धर्म युद्ध में भी अधर्मियों को पराजित करेगा। प्रांत मंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु ने कहा कि 28 सितम्बर को झारखंड प्रांत के चार स्थानों खूंटी, चतरा, पलामू और दुमका से शौर्य जागरण यात्रा रथ निकाली जायेगी। इस दौरान भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम दरबार की पूजा-अर्चना के साथ महाआरती होगी। इन चारों स्थान से 29 सितम्बर को प्रातः 7:30 आरती के बाद शौर्य जागरण यात्रा के रूप में रथ आगे बढ़ेगी। यात्रा के दौरान अनेकों स्थानों पर छोटी-छोटी सभाएं होगी। यात्रा का संचालन प्रांत यात्रा संयोजक रंगनाथ महतो, प्रांत यात्रा प्रमुख दीपक ठाकुर और प्रांत यात्रा सहप्रमुख संजय चौबे एवं मनोज वर्णवाल करेंगे। इस मौके पर प्रान्त सहमंत्री रंगनाथ महतो, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख व धर्मसभा आयोजन के सह संयोजक मिथिलेश्वर मिश्र, रांची विभाग प्रचार-प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद उपस्थित थे।

डीवीसी मैथन में हिंदी दिवस के साथ हिंदी पखवाड़ा की शुरूआत

हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता का आधार है : एम रघुराम

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। डीवीसी मैथन परियोजना के प्रशासनिक भवन में गुरुवार 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया. इसके साथ ही हिंदी पखवाड़ा की शुरूआत की गई. कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक परियोजना प्रमुख सह वरीय महाप्रबंधक संतोष महापात्रा ने किया. कार्यक्रम में संतोष महापात्रा ने डीवीसी के चेयरमैन एम.रघुराम द्वारा भेजे गए संदेश को पढ़ा. अपने संदेश में एम. रघुराम ने कहा कि हिन्दी पूरे भारतवर्ष को एकसूत्र में पिरोने वाली भाषा है. यह हमारी राष्ट्रीय एकता का आधार है. कहा कि हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है, जो अपनी एकरूपता और उत्कृष्टता से हमारे मनोभावों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में सक्षम है. ज्ञान और विज्ञान का निरंतर प्रसार अब इस भाषा के माध्यम से हो रहा है और यह दुनिया के कोने-कोने तक पहुंच रही है. उन्होंने कहा कि डीवीसी हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है. कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक अनूप पुरकायस्थ ने परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे का संदेश पढ़ा. अंजनी दुबे ने अपने संदेश में कहा है कि देश की राजभाषा जितनी मजबूत होगी, देश की संस्कृति भी उतनी सशक्त होगी. हिंदी एक ऐसी भाषा है जो पूरब से पश्चिम और उतर से दक्षिण तक हमारे सम्पूर्ण राष्ट्र में बोली और समझी जाती है. समारोह में महाप्रबंधक (टीएससी) रामस्नेह शर्मा, वरीय प्रबंधक नागसुधा, संजीव कुमार, प्रणवेश, परविंद कुमार, श्यामली कुमारी सहित दर्जनों पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.

धनबादः डीएवी बनियाहीर में हिन्दी दिवस पर निकाली गई जागरुकता रैली

धनबाद। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड लोदना क्षेत्र-10 के मार्गदर्शन में डीएवी बनियाहीर के छात्रों ने भव्य रैली निकाली. इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एस. मोदक, बीसीसीएल लोदना के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक दिलीप कुमार भगत, प्रबंधकीय प्रशिक्षु सौरभ कुमार सिंह, क्रीडा पर्यवेक्षक बी एच खानव कार्यालय लिपिक राकेश कुमार, किशोर महतो, विश्वनाथ धीवर आदि मौजूद थे. इस अवसर पर दिलीप कुमार भगत ने हिंदी की प्रासंगिकता पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि विश्व के अधिकतर विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है. रोजगार के क्षेत्र में भी हिन्दी का महत्व बढ़ रहा है. हमें हिन्दी के प्रयोग के लिए आग्रहशील होना चाहिए व लोगों को भी जागरूक करना चाहिए. बीसीसीएल लोदना द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक अरविन्द कुमार उपाध्याय, राकेश धर, अंकिता तिवारी, व रमन राय, सोमा बनर्जी आदि मौजूद थे.

राजकमल सविमं में मनाया गया हिन्दी दिवस

धनबाद। राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में 14 सितंबर गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया. समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि हिन्दी विचार संप्रेषण का सबसे सरल माध्यम है. यह मात्र भाषा नहीं, बल्कि एक संस्कृति भी है. हिन्दी मातृभाषा तो है ही, घर-घर बोली जानेवाली भी है. समारोह में उप प्राचार्या उमा मिश्रा एवं मनोज कुमार उपस्थित थे. मंच संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष संत कुमार श्रीवास्तव ने किया. मौके पर हिंदी विभाग की रेनू सिंह, सीमा सिंह, मधु सिंह, रौली सक्सेना, आशा प्रसाद, ज्योति बाला, अर्चना कुमारी, किशोर मिश्रा, आरती दफ्तरी,पूजा कुमारी आदि मौजूद थे.

दिल्ली पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

बोकारो। दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में 14 सितंबर गुरुवार को हिन्दी दिवस मनाया गया. विद्यार्थियों को राजभाषा के प्रति स्नेह व रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया. प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहा कि हिन्दी विश्व की समृद्धतम भाषाओं में है. हिन्दी सिर्फ भाषा ही नहीं, अपितु एक भावना है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारतवासियों को एकसूत्र में पिरोती है. हमें हिन्दी भाषी होने पर गर्व होना चाहिए. यह हिन्दुस्तान की सभ्यता-संस्कृति व गौरवशाली परंपरा की पहचान रही है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हिन्दी का शब्दकोष इतना धनी है कि एक ही चीज के लिए परिस्थितियों के अनुसार अनेक शब्दों का इसमें भंडार है. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी मातृभाषा को महत्व दिया गया है. इसका संरक्षण और संवर्द्धन भारतवासियों का दायित्व है. उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ सदाचारी बनने की प्रेरणा दी. समारोह का संचालन छात्रा आकांक्षा ने किया. कार्यक्रम में स्कूल के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

जमशेदपुर : शेन इंटरनेशनल स्कूल में मना हिंदी दिवस

जमशेदपुर। हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है. 14 सितंबर को ही हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ था. उस के बाद से आज तक यह दिन पूरे भारत में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस अवसर पर शेन इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की शुरूआत विद्यालय की प्रातःकालीन सभा से हुई, जो पूर्णतः हिंदी में ही आयोजित की गई. इसके साथ ही विद्यार्थियों ने हिन्दी कविता वाचन, दोहे, मुहावरे संवाद , नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किये. इन आयोजनों के माध्यम से छात्रों ने हिंदी के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त की. साथ ही सभी से इस शानदार भाषा को अपने जीवन में अपनाने की अपील की. कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य (शैक्षणिक) रमा श्रीनिवास , प्राचार्य (प्रशासनिक) पुष्पा भल्ला , उप प्रधानाध्यापक केया अदक और मुख्य अध्यपिका सिमरन सग्गू उपस्थित थीं. प्रधानाचार्या ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की तथा हिंदी के महत्व से अवगत कराया. उप प्राचार्य केया अदक ने हिंदी की महता से अवगत कराते सभी बच्चों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी.

चाईबासा : महिला कॉलेज में हिंदी दिवस पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। चाईबासा महिला कॉलेज के हिंदी विभाग एवं एलुमनी संगठन की ओर से गुरुवार को हिंदी दिवस मनाया गया. सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई. प्राचार्या प्रीतिबाला सिन्हा ने हिंदी को अधिक से अधिक प्रयोग करने पर बल दिया. कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है इसपर भारतीयों को गर्व करना चाहिए. कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर की गई. हिंदी विभाग एवं एलुमनी संगठन की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता , निबंध प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता, एक्टेंमपोर प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी. डॉ अर्पित सुमन ने कविता पाठ के माध्यम से छात्रों को हिंदी की महत्ता और मन की अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का माध्यम बताया. कार्यक्रम में प्रोफेसर सुजाता किस्पोट्टा, प्रोफेसर एमके हाशमी और प्रोफेसर प्रशांत पात्रा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. डॉ सुचिता बाड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी को शुभ आशीर्वाद दिया. नूतन बोदरा एवं निशा ने मंच संचालन किया.

ऊपरघाट में सर्पदंश से महिला की मौत

बोकारो। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित डेगागढ़ा-करमटांड गांव में सर्पदंश से एक आदिवासी महिला की मौत हो गई. घटना 13 सितंबर बुधवार रात की है. गांव के सुखलाल मुर्मू की पत्नी बबीता देवी घर में सोई हुई थी. रात करीब डेढ़ बजे विषैले सांप ने उसे डंस लिया. तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. पति सुखलाल मुर्मू ने बताया कि सांप के काटने के बाद बबीता जोर से चिल्लाई. आवाज सुन कर उसकी नींद टूट गई और देखा कि करैत सांप ने बबीता की गर्दन में काट लिया है. आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दी.

डिगवाडीह में तेज बुखार से 17 वर्षीय किशोर की मौत

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद नगर निगम अंतर्गत 48 नंबर वार्ड की डुमरियाताड़ बस्ती में बुधवार 13 सितंबर को 17 वर्षीय किशोर की मौत डेंगू से हो गई. बस्ती के लोगों का कहना है कि शाम में बुधन महतो के पुत्र कृष्णा महतो को अचानक तेज बुखार आया. वह स्थानीय क्लिनिक तक भी नहीं जा सका. जमीन पर गिरा व दम तोड़ दिया. उसके बाद मां शानू व बहन अष्टमी कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है. इसके पहले शुक्रवार को पड़ोस की ही 12 बर्षीय चम्पा कुमारी की मौत भी तेज बुखार के कारण हो चुकी है. विगत तीन दिन के अंदर डेंगू से दो नाबालिग की मौत के बाद बस्ती में हड़कंप मच गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि बस्ती में कई लोगों को तेज बुखार है. इधर चासनाला स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मी मानने को तैयार ही नहीं हैं कि नाबालिगों की मौत डेंगू से हुई है. हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम बस्ती में कैम्प लगा कर 70 घरों के सभी परिवार के लोगों की ब्लड जांच में जुट गई है. जांच टीम में स्वास्थ्य विभाग मनव्वर आलम, इन्द्र कुमार सहित आधा दर्जन कर्मी शामिल हैं. स्थानीय भाजपा नेता रोहित बिद ने बताया है कि जब से बस्ती में नाली का निर्माण होने के बाद अब तक उसकी सफाई नहीं की गई है.

राजस्व कर्मी को 5 हजार घूस लेते एसीबी ने पकड़ा

धनबाद। तोपचांची अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को धनबाद की एसीबी टीम ने गुरुवार 14 सितंबर को 5 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद तोपचांची अंचल कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया. कर्मचारी अपना-अपना दफ्तर छोड़ बाहर भाग गए. मामला नेशनल हाईवे पर जमीन अधिग्रहण से संबंधित रिपोर्ट धनबाद भू-अर्जन कार्यालय को सौंपने को लेकर था. एसीबी डीएसपी जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तोपचांची प्रखंड के सिंहडीह निवासी शरद कुमार महतो की शिकायत पर राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को पांच हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया. बताया कि नेशनल हाईवे पर शरद कुमार महतो की जमीन अधिग्रहित की जा रही थी. जिसे लेकर धनबाद भू-अर्जन कार्यालय से जमीन संबंधित रिपोर्ट की मांग की गई थी. रिपोर्ट सौंपने के एवज में राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा दस हजार रुपए की मांग कर रहे थे. एसीबी की टीम गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी को धनबाद लेकर चली गई है.

धनबाद रेल मंडल के रेलकर्मियों को मिलेगा 23,502 रुपये बोनस

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। दशहरा में केंद्र सरकार की ओर से इस बार रेलकर्मियों को बोनस बड़ी सौगात के रूप में मिलेगा. पिछले साल 17,951 रुपये की बजाय इस बार 23,502 रुपये देने की योजना बनी है. केंद्र सरकार ने रेलमंत्री व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के साथ बैठक की है. शीघ्र ही प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा. अधिकारिक सूत्रों के अनुसार शीघ्र ही घोषणा होनेवाली है. पिछले चार वर्षों से रेल कर्मियों को 7000 के सिलिंग लिमिट के हिसाब से 78 दिनों का बोनस 17,951 रुपये मिलता था. एआईआरएफ की ओर से सिलिंग लिमिट बढ़ाने की मांग की गई थी. धनबाद रेल मंडल में कुल 26 हजार रेलकर्मियों के हाथ में 61 करोड़ 10 लाख 52 हजार रुपये बोनस के रूप में जानेवाले हैं. पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 5551 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है. ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके ख्वास ने कहा कि फिलहाल बोनस की घोषणा नहीं हुई है. महंगाई के हिसाब से बोनस की रकम बढ़नी चाहिए. बीसीसीएल सूत्रों के अनुसार इस बार दशहरा में कंपनी के कर्मियों को 81,000 हजार रुपये बोनस मिलने के आसार हैं. 2022 में 76,500 रुपये मिले थे.

बेंगाबाद में 11 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज

गिरिडीह। बिजली विभाग की टीम ने 14 सितंबर को बेंगाबाद क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया. इस दौरान 11 लोगों को चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़कर उनके खिलाफ केस दर्ज कराया गया. विद्युत विभाग के जेई रामसुंदर राम के आवेदन के आधार पर थाना में कांड संख्या 204/23 के तहत केस दर्ज किया गय. आरोपियों में गमतरिया के विमल यादव, नकुल यादव, भकरू मियां, जलील मियां, इस्लाम अंसारी व बबलू अंसारी, तेलोनारी के तजमुल अंसारी, सिकंदर वर्मा, सुरेंद्र टुडू, ओझाडीह के बलदेव पंडित और टिंकू राणा शामिल हैं.

सिदगोड़ा में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, पांच लाख की शराब जब्त

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बनाने वाले एक मिनी शराब फैक्ट्री का आबकारी विभाग ने भंडाफोड़ किया है. इस दौरान करीब पांच लाख की शराब बरामद की गई है. इसके साथ ही नकली शराब की बोतलें, नकली स्टिकर, कार्क ढक्कन, होलोग्राम बरामद किया गया है. यह कार्रवाई उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर की गई. गुप्त सुचना के आधार पर आबकारी विभाग ने गुरुवार को सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बाबूडीह क्षेत्र के कोंदा भट्टा में छापेमारी की. यहां विभिन्न ब्रांड का नकली विदेशी शराब बनाया जा रहा था. इस संबंध में आबकारी विभाग के निरीक्षक प्रवीण कुमार राणा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाबूडीह कोंदा भट्टा में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का संचालन हो रहा है. इसके बाद वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर टीम का गठन किया गया. टीम ने छापेमारी करते हुए उक्त शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है. कोंदा भट्टा स्थित एक मकान में इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा था.

गिरिडीहः हाथियों का उत्पात, मकान ध्वस्त

गिरिडीह। डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो उत्तरी के सरैयाटांड़ में 13 सितंबर बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने गांव के सोमार महतो का कच्चा मकान ध्वस्त कर दिया. कुछ अन्य मकानों को भी क्षति पहुंचाई. वहीं, खेतों में लगी धान,मडुआ व मकई की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया. सूचना मिलने पर गुरुवार को वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर हाथियों के उत्पात से हुए नुकसान की जानकारी ली. झुंड में कुल 22 हाथी थे. ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों ने सबसे पहले सोमार महतो के कच्चे मकान को ध्वस्त कर दिया. इसके बाद अशोक महतो के खेत में लगी धान व मकई की फसल को नष्ट कर दिया. इसी तरह झरी महतो की मकई, टेकलाल महतो की मडुआ और मकई, नरेश महतो की बादाम और मकई, केदार महतो की मकई, सुरेश महतो की मकई, मुकेश महतो की मडुआ, तेजो महतो की मकई, निरपत महतो की बादाम व मडुआ की फसल को नष्ट कर दिया.

राणी सती मंदिर में दो दिवसीय भाद्र अमावस्या महोत्सव शुरू

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के डैम रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में दो दिवसीय भाद्र अमावस्या महोत्सव गुरुवार को शुरू हो गया. दो दिवसीय महोत्सव में दादी जी का आलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, भजनों की अमृत गंगा, मावस की धोक, सवामणि एवं छप्पन भोग व महाप्रसाद का आयोजन होगा. श्री राणी सती मंडल, चांडिल की ओर से आयोजित महोत्सव के दौरान मंगल पाठ व रात्रि जागरण का कार्यक्रम होगा. भाद्र-अमावस्या महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को महिलाओं ने दादी जी को सोलह श्रृंगार के साथ नए वस्त्र दिए. मंदिर के पुरोहित ने दादीजी का श्रृंगार किया. महोत्सव के शुभ अवसर पर रात आठ बजे ज्योत प्रज्ज्वलित करने के बाद आमंत्रित कलाकार मनोज सैन व सुमित्रा बनर्जी एंड टीम द्वारा भजन प्रस्तुत करेंगे. मौके पर स्थानीय कलाकार भी भजनों की प्रस्तुति देंगे. महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह 7:30 बजे आरती की जाएगी. इसके बाद 10:30 बजे से मंगलपाठ होगा.

सजा दरबार | भादो अमावस्या महोत्सव को लेकर श्री राणी सती दादीजी जी की निकली शोभा यात्रा

कलश यात्रा में शामिल हुई 151 महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। श्री राणी सती दादीजी मंदिर झरिया में तीन दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव को लेकर गुरुवार 14 सितंबर को लक्ष्मनिया मोड़ चौक से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में दादी जी का दरबार रथ पर सजाया गया. दादी जी की 101 ध्वजा और कलश 151 महिलाये अपने माथे पर लेकर सब्जी पट्टी, बाटा मोड, मातृ सदन, चिल्ड्रन पार्क मोड होकर लाल बाजार होते हुए मंदिर पहुंची. जहां कलश और ध्वजा दादी जी को अर्पण किया गया. शोभा यात्रा में सबसे आगे बैंड पार्टी और पीछे दादी जी ध्वजा लिए श्रद्धालु दादी जी का जयकार लगा रहे थे. महिलाये कलश लिए भजन गाते हुए दादी नाचन दे आयो भादो का त्योहार दादी दादी बोल दादी सुन लेसी.. भजन गाते हुए चल रही थी. ध्वजा और कलश दादी जी को अर्पण करने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया. इससे पहले दादी जी का ध्वज और कलश की पूजा पंडित मुन्ना पांडे ने कराया. प्रधान कलश सुशील भिवानीवाला ने उठाया. इस मौके पर मंदिर में दादी जी का भव्य श्रृंगार किया गया. मंदिर को फूलों और लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था. कार्यक्रम में मुख्य रूप से द्वारका प्रसाद गोयनका, अरुण झुनझुनवाला, नथमल अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खेमका, नरेश अग्रवाल, प्रकाश झुनझुनवाला, संदीप कटेसरिया, संदीप सांवरिया, गोपाल अग्रवाल, अनिल चौधरी, निशांत गोयनका, रामचंद्र अग्रवाल, अनीश तुलसियान आदि मौजूद रहे।

अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, शामिल हुए विधायक

स्वास्थ्य सेवा बेहतर करने के लिए हर संभव संकल्पित : अकेला

नवीन मेल संवाददाता

बरही । अनुमंडलीय अस्पताल के पुराने परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए. जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित उपस्थित स्थितियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी और संचालन विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) मो रिजवान ने किया. डीएस ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार इस मेले का आयोजन किया गया है. जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगो के बीच स्वास्थ्य जागरूकता लानी है. मुख्यातिथि विधायक अकेला ने

कहा कि आम लोगो को हर संभव स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वह सदैव प्रयास रत रहे है. चिकित्सको की कमी को लेकर उन्होंने कई बार आवाज उठाई है, जिसमें हद तक सफलताएं भी मिली है. एक्सरे, जांच, विकलांगता शिविर इत्यादि प्रारंभ किए जा चुके है. स्वास्थ्य मेला में विभिन्न स्टॉल में लगे सेवाओं का लाभ लेने की बात कही. सुरक्षित और निरोग रहने के लिए वनों की सुरक्षा पर जोर दिया. वही सहिया दीदी के मानदेय बढ़ोतरी पर भी उन्होने सकारात्मक विचार रखा. कार्यक्रम को कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री

अध्यक्ष इकबाल रजा, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, बसंत मेहता (पदमा), विधायक प्रतिनिधि वारिस अंसारी, अनिल मेहता (पदमा) आदि ने भी संबोधित किया. स्वास्थ्य मेला में कुल पंजीकरण, सामान्य, मातृत्व, बाल चिकित्सा, एनसीटी, आयुष, परिवार कल्याण, टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, दंत, नेत्र आदि के शिविर लगाए गए थे. जिसमे इलाज के साथ मरीजों को बेहतर सलाह और दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जा रही थी. मेला में चिकित्सको के कमी स्पष्ट दिखाई पड़ी. स्वास्थ्य मेला में महिला डॉ मेरी लकड़ा, डॉ नीलू, आयुष डॉ मेराजुल, डॉ एजाज, डॉ नीरज, डॉ गजाला प्रवीण, दंत चिकित्सक डॉ प्रवीन कुमार, डॉ अंकुर बिहान, ईएनटी डॉ साजिया फरनाज, डॉ पवन कुमार सहित सहिया दीदी, स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी महत्वपूर्ण सेवा दिया. कार्यक्रम सफल बनाने में बीपीएम नारायण राम, बिजेंद्र कुमार, मो इरशाद, कादम्बिनी दुबे, मृत्युंजय चौरसिया, सूरज कुमार, रीना वर्मा, निशा कुमारी, किशुन दास, एलटी ज्योति कुमारी, नीरज कुमार, सहिया प्रीति सिन्हा, संयुक्ता सिन्हा, ममता देवी आदि सहित सभी कर्मियों ने सार्थक सहयोग दिया. स्वास्थ्य मेला में दूर क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पधारे थे.

महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आम सभा संपन्न

महिलाओं के लिए आजीविका मंडल स्वरोजगार और स्वाबलंबन का है बेहतर विकल्प : अकेला

नवीन मेल संवाददाता

बरही । गुरुवार को नगर भवन में बरही में आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आम सभा संपन्न हुआ. जिसमे वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक उमाशंकर अकेला, प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, विधायक प्रतिनिधि आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. जिनका महिला मंडल की दीदीओ ने जोरदार स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार ने किया. महिला दीदीओ को प्रेरित करते हुए विधायक ने कहा कि आजीविका महिला मंडल ने कई महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है. आज कई महिलाएं समूह में रोजगार कर परिवार का भरन पोषण कर रही है. यह महिलाओ के स्वरोजगार और स्वाबलंबन का मुख्य विकल्प है. उन्होंने महिलाओ के शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि एक पुरुष सिर्फ एक व्यक्ति को शिक्षित करता है जबकि एक महिला पूरे समाज को शिक्षित करती है. महिलाएं किसी से भी काम नहीं है. प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं ने अपना डंका बजाया है. यह देश की शक्ति है, हमलोगों का इनका सम्मान करना नैतिक दायित्व है. कार्यक्रम को अन्य अतिथियों भी संबोधित किया. कार्यक्रम में मुखिया नीलम देवी, गोविंद साव, आईपीआर नलिता कुमारी, संजू कुमारी, सीसी राखी कुमारी, एफसी राजू पांडे, बैंक सखी रिंकू कुमारी, सोनाली परवीन, शगुफा परवीन आदि सहीत कोनरा, बेंदगी, बरही पूर्वी, रसोईया धमना और बसरिया पंचायत की सैकड़ो महिला दीदी मौजूद थी.

हॉरर सीरीज 'द हाउंटिंग ऑफ पलाना' यूट्यूब पर रिलीज

हजारीबाग। टीम कंट्रीरोड्स फिल्म्स द्वारा बनायी गयी इंटरनेशनल हॉरर सिरीज ह्वद हाउंटिंग ऑफ पलानाह्व टीम कंट्रीरोड्स के यूट्यूब चैनल पर आ चुकी है. यह सीरीज सात एपिसोड की है, जो पूरी तरह से एक गांव की कहानी को दर्शाएगी. लेखक और निर्देशक सुमित कुमार सिन्हा ने इस सीरीज को काफी सुसज्जित और मनोरंजक बनाया है. उन्होंने बताया कि इसकी कहानी में किसी दूसरी दुनिया को भी दिखाया गया है. इस हॉरर सीरीज की शूटिंग 2021 में बड़कागांव में हुई थी, जिसमें हजारीबाग के कलाकारों ने अभिनय किया है. हजारीबाग की धरती पर बनी हिन्दुस्तान की पहली इंटरडाइमेंशनल हॉरर सिरीज दर्शकों को काफी प्रभावित करेगी. टीम के मुताबिक सीरीज बहुत ही अलग और सुंदर बनी है. दर्शकों ने इसके ट्रेलर पर भी अपनी अच्छी प्रतिक्रिया दी है. बड़कागांव के पडरिया में इस पूरी सीरीज की शूटिंग की गई, जहां हजारीबाग के भी कुछ लोकेशन दर्शाएं गए हैं. इस सीरीज में सिर्फ हजारीबाग ही नहीं, बल्कि दिल्ली, हरियाणा के भी कलाकार शामिल हैं.

डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस, प्राचार्य ने कहा

हिंदी भारत की संपर्क भाषा है

नवीन मेल संवाददाता

बरही। डीएवी में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत हिंदी के महान विभूतियों के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ हुआ. इस अवसर पर यूकेजी की छात्रा स्वास्तिका प्रजापति ने कविता पाठ किया. कार्यक्रम में अपने उदगार व्यक्त करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी हमारे देश की संपर्क भाषा है. जिसे 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने बतौर राजभाषा स्वीकार किया. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा की सिफारिश पर सन 1953 से हिंदी दिवस प्रतिवर्ष मनाने का निर्णय लिया गया. उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में यह तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है. 77% लोग हिंदी भाषा ही बोलते हैं. इस अवसर पर बैंक, सरकारी कार्यालयों आदि स्थानों पर हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है. विद्यालय के बच्चों से अपनी मातृभाषा हिंदी का सम्मान करने की अपील किया. कार्यक्रम सफल बनाने में हिंदी विभाग के रवि उदय सिंह, नीरू कुमारी, सुनील केसरी ,अमित कुमार, आलोक सिंह ने भी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई. अंत में सबों ने हिंदी के विकास के लिए हर संभव प्रयत्नशील रहने का संकल्प लिया. मौके पर शिक्षक दीपक कुमार और अमित कुमार ने कबीर वाणी और सुनील केसरी ने वीर रस, आलोक कुमार ने श्रृंगार रस और राजेश सिन्हा ने अंग्रेजी में मधुर कविता पाठ किया. हिंदी शिक्षिका नीरू कुमारी का भाषण और भी अमित कुमार के अपने मधुर गीत से उपस्थित लोगो को मोह लिया. कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे.

बरकट्ठा : डीलर-एमओ के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत जतघघरा गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। ज्ञात हो कि जतघघरा ग्राम के सभी राशन कार्ड धारी को पिछले चार माह से डीलर सहदेव गोप के द्वारा राशन नहीं दिया गया है। इस निमित्त लोगों ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में मुख्यालय का घेराव कर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी,डीएसओ समेत अन्य पदाधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं जानकी प्रसाद यादव ने कार्ड धारियों के साथ मिलकर प्रखंड मुख्यालय का गेट घंटे जाम कर दिया। तत्पश्चात आक्रोशित ग्रामीणों ने एमओ होश में आओ,डीलर की मनमानी नहीं चलेगी ,हमारी मांगे पूरी करो का नारा जमकर लगाया तथा एम ओ मिन्टू रजक को घंटो गेट के समीप अपने साथ बैठ कर रखा। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा में लूट खसोट मची हुई है। अधिकारी पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। मामले को ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई ।यह एक गंभीर एवं चिंताजनक विषय है ।कहा कि राशन डीलर दुकान चलाना नहीं चाह रहे हैं ऐसे में कार्ड धारी को पिछले चार माह का राशन नहीं मिल पाएगा, का चिंता सता रही है ।

कोयला मजदूरों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं : सीटू

हजारीबाग। सीआईटीयू हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया कि देश के लगभग तीन लाख कोयला मजदूरों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी. कोल इंडिया के नापाक मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए हड़ताल जरूरी है. उन्होंने बताया कि कोयला मजदूरों के एक लंबे संघर्ष के बाद 20 मई 2022 को कानून सम्मत एनसीडब्ल्यू 11 का समझौता हुआ. कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलवरीज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन और उसमें कार्यरत सभी सरकारी मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन के बीच मजदूरों के वेतन वृद्धि पर समझौता हुआ. बढ़े हुए वेतन भुगतान करने के लिए कोयला मंत्रालय के अप्रूवल लेने के बाद देश के कोयला मजदूरों को जुलाई 2023 के वेतन बढ़े हुए दर से भुगतान कर दिया गया. साथ ही अगस्त माह के वेतन के साथ बकाया एरियर 23 माह का भुगतान कर दिया गया. फिर सितंबर 2023 का वेतन जो अक्तूबर 23 को भुगतान होना है, उसे पुराने समझौते एनसीडब्ल्यूए 10 जिसकी अवधि 30 जून 2021 को ही समाप्त हो गई, उसके तहत करने की क्या जरूरत है.

पीएम इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें भाषण, पोस्टर मेकिंग,वाद विवाद,कविता आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक कुमारी , द्वितीय अनु कुमारी तथा तृतीय पर मुस्कान खातून रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हसनैन अंसारी, द्वितीय करीना कुमारी तथा तृतीय पर ओम कुमार रहा। कविता प्रतियोगिता में प्रथम सूरज राणा, द्वितीय कुणाल पांडेय तथा तृतीय पर गुलनाज खातून रही। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, निदेशक सत्येंद्र प्रसाद एवं विद्यालय के शिक्षकों ने प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा ,हिंदी न केवल सरल, समृद्ध और सुगम भाषाओं में से एक है बल्कि हिंदी भारत को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा भी है। आइए, हिंदी के प्रयोग के साथ अपनी मातृभाषा को भी महत्व देने का संकल्प लें।

अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

रामगढ़। जिला खनन पदाधिकारी ने गुरुवार को बलसगरा रोड के पास हजारीबाग से अवैध रूप से बालू परिवहन करते दो ट्रैक्टरों को पकड़ा है। बालू को जब्त करते हुए ट्रैक्टर चालकों और मालिक सहित अन्य के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया कि जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने बालू के अवैध परिवहन की सूचना पर खान निरीक्षक राहुल कुमार एवं पुलिस बल के साथ छापेमारी की। बलसगरा रोड पर ट्रैक्टर संख्या (जेएच बीडी-2730) एवं एक अन्य बिना नंबर ट्रैक्टर को बालू ले जाते पाया गया। ट्रैक्टर चालक सैनाब महतो एवं उज्जवल कुमार ने बताया गया कि बालू का उठाव गिद्दी हजारीबाग से किया गया है, जिसे मांडू निवासी राजू सिंह के पास ले जाया जा रहा है। चालकों से कागजात की मांग की गई तो वे कागजात नहीं दिखा पाए। इस पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर समेत बालू को जब्त करते हुए मांडू थाना को सुपुर्द कर दिया गया। इस मामले में ट्रैक्टर चालक सैनाब महतो, मालिक उज्जवल सिंह एवं बालू कारोबारी राजू सिंह समेत सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिह्नित करते हुए अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

जंगल से मिला पंचायत सदस्य का शव

हजारीबाग। जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराकाट जंगल से गुरुवार को एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी शिनाख्त गोंदलपुरा के पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी मनोज रतन चौथे ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। मोहन महतो के परिजनों का कहना है कि 13 सितम्बर की शाम वह मुर्गी फार्म गया था। इसी दौरान कुछ लोग वहां आये और मोहन को उठा ले गये। वह रात में घर भी नहीं लौटा। उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

बरकट्ठा : बिजली बिल माफी का लाभ उठाएं उपभोक्ता : कनीय अभियंता

बरकट्ठा। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने उपभोक्ताओं से बिजली बिल सुद माफी योजना का लाभ उठाने की अपील किया है। कहा की झारखंड सरकार ने विद्युत बकायेदारों को राहत देते हुए बिजली बिल का सूद माफी योजना चला रही है। यह योजना 31 दिसंबर 2022 तक के बकायेदारों के लिए लागू है। बिजली बकायेदारों के लिए सरकार ने एकमुश्त बिजली बिल देने वाले उपभोक्ताओं के लिए सूद माफी योजना चला रही है, जिसका लाभ समय रहते बकायेदार उठा सकते हैं ।कहा कि योजना बंद होने के बाद इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। बकाएदार एकमुश्त या तो पांच किस्तों में राशि दे सकते हैं। जो बकाएदार किस्त में भुगतान करना चाहते हैं उन्हें कुल राशि का बीस बीस प्रतिशत का भुगतान करना होगा। यह योजना घरेलू एवं सिंचाई उपभोक्ताओं के लिए है जो 30 सितंबर 2023 तक लागू रहेगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को बरकट्ठा स्थित पावर सब स्टेशन प्रशाखा में जाकर राशि जमा करना होगा।

120 स्कूली छात्र छात्राओं के बीच बैग का वितरण

बरकट्ठा। प्रखंड के बड़ासिंगा स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जलहिया में 120 स्कूली बच्चों के बीच बैग का वितरण स्थानीय मुखिया मुखिया ललिता देवी ने किया। मौके पर मुखिया ने स्कूली बच्चों से कहा कि सभी छात्र नियमित रूप से विद्यालय आए और पढ़ाई कर स्कूल और अपने गांव का नाम रौशन करें। मौके पर बेलकपी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, प्रधानाध्यापक सह सचिव सुकर ठाकुर, सहायक शिक्षक भागीरथ ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष योगी, उपाध्यक्ष सोनी कुमारी संयोजिका भारती देवी, समाजसेवी अर्जुन ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, जागेश्वर नायक, बबलू कुमार पांडेय, सतीश कुमार, गजाधर महतो, छोटी साव ,दौलत साव समेत आदि लोग मौजूद थे।

प्रतियोगिता

गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

'हिन्दी समेत सभी भाषाओं का करें सम्मान'

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में गुरुवार को हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हिन्दी का गौरव गान होना ही चाहिए, चूंकि यह हमारी मातृभाषा है. साथ ही सभी भाषाओं का सम्मान करने की जरूरत है. भाषा पर विवाद करना उचित नहीं है, चूंकि यह बड़ा संवदेनशील मुद्दा है. भाषा विचारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है. भाषा शुद्ध बोलने और लिखने की जरूरत है. इसके लिए शब्दकोश का अध्ययन कर हिन्दी समेत विभिन्न भाषाओं में ज्ञान बढ़ाना जरूरी है. जितने भी कालजयी कवि हुए, कभी दूसरी भाषाओं का विरोध नहीं किया. दूसरी भाषाओं के शिक्षकों ने हिन्दी को समृद्ध किया. भारत के संविधान निर्माण में भी विभिन्न भाषाओं के विद्वान शामिल रहे. सचिव मिथिलेश मिश्र ने कहा कि संस्कृत से हमारे देश की संस्कृति है, तो हिन्दी से हिन्दुस्तान है. उन्होंने भी हिन्दी से प्रेम और सभी भाषाओं के सम्मान पर जोर दिया. इससे पहले प्रशिक्षुओं ने भाषण और कविता के माध्यम से हिन्दी भाषा को बढ़ावा दिया. हिन्दी दिवस पर आयोजित श्रुतिलेख प्रतियोगिता में प्रथम सोनम लकड़ा व चांदनी कुमारी, दूसरे स्थान पर अलका कुमारी और तीसरे स्थान पर आयी प्रतिभागी प्रिया कुमारी को अतिथियों ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया. मंच संचालन प्रशिक्षु रवि कुमार और धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक गुलशन कुमार ने किया. मौके पर प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार यादव, सहायक प्राध्यापिका डॉ. बसुंधरा कुमारी, कार्यक्रम प्रभारी अंजलि कुमारी, पुष्पा कुमारी, अशोक कुमार सिन्हा, डॉ. पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, एसएस माइटी, दीपमाला, रचना कुमारी, संदीप खलखो, दिलीप कुमार, संदीप कुमार सिन्हा समेत सभी प्रशिक्षु मौजूद थे.

बरही प्रेस क्लब में प्रमाण-पत्र वितरण सह शपथ समारोह का आयोजन

पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ : सीओ

नवीन मेल संवाददाता

बरही । स्वामी विवेकानंद सार्वजनिक पुस्तकालय में बरही प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों का शपथ ग्रहण सह प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन निर्वाचन पदाधिकारी कृष्ण प्रजापति और प्रमोद विश्वकर्मा ने वरिष्ठ निर्वाचन पदाधिकारी श्याम मोहन शर्मा के निर्देशन में किया. जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत प्रधानाध्यपक ईशो सिंह, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, कोडरमा सीएस डॉ अनिल कुमार, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, अंचल निरीक्षक सतीश कुमार, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डोमन पांडेय, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, गोविंद साव, मोतीलाल चौधरी, पंसस जीतू ठाकुर, विकास सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण महासभा के विस अध्यक्ष कयूम अंसारी, सदभावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे, आरएनवाईएम महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्रो डॉ संजय वर्णवाल, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, सकलदेव यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, विशेश्वर यादव, राजन ओम, संजय वर्मा, मधेशिया स्वीट्स के प्रो मुकेश मधेशिया आदि सहित कई बरही क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे. कार्यक्रम में बरही प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित अतिथियों के हाथो निवार्ची पदाधिकारियों ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दिलवाया गया. साथ ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने पद व गोपनियता की शपथ दिलवाई. क्लब के सदस्यो को संबोधित करते इंस्पेक्टर ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के लिए आइना है. उनकी लेखनी सदा ही सकारात्मक पहलू की ओर प्रेरित करनी चाहिए. वही सीओ ने कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के साथ पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूत कड़ी होती है, जो चौथे स्तंभ के रूप में देखा जाता है. उन्होंने पत्रकारों से विकास को लेकर सार्थक दिशा में लेखनी उठाने की अपील करते हुए सच का साथ और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही. मौके पर हजारिबाग प्रेस क्लब के जिला संयुक्त सचिव प्रभाकर पाठक, बरही प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, अजय कुमार, सचिव सोनू पंडीत, संयुक्त सचिव कमल शंकर पंडीत, उपसचिव कुनकुन सोनी, अमित सोनी, कोषाध्यक्ष जयदीप कुमार सिन्हा, कार्यकारिणी के सदस्य शोएब अख्तर, योगेंद्र प्रजापति, पंचम पांडेय, सोमनाथ ठाकुर आदि सहित वरिष्ठ सदस्य बिपिन बिहारी पांडेय, धनंजय पांडेय, राजेश केसरी, रूपेश चंद्रवंशी आदि सहित सभी सदस्य मौजूद थे.

स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अजित खलखो एवं बीडीओ एवं अन्य पदाधिकारियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का उदघाट्न किया गया मौके पर सिविल सर्जन अजित खलखो ने कहा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जा रहा है । लोग जागरूक होकर स्वास्थ्य केंद्र में आकर अपनी बीमारी का इलाज कराएं। उन्होंने कहा कि साँप काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं रहे। मरीज को तुरन्त अस्पताल पहुंचाए पत्रकारों द्वारा बोलबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर नही होने के सवाल पर उन्होंने कहा की मैं इसका रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया हूँ । तत्काल इसपर कोई समाधान होगा। उन्होंने लगाए गए सभी स्टॉल स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ केंद्र को और बेहतर बनाने के लिए डॉ एवं कर्मियों को कई निर्देश दिए ।

अपने अधिकारों की रक्षा व शोषण के खिलाफ सीटू का मजदूर अधिकार कन्वेंशन 20 को

कोडरमा। झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन का जिला स्तरीय मजदूर अधिकार कन्वेंशन 20 सितंबर को झुमरी तिलैया में होने जा रहा है. इस कन्वेंशन का उद्घाटन सीटू के झारखंड प्रदेश सचिव विश्वजीत देव करेंगे. इसमें सीडब्ल्यूएफआई केंद्रीय कमेटी के सदस्य व निर्माण कामगार यूनियन के राज्य महासचिव संजय पासवान और सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करेंगे. इस कन्वेंशन की तैयारी को लेकर निर्माण क्षेत्र के कामगार मजदूरों के गांवों, बस्तियों और टोलों में बैठकें आयोजित की जा रही है. इसी कड़ी में नगर परिषद अंतर्गत झलपो में मजदूरों की एक सभा आयोजित की गई. अध्यक्षता झलपो निवासी सहदेव दास ने की. निर्माण यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि निर्माण मजदूरों को श्रम विभाग से उनका अधिकार नहीं मिल रहा है. बैठक में नारायण दास, दिनेश, मनोज, राजू दास, मुनिया देवी, संतोष दास, किसुन दास, सोनिया देवी, बासुदेव दास, बिदेश्वर दास, लक्ष्मी जयंती, सुमा केसरी, सुनीता, वैजंती, बैजनाथ दास, राधा, श्याम सुंदर, दौलती देवी, मुन्नी, काली दास, सुरेश दास, प्रभु दास, मुन्द्रिका, हेमराज, रेणु, कौशल्या, रिंकु, मीणा एवं सरोज सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थे.

बिजली चोरी को लेकर पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, लगा 8-8 हजार रुपये जुर्माना

कोडरमा। विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कनीय अभियंता हरी कृष्ण केशरवानी के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार की दोपहर प्रखंड के मुरकमनाई पंचायत के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की. इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मरकच्चो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है. जिसमें पंचायत के योगियाटिल्हा निवासी भीमदेव गोस्वामी, संजय नाथ गोस्वामी, सरोजनाथ गोस्वामी तथा मुरकमनाई निवासी मो.अंसार व बरियारडीह चौक निवासी रितलाल ठाकुर शामिल हैं. साथ ही उक्त लोगों पर विभाग ने आठ-आठ हजार का जुमार्ना भी लगाया है. छापेमारी दल में ब्रजकिशोर प्रसाद, मो.जर्रार खान समेत कई विद्युतकर्मी शामिल थे.

हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर गुरुवार को सिमडेगा के पार्वती शर्मा महिला इंटर महाविद्यालय के सभागार में हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर और जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के द्वारा मंत्री युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अनुराग ठाकुर और महानिदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन के हिन्दी दिवस की अपील पढ़ कर किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ चढकर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजभाषा हिन्दी से संबंधित प्रश्न पूछें गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुनिका तिर्की, द्वितीय स्थान गायत्री कुमारी और तृतीय स्थान सुषमा कुमारी ने प्राप्त किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा शुरू

कोलेबिरा:.जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा की शुरूआत प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिन्हा ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है। इसे विश्व पटल पर और भी समृद्ध बनाने की जरूरत है। राजभाषा हिंदी विभाग के प्रभारी शिक्षक रामायण पासवान ने जानकारी दी कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में 14 सितंबर से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा।

भाजपा महिला मोर्चा की बैठक, बोली

कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़ : आरती कुजूर

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर का प्रवास कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बैठक सिमडेगा जिला कार्यालय में हुआ। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी में महिला कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है, महिला मोर्चा के कार्यकर्ता मंडल प्रवास कर संगठन को मजबूत करें एवं महिला मोर्चा को सक्रिय बनाएं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है ।पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के रूप में महामहिम द्रौपदी मुर्मू के बनने पर आज देश गरवान्वित महसूस कर रहा है।बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि महिला मोर्चा की बहने हमेशा पार्टी एवं संगठन के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जितनी आसानी से केंद्र सरकार के विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचा सकती है ।वह कोई दूसरा नहीं कर सकता,इसलिए महिला कार्यकर्ता मंडल शक्तिकेन्द्र से लेकर बूथ तक महिलाओं के बीच केंद्र सरकार के विकास कार्यों को पहुंचाने का कार्य करें।

बिरसा मुंडा दिवारात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर समिति गठित

कुरडेग। प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरूवार को बिरसा मुंडा दिवा रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया।समिति के संरक्षक के रूप में बीडीओ ज्ञानमनी एक्का,थाना प्रभारी मनीष कुमार,एवं सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव को संयोजक के रूप में मनोज साय, उमेश जयसवाल अनुज गुप्ता,दीपक जयसवाल, जीशान खान ,मकसूद आलम, सुनील गुप्ता,संजित जयसवाल, सचिव श्रवण कुमार बड़ाईक, कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता,एवं संजय उरांव तथा 25 सक्रिय सदस्य बनाया गया। यह प्रतियोगिता 1 एवं 2 अक्टूबर को आयोजन किया जाएगा झारखंड,उड़िसा,छतीसगढ़ राज्यों से कुल 16 टीमें भाग लेंगी।आयोजन समिति की ओर से टीम की प्रवेश शुल्क 21000 रू तथा पुरस्कार के रूप में विजेता टीम को 201000 रू एवं उपविजेता को 151000 रू नगद तथा शील्ड दिया जाएगा।खेल दिवा रात्रि माइकल किन्डो स्टेडियम में आयोजित होगा।

बीमा जागरुकता रथ को डीसी डीडीसी ने दिखाई हरी झंडी

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय परिसर से बीमा जागरुकता अभियान की शुरूआत की गई. इस अभियान के लिए डीसी मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल झा एवं बीमा कंपनी के हजारीबाग आंचलिक प्रमुख दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से जागरुकता अभियान के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह जागरुकता अभियान बैंक ऑफ इंडिया के बीमा कंपनी एसयूडी लाइफ इंश्योरेंस के द्वारा आयोजित किया गया है. यह जागरुकता अभियान कोडरमा जिले के तीस गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बीमा से संबंधित जानकारी देंगे. इस मौके पर डीसी द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के हीरोडीह शाखा के प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभुक सविता देवी (ल्लड्ढेल्लीं) को 2 लाख का चेक दिया गया. डीसी ने सभी कोडरमावासी से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ने का आग्रह किया. बताया कि इस योजना से मात्र 20 रुपए सालाना प्रीमियम से 2 लाख का दुर्घटना बीमा एवं 436 रुपए सालाना प्रीमियम में किसी भी तरह के मृत्यु के उपरांत नामित व्यक्ति को 2 लाख का लाभ मिल सकता है. साथ ही उन्होंने सभी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ने का निर्देश दिया. अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार ने बताया कि राज्यभर में समूह की महिला को बीमा से जोड़ने एवं दावा भुगतान में पूरे प्रदेश में कोडरमा जिला पहले स्थान पर है. जिले के प्रति व्यक्ति को ये सुविधा देने के लिए बैंक ऑफ इंडिया प्रतिबद्ध है. इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के बीमा कंपनी से प्रकाश मिश्र, हीरोडीह के शाखा प्रबंधक सन्नी कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेवियर एक्का, प्रतीक कुमार इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

हिंदी दिवस पर उर्सलाइन कॉन्वेंट सिमडेगा में संगोष्ठी का आयोजन

हिंदी भाषा विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। हिन्दी दिवस के मौके पर गुरुवार को में जिला प्रशासन,सिमडेगा के द्वारा उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय सामटोली, सिमडेगा में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं उर्सलाइन बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्या सिस्टर फ्लोरिडा डुंगडुंग के द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किया गया। उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, सामटोली के प्राचार्या द्वारा अतिथियों का स्वागत संबोधन करते हुए हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने अपना विचार व्यक्त किया।जिला स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम में मनोज कुमार सिन्हा, बलिन्दर सिंह, जेकब लकड़ा, विष्णु देव प्रसाद, हीरा कुमार, अरुण सिंह, कष्टि कुमारी, एवं एस एस +2 उच्च विद्यालय की छात्रा चेतनी कुमारी, सोभिता बिलुंग, तनुश्री डे के द्वारा कविता वाचन, हिंदी दिवस का महत्व, वर्तमान में हिंदी भाषा की स्थिति, गीत, एवं व्याख्यान आदि से पर परिचर्चा व विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त सिमडेगा ने इस अवसर पर सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि हिंदी भाषा विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हमें शान के साथ हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को सिमडेगा समाहरणालय सभागार में जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा सिमडेगा जिला के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में विस्तृत समीक्षा कि गई। सिमडेगा जिला के अंतर्गत वर्तमान में ₹डी₹ श्रेणी के विभिन्न पर्यटन स्थल जिसमें पिकनिक स्थल बसतपुर, घुमरी, राजाडेरा, दनगद्दी एवं वनदुर्गा मंदिर धार्मिक पर्यटन स्थल को श्रेणी-सी में करने के लिए सूचीबद्ध करने के लिए सर्वसम्मति से अनुमोदित प्रस्ताव को विभाग को भेजने हेतु आवश्यक निर्देश लिया गया। उपायुक्त महोदय के द्वारा सिमडेगा जिला अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों में टी.ओ.पी. स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को प्रस्ताव दिया गया। ताकि पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा सकें।

फर्जी तरीके से 12 महिलाएं ले रही है विधवा पेंशन योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। थाना मुख्यालय के कोरोमिंया पंचायत में 12 महिलाएं अपने पति के जीवित रहते विधवा पेंशन का लाभ उठा रही है। यह मामला कोरोमिंया पंचायत भवन में 9 सितंबर को पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन में मामला पकड़ में आया। मामला पकड़ में आते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने बुधवार देर शाम ठेठईटांगर थाना मे आवेदन दिया है। जिसका थाना के माध्यम से जांच चल रहा है। मुखिया रेणुका सोरेंग ने जानकारी देते हुए बताया विधवा पेंशन का लाभ पारा टीचर धर्मजय बैठा के पत्नी रीता देवी भी लाभ उठा रही है। पंचायत सचिव कृष्णा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया जिन 12 व्यक्तियों के पत्नियां का विधवा पेंशन लाभ उठा रही है उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र कोरोमिंया पंचायत से निर्गत नहीं किया गया है आखिर विधवा पेंशन का लाभ लेने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है आखिर इनका मृत्यु प्रमाण पत्र कहां से और कैसे बनाया यह जांच का विषय है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया महिलाओं का विधवा पेंशन का लाभ लेने के लिए पंचायत स्तर पर पंचायत के मुखिया पंचायत के सचिव या प्रखंड स्तर से आवेदन अनुशंसा नहीं की गई है फिर भी विधवा पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए उनका कैसे नाम जुड़ा यह जांच का विषय है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने प्रखंडवासियों से अपील की है गलत तरीके से विधवा पेंशन न ले, एवं जो सक्षम राशन कार्ड धारी है। अपना राशन कार्ड को विभाग के पास जमा कर दें अन्यथा मामला पकड़ में आने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रतियोगिता

हिन्दी दिवस पर सेक्रेड हार्ट स्कूल कोडरमा में कई कार्यक्रम का आयोजन

'हिन्दी हमारे देश की भाषा ही नहीं आशा-उम्मीद है'

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. सबसे पहले प्राचार्य नवीन कुमार, पीटीआई राकेश पांडेय और शिक्षक पवन ठाकुर ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की. बच्चों के बीच हिंदी की दशा-दिशा और भविष्य पर भाषण और कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें अंशिका सिंह, अंजुम आरा अंसारी, सुहानी कुमारी, तैयबा जबीन, अदिति रानी, तनीषा शर्मा, आर्ची कुमारी, सौम्या कुमारी, अमित कुमार, प्रियांशी कुमारी और अर्पित कुमार ने अपने-अपने विचार रखे. बच्चों ने कहा कि हिंदी हमारे देश की भाषा ही नहीं आशा और उम्मीद है. अपनी मातृभाषा का विकास किए बिना हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते. उन्होंने कहा कि हिंदी के उत्थान में, हिंदी के विकास में और प्रचार-प्रसार में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है. वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि हिंदी मात्र भाषा, नहीं बल्कि मातृभाषा है. उन्होंने कहा कि हिंदी की स्थिति अपने देश में भले ही थोड़ी कमजोर हो, पर विदेश में इसके पांव तेजी से फैल रहे हैं. मॉरीशस, सूरीनाम और त्रिनिदाद आदि देशों में भारत की तरह हिंदी व्यवहार में लाई जाती है. उन्होंने कहा कि अमेरिका के विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई होना और इंग्लैंड में प्रतिवर्ष हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन इसकी सफलता का प्रमाण है. यह एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में बांधे रखने में सक्षम है. कार्यक्रम का संचालन शैल्वी सिंह और दिव्याणी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा के निर्देश पर और हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय की देखरेख में हुआ. आयोजन को सफल बनाने में एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, संजय तिवारी, जयप्रकाश सिंह, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, सतीश कुमार, विक्की कुमार समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षक के उत्तर कर्मियों का योगदान रहा.

हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, उपायुक्त ने कहा

मातृभाषा हिंदी को भी संयोजित करें

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में हिंदी दिवस पर समाहरणालय के सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधिगण समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पांडे द्वारा हिंदी दिवस के मौके पर संगोष्ठी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए हिंदी दिवस मनाने को लेकर इसकी विशेष जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह वह दिन है जिस दिन भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को हमारी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया था। काफी संघर्ष के बाद हिंदी को हमारे देश की राजभाषा घोषित किया गया। उप विकास आयुक्त राय ने हिंदी दिवस के मौके पर इसके संबंध में अपने वक्तव्य में कहा कि 14 सितंबर को पूरे विश्व में हिंदी दिवस के रूप में चिन्हित किया गया है। यह हमारी मातृभाषा है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा का प्रसार न सिर्फ भारत देश में बल्कि पूरे विश्व में हुआ है। आज के दौर में विश्व के बड़े-बड़े नेता भी हिंदी में बात करते हैं, जो लोगों के बीच काफी प्रचलित हो रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी एक सरल एवं विशाल भाषा है, जिसमें अरबी, उर्दू, फारसी, तुर्की, जापानी, अंग्रेजी, रशियन, चाइनीस, पुर्तगाली आदि कई भाषाओं के शब्दों का समावेश मिलता है। हिंदी को वैश्विक पटल पर और ज्यादा प्रचारित प्रसारित करने के लिए हिंदी भाषा के बोलचाल में शुद्धता बरतते हुए इसके प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है।

इसके पश्चात उपायुक्त जमुआर द्वारा हिंदी दिवस के मौके पर कहा गया कि जिस प्रकार हम सब अपने-अपने विरासतों एवं संस्कृति को बचाकर रखना चाहते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें अपने मातृभाषा हिंदी को भी संयोजित करने की आवश्यकता है। उपस्थित लोगों से हिंदी भाषा का व्यापक प्रचार प्रचार करने एवं अधिक से अधिक इसे बोलचाल के समय प्रयोग में लाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा प्राचीन काल से बोले जाने वाली भाषा है, जो पूर्व से लेकर आज तक समय अनुसार अपना अन्य भाषाओं के शब्दों को भी अपने में मिलाकर कुछ स्वरूप परिवर्तन करती है परंतु इसका मूल रूप बना रहता है। संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर 1949 को हिंदी को राज भाषा घोषित किया गया। हिंदी भाषा के माध्यम से हम अपने भावनाओं, विचारों और भारतीय संस्कृति को समर्थन और सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा के रूप में हमारे दिलों में बसी हुई है और यह एकता और एकत्रितता की भावना को प्रकट करती है। हिंदी भाषा को हमारी भाषा की गरिमा का प्रतीक माना जाता है और हिंदी दिवस हमें इस महत्वपूर्ण भाषा के महत्व को समझाने और मानने का मौका देता है। चूंकि यह हमारी मातृभाषा है। अतः हिंदी के बोलचाल में शर्म की नहीं बल्कि गर्व की अनुभूति होती है। मौके पर उपस्थित विभिन्न पत्रकार बंधुओ द्वारा भी हिंदी दिवस के मौके पर अपने अपने वक्तव्य रखे गयें, जिसमें हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार करने तथा हिंदी भाषा का प्रयोग करने की बात कही गई एवं हिंदी भाषा की विशेषता पर प्रकाश डाला गया।

हिंदी दिवस सह प्रभात संगीत दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता। मेराल
प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड मेराल स्थित एस जी एन मॉडर्न किंडर गार्टेन में 14 सितंबर गुरुवार को हिंदी दिवस सह प्रभात संगीत दिवस मनाया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि हिंदी हिंदुस्तान की पहचान एवं आत्मा है। हिंदी भारतीयों में आत्मीयता का एक बड़ा माध्यम है। यह भारतीय संस्कृति, भाईचारा, शिक्षा, व्यवसाय सहित सम्पूर्ण इतिहास का स्रोत है। उन्होंने कहा कि श्री श्री आनंद मूर्ति जी ने पांच हजार अठारह प्रभात संगीत दिए हैं जो विश्व की भिन्न भिन्न भाषाओं में हैं यह प्रभात संगीत आनंद और उत्साह का सागर है।इसमें भाव, भाषा,छंद और सुर की प्रधानता होती है आज सम्पूर्ण विश्व में प्रभात संगीत एक नए घराने के रूप में लोकप्रिय हो रहा है जो ईश्वर प्रेम के प्रकाश फैलाने का काम करता है। यह विश्व बंधुतत्व की भावना को दृढ़ करता है। यह हमें संतुलित जीवन शैली प्रदान करता है। इस मौके पर बच्चों ने भिन्न-भिन्न भाषाओं में बंधु हे निए चलो मुसाफिर आगे बढ़ते जाना त्वंसी सर्वेशम पिता त्वंसि मम देवता, तुम हो मेरे कृष्ण जगत पति मैं तुम्हें चाहता हूं दीवा रात्रि इत्यादि प्रभात संगीत प्रस्तुत किया। हिंदी दिवस सा प्रभात संगीत का अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षिका कुमारी निर्मला, करण कुमार कौशल, रामाशीष राम, आनंद साव, अमानत अंसारी, आबिद अंसारी मनजीत कुमार संजय कुमार पनपत्ति कुमारी पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे।

'देश को एकसूत्र में बांधने में हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण'

गढ़वा। हिंदी दिवस के अवसर पर आर के पब्लिक स्कूल, गढ़वा में हिंदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में सुबह की प्रार्थना सभा का आयोजन हिंदी में आयोजित किया गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सभी लोगों को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया और बताया कि हिंदी जनमानस की भाषा है, जो हमारे देश की एकता का सूत्र है। यह एक भावनात्मक भाषा है, जो लोगों के दिल को आसानी से छू लेती है। पूरे विश्व में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का श्रेय एकमात्र हिंदी भाषा को ही जाता है। देश की आजादी के आंदोलन में भी हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। आगे उन्होंने आज स्कूल में इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराने की बात कही। स्कूल की सभा को संचालित करते हुए अनुप कुमार पांडेय ने हिंदी की महत्ता पर कविता सुनाई और छात्र-छात्राओं को बताया कि हिंदी का प्रयोग करना हीनता का प्रतीक नहीं है बल्कि यह हमारा गौरव है। हिंदी भाषा के प्रति हमारा कर्त्तव्य है कि हमें हिंदी के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें इसका भरपूर सम्मान करना चाहिए। एक भारतीय होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हमें हिंदी के महत्त्व को बढ़ावा देना चाहिए। इस उद्देश्य को लेकर स्कूल में समय समय पर भाषण, निबंध, काव्य पाठ, संगीत व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

हाथियों ने एक ही रात में दो गांवों में किया तांडव

दो दर्जन किसानों की फसलों को रौंदा

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
थाना क्षेत्र में बुधवार की रात्रि जंगली हाथियों ने क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। बुधवार की रात्रि राजबास गांव एवं सीदे गांव में जंगली हाथियों ने लगभग दो दर्जन किसानों की फसलों को रौद दिया।

राजवास गांव के जिन किसानों के फसलों को जंगली हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है उनमें सूर्य देव सिंह, बिनेश्वर सिंह, दिलावर भुईया, बुधन सिंह, सविता देवी, तेतरी कुवर, अविनाश सिंह, बुधन भुईया, रोहित भैया, अवधेश सिंह, रूपनारायण सिंह, शिव प्रसाद सिंह, सुभाष सिंह, मुंद्रिका सिंह, जितेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह शामिल हैं। वहीं सीदे गांव के बिंदु यादव, उपेंद्र कुमार यादव, गोपाल यादव, उमेश यादव, मदन यादव, संतोष यादव, कृष्ण यादव, हुलास सिंह, रूपचंद यादव, की फसलों को जंगली हाथियों ने रौद दिया। बताते चलें कि पिछले दो सप्ताह से अधिक दिनों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक है।

जंगली हाथी दो झुंड में बंट गए हैं। 1 झुंड में 15 से 20 हाथियों की संख्या बताई जा रही है। किसानों ने क्षेत्र से जंगली और हाथी के भगाने की मांग की है। वहीं वन विभाग इस मामले में अभी तक कोई उचित कदम नहीं उठाया है। मामले में पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल, अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा किसानों के फसलों को नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान हुए फसलों को जायजा लिया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

पूजा समिति के राणा सचिव तो मुख्य संरक्षक बने बासु

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड के रेलवे क्लब सामुदायिक भवन में दुर्गा पूजा मनाने हेतु रेल कर्मचारियों की बैठक सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में काफी संख्या में रेलवे क्लब के सदस्य समेत सभी विभागों के रेल कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं इस वर्ष दुर्गा पूजा का भव्य आकर्षक प्रतिमा व भव्य पूजा पंडाल पर सहमति बनी. जिसमें 7:50 लाख रुपया खर्च का बजट बनाया गया।

वहीं समस्त विभागों के रेल कर्मचारियों ने पांचवीं बार रेलवे क्लब रेलवे पूजा पंडाल समिति के रंजीत कुमार सिंह राणा (रेल क्रू कंट्रोलर) को सचिव बनाया गया। सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (सवारी) विकास शुक्ला को पदेन अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूजा कमेटी की निर्णायक मंडली के मुख्य संरक्षक के रूप में विवेकानंद बासु, वरीय अनुभाग अभियंता कार्य निरीक्षक को बनाया गया। जबकि किशोर मालाकार उपाध्यक्ष, राकेश कुमार उपसचिव, ऋषि राज कोषाध्यक्ष, अजय कुमार यादव उप कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही राजेश कुमार राजू, गौरव प्रसाद यादव, गणेश राजवंशी, सतेंद्र तिवारी, बलराम सिंह प्रसाद सचिव, जबकि विद्युत सजावट का कार्य राजू रहमान वरीय अनुभाग अभियंता (विद्युत), ओपी ठाकुर(आर पी एफ इंस्पेक्टर) सचिन कुमार, विनोद शंकर सिंह, नाजमी अनवर एवं शेख फिरोज को सुरक्षा सचिव बनाया गया है। डीके सिंह, बीके पांडेय, संतोष चंद्र, रणजीत कुमार राजू पंडाल सचिव जबकि पूजा व्यवस्था की जिम्मेदारी निरंजन सिंह, सुबोध चंद्र पाल, संजय कुमार, मानस घोषाल एवं राजकुमार यादव देखेंगे। रावण निर्माण की जिम्मेदारी अरुण कुमार, सुमन कुमार, काजमी अनवर, बसंत पाल, देवानंदन आर्या, संजय मिस्त्री एवं राकेश रजक को दी गई।

मनरेगा में भ्रष्टाचार पर जेएमएम ने की कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़
जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मिंज ने कहा है कि प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों में कमीशनखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने पिछले दिनों वायरल हुए ऑडियो क्लिप का हवाला देते हुए कहा कि बड़गड़ कि रोजगार सेविका सुनीला एक्का के पति सतीश कुजूर खुलेआम मनरेगा के लाभुक से एम आर सत्यापन के नाम पर पैसे की मांग कर रहे हैं। अभी तक प्रशासनिक स्तर पर उक्त लोगों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इससे प्रतीत होता है कि प्रखंड कर्मियों द्वारा भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मी लाभुकों को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं और कह रहे हैं कि तुमको जहां जाना है जाओ हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पूर्व मुखिया बालदेव टोप्पो के आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि रोजगार सेविका के पति सतीश कुजूर को किसने अधिकार दिया कि प्रखंड में संचालित सरकार की योजनाओं में लाभुकों से पैसे की उगाही कर रहे हैं। यहां के आदिवासियों एवं आदीम जनजातियों को मोहरा बनाकर विकास कार्यों के पैसों कि बंदरबांट की जा रही है। उन्होंने कहा कि बड़गड़ पंचायत के बढ़नी गांव के मामले में रोजगार सेविका के पति लाभुक से पैसे की मांग कर रहे हैं जो सरासर गलत है उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सतीश कुजूर ने तो प्रखंड के पदाधिकारी हैं न हीं कोई कर्मी वावजूद इसके वे ब्लॉक के एजेंट के रूप में कार्य करते हुए अपना तथा पदाधिकारियों का जेब भर रहे हैं। उन्होंने जिले के वरीय पदाधिकारियों से जेएमएम प्रखंड कमिटी की ओर से मांग कि है की उक्त रोजगार सेविका व उसके पति पर त्वरित रूप से उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रखंड से हटाने कि मांग कि है। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा जेएमएम प्रखंड सचिव अमानत अंसारी, उपाध्यक्ष बालदेव टोप्पो, नुरूल हक, कोषाध्यक्ष अनील प्रसाद, रफीक अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थें।

प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य मेला का उदघाटन 15 सितंबर को अपराहन में करने का निर्णय लिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में 11 स्टॉल लगाये जायेंगे तथा आम लोगो का स्वास्थ्य जांच किया जायेगा। बैठक में जिला परिषद सदस्य बाला रानी,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, जेएस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनन्जय आदि मौजूद थे।

मेडल विजेताओं को झामुमो न दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
खेलो इंडिया पेंचक सिलेट वुमेन लीग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, जो 27 अगस्त को रांची के विष्वकर्मा स्कूल में सम्पन्न हुआ था, में गढ़वा जिले की बालिका खिलाड़ियों ने 34 मेडल जीत राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विजेता कुमारी, अंशीका कुमारी, रूपा कुमारी, रीतिका कुमारी, प्रियाशु कुमारी, रूपा कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता अंजलि कुमारी, सोनाली कुमारी, साछी कुमारी, इसिका कुमारी, तनु कुमारी, विनिता कुमारी, प्रिंसि कुमारी, आस्था कुमारी, दीछा कुमारी, अवनी कुमारी, स्वेता कुमारी ने सिल्वर मेडल तथा मुस्कान कुमारी, प्रियाशु कुमारी, शंकुतला कुमारी, लकी कुमारी, प्रियका कुमारी, समीछा कुमारी, आकृती कुमारी, स्वेता कुमारी, निलम, ऋतु कुमारी, अम्बे कुमारी, साछी कुमारी, अनुपमा कुमारी, रूपांजली कुमारी श्रृंषटी कुमारी ने ब्रोंच मेडल जीत गढ़वा जिले का मान बढाया सभी खिलाड़ियों के संरछक नितिन तिवारी, टीम कोच राम प्रवेश तिवारी, अजय कुमार, टीम मैनेजर चंद्र कुमार पांडे को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला क्रीड़ा खेल प्रभारी सह खेल प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ने अपने पार्टी की ओर से बधाई और शुभकामना दी।

हत्याकांड के आरोपियों को किया गिरफ्तार

मेराल। हत्याकांड के प्राथमिकी अभियुक्त गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया गांव निवासी महबूब अंसारी पिता स्वर्गीय शोबराती अंसारी एवं परवेज अंसारी पिता अबरार अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायाधीश हिरासत भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि उपरोक्त दोनों के खिलाफ 20 अगस्त को मेराल थाना में गेरुआसोती गांव निवासी अब्दुल सत्तार अंसारी की हत्या में शामिल होने को लेकर प्राथमिक दर्ज थी। महबूब अंसारी तथा परवेज अंसारी को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी इसी क्रम में दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायालय में उपस्थापन के बाद हिरासत में भेज दिया गया है।

डिक्की से 1 लाख 81 हजार रु. उड़ाए

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
शहर में पोपुलर मेडिकल हॉल के सामने से चोरों ने बाइक के डिक्की से 1 लाख 81 हजार रुपये उड़ा लिये हैं। घटना दिन के चार बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी रंजीत प्रसाद यादव श्री बंशीधर नगर निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने आया था। रजिस्ट्रार के नहीं होने की सूचना पर वह अपने साथी अजित पाठक के साथ घूमने मार्किट तरफ आ गया। इस दौरान उसने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा जाकर चेक से 50 हजार रुपये, ग्रीन कार्ड से 40 हजार और एटीएम से 60 हजार रुपये की निकासी किया। रंजीत ने बताया कि पहले से उसके पास 21 हजार रुपये थे। वहीं बसंत राम के पुत्र ने उसे 11 हजार रुपये दिये। 1 हजार रुपये पॉकेट में रखकर बाकी पैसे उसने बैग में डालकर बाइक की डिक्की में रख दिया। उसके बाद वह पॉपुलर मेडिकल हॉल में दवा लेने के बाद सामने सिटी स्टाइल में चप्पल लेने चला गया। चप्पल लेने के बाद बाइक के पास आया तो देखा कि डिक्की में रखा दवा बाहर गिरा है। साथ ही बैग में रखा पैसा गायब है, जिसके बाद उसने तत्काल थाने में जाकर पूरी बात बताई। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति पैसे गायब होने की सूचना दी है। इसके तत्काल बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पैसे की बरामदगी कर ली जाएगी।

एडमिशन के नाम पर घूस मांगने प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
प्रखंड क्षेत्र के बुका निवासी अमरेंद्र राउत के पुत्र शवलेश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर प्लस टू हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी एवं क्लर्क चंद्रकांत पांडेय पर एडमिशन के नाम पर दो हजार घूस मांगने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि प्लस टू हाई स्कूल भवनाथपुर में नामांकन कराने गया हुआ था जिसमे प्रचार्य अंकित त्रिवेदी द्वारा बोला गया कि जाओ क्लर्क चंद्रकांत पांडेय से मिल लो एडमिशन हो जाएगा। उसके बाद मे क्लर्क से मिला इसमें क्लर्क के द्वारा आज आओ, कल आओ कह कर मुझे परेशान करते रहे। फिर जब सभी बच्चों का एडमिशन हो गया तब हमने कहा की सभी का एडमिशन हो गया मेरा भी कर दीजिए। जिसके बाद मेरे एडमिशन फीस के बाद बतौर रिश्वत मेरे से दो हजार रुपये की मांग की गई। तो हमने कहा कि इतने दिनों से हो जाएगा हो जाएगा बोल रहे थे यही बात था तो आप पहले ही बोल देते हम कही और करा लेते अब तो हम कही के नही रहे। हमने काफी बिनती की लेकिन मेरा एडमिशन नही किए। उन्होंने ने कहा कि बिना पैसे लिए हम एडमिशन नही करेंगे। इसके लिए तुमको जहां पर जाना हो जा सकते हो। और मेरा कागजात वापस कर दिया, जिससे मैं काफी मानशिक रूप से परेशान हूं। प्राचार्य और क्लर्क की मिलीभगत से मेरा कैरियर को बर्बाद किया गया जिससे काफी परेशान हूं।



गुहार जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से की मांग

खरौंधी प्रखंड में खोला जाना चाहिए पेट्रोल पंप

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
खरौंधी प्रखंड में गुरुवार को खरौंधी बाजार स्थित जिला परिषद धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान एवं खरौंधी व्यावसायिक संघ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिले के उपायुक्त से खरौंधी में पेट्रोल पंप खोलने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने बताया की भवनाथपुर के पेट्रोल पंप के मालिकों के द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से बार-बार खरौंधी थाना को पत्र के माध्यम से खरौंधी प्रखण्ड में फुटकर तेल विक्रेताओं पर पूर्णत पाबंदी लगाने का नाकाम प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया गया की पेट्रोल पम्प भवनाथपुर में स्थित है जो की खरौंधी प्रखंड से लगभग 20 से 25 किलो मीटर दूर है जो खरौंधी की जनता उतना दूर जाकर तेल लेने में असमर्थ है। इसके साथ ही सभी ने बताया की खरौंधी प्रखंड भौगोलिक के अनुसार दों राज्यों उत्तर प्रदेश और बिहार से सटा हुआ प्रखंड है। और यह प्रखंड में कई सालों से सुखाड़ की मार झेल रही है, जिसमें खरौंधी प्रखंड की जनता को रोजी रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो जा रहा है। प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा की प्रखंड की जनता को जहां भी सस्ता सामग्री मिलती है अपना क्रय- विक्रय करते हैं। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की कि खरौंधी प्रखंड में एक पेट्रोल पंप की स्थापित कराई जाए जिससे यहां की जनता को स्वतंत्र रूप से व्यवसाय करने की आजादी मिल सके।

ज्ञान की बात

गलती जीवन का एक पन्ना है लेकिन रिश्ता पूरी एक किताब है। जरूरत पड़ने पर गलती का एक पन्ना फाड़ देना, लेकिन एक पन्ने के लिए पूरी किताब कभी ना खो देना...

- अज्ञात

सावधानी व सर्तकता जरूरी

झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हो गई। मच्छरों पर नियंत्रण के लिए नगर निगम और संबंधित संस्थायें फागिंग नहीं करा पा रही हैं। यही कारण है कि आमलोग बीमार हो रहे हैं। जमशेदपुर और रांची में सबसे अधिक मच्छर जनित बीमारियों के मरीज मिल रहे है। जमशेदपुर में अब तक डेंगू से पीड़ित 4 मरीजों की मौत की भी खबर है। रांची में भी कई डेंगू मरीज अस्पतालों में भर्ती है। झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीजों की पहचान हुई है। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम दस जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं। जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है। यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है।

रांची में डेंगू के 56 और चिकनगुनिया के 72 मरीज चिह्नित किए गए हैं। धनबाद के महुदा के डेंगू पीड़ित की रिम्स में मौत हो चुकी है। हाल में हुए सर्वे में 300 घरों में डेंगू के लार्वा मिले हैं। यह एक खतरनाक संकेत है। राज्य के कई हिस्से के लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि कई जगहों पर जिला प्रशासन और नगरनिगम डेंगू की रोकथाम के लिए ईमानदार नहीं है। कई प्रकार की जो दवा निकली है,उसकी जानकारी नगर निगम को नहीं है। इसे इनकी लाचारी भी कहा जा सकता है। कई जगहों पर जितनी मात्रा में दवा के छिड़काव की जरूरत है,वह नहीं हो पा रही है। जिस कारण मच्छर मर नहीं रहे हैं। सच्चाई यह है कि मच्छर मारने के लिए करोड़ो रूपये दिखाये जा रहे हैं। लेकिन काम नहीं हो रहे हैं। यह स्थिति अच्छी नहीं है। इस ओर सरकार को आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी है। इनमें से 75 से 80 मरीज ऐसे हैं जिनकी एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। इलाज करा रहे मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी हो गई है। रांची के रातू रोड, बरियातू, इंद्रपुरी, कुम्हार टोली, मधुकम, चुटिया और वर्द्धमान कंपाउंड में डेंगू के कई ऐसे मरीज हैं, जो घर में ही इलाज करा रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार रांची में जनवरी से अगस्त तक 786 लोगों की डेंगू और चिकनगुनिया की जांच की गयी है। वहीं, दो ऐसे मरीज हैं जिन्हें डेंगू और चिकनगुनिया दोनों है। रिम्स में 77 डेंगू पीड़ितों का इलाज चल रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी लैब में हो रही जांच में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। झारखंड में डेंगू के सबसे अधिक मरीज पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में हैं। डेंगू और चिकगुनिया के बढ़ते मामले को देखते हुए राजधानी रांची में प्लेटलेट्स की मांग में इजाफा हुआ है। हर दिन लगभग 10 यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत रांची में है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में जहां प्लेटलेट्स की जरूरत 96 यूनिट थी, वह अगस्त से लेकर अब तक 252 यूनिट हो गयी है। रांची के 18 ब्लड बैंकों में 11 में एक यूनिट भी प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हैं। वहीं 7 निजी ब्लड बैंकों में 66 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध हैं। हालांकि यहां भी समय पर प्लेटलेट्स मिल जायेगा, इसकी गारंटी नहीं है। रिम्स की ओपीडी में हर दिन 120 से ज्यादा मरीज डेंगू या इसके समान लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। जांच लिखने पर भी जांच कराने से कतराते हैं। 2-3 दिन में रिपोर्ट के साथ रिव्यू के लिए बुलाने पर भी नहीं आते। ओपीडी में ऐसे रोगी भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें 7 दिन से अधिक समय से बुखार है। वहीं, यहां भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। मच्छर जनित बीमारियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए चारो तरफ हाहाकार मचा हुआ है।

पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीजों की पहचान हुई है। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम दस जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं। जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है। यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है।

भारतीय मत्स्यपालन: एक उभरता क्षेत्र

अब जबकि भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, मत्स्यपालन क्षेत्र इस यात्रा में अपना दायित्व निभाने के लिए आगे आया है। प्रधानमंत्री की 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' की बदौलत, पिछले नौ वर्षों में भारतीय मत्स्यपालन एक उभरते हुए क्षेत्र के रूप में सामने आया है और यह देश को अग्रणी नीली अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ा रहा है।

कुल 8000 किलोमीटर से अधिक लंबे समुद्री तटों, विशाल विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र, कुछ सबसे बड़ी नदियों व जलाशयों और महत्वपूर्ण रूप से मेहनती मानव पूंजी से समृद्ध भारत में हमेशा मत्स्यपालन के विकास की अपार संभावनाएं रही हैं। लेकिन शायद पिछली सरकारों की उपेक्षा, उदासीनता और नीतिगत निष्क्रियता ने इन संभावनाओं को कभी भी साकार होने ही नहीं दिया। विभिन्न रिपोर्टों से यह पता चलता है कि आजादी के बाद से 2014 तक, केन्द्र सरकार मत्स्यपालन के विकास के लिए 4000 करोड़ रुपये से भी कम की राशि जारी कर सकी।

विभिन्न गीतों और कहानियों में 'महासागर के राजा' के रूप में प्रशंसित एक मछुआरा वास्तव में अपनी आजीविका कमाने के लिए हर दिन संघर्ष करता रहा। प्रसिद्ध तमिल अभिनेता एम. जी. रामचन्द्रन (एमजीआर) ने अपनी फिल्म 'पडागोटी' में मछुआरों की इस दुर्दशा को पूरी संवेदनशीलता के साथ दशार्या था। मछुआरों की पीड़ा एवं उनके संघर्ष और असंवेदनशील व्यवस्था के हाथो उनके शोषण एवं बेबसी के इस दर्दनाक चित्रण ने दर्शकों के मन में एक अमिट छाप छोड़ी थी।

यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही थे जिन्होंने हमारे मछुआरे समुदाय के लिए इस नीली अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं को समझा और इस क्षेत्र का प्रणालीगत विकास शुरू करने का निर्णय लिया। उनके नेतृत्व में, केन्द्र सरकार ने नीली क्रांति योजना (2015- 5000 करोड़ रुपए) और फिशरीज एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (2017- 7522 करोड़ रुपए) के माध्यम से सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की। इन योजनाओं ने भारतीय मत्स्यपालन के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों की एक श्रृंखला शुरू की, जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया और 2.8 करोड़ मछुआरों के जीवन को प्रभावित किया। जैसे-जैसे भारतीय मत्स्यपालन आगे बढ़ना शुरू हुआ, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2019 में इसके केंद्रित विकास के लिए एक नया मत्स्यपालन मंत्रालय बनाया।

जब भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र एक बड़ी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा था, अचानक कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण दुनिया रुक गई। लेकिन, नेतृत्व ने इस संकट को एक अवसर में बदल दिया और सितंबर 2020 में 20050 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) लाकर मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की, जो भारतीय मत्स्यपालन के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

इस नए निवेश और केन्द्रित ध्यान की बदौलत, पीएमएमएसवाई ने मछली के उत्पादन, उसकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया से जुड़े बुनियादी ढांचे और विपणन तक की मत्स्यपालन की मूल्य श्रृंखला में मौजूद महत्वपूर्ण अंतराल को पाटना शुरू कर दिया। इसने प्रमुख रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की हैः समुद्री मत्स्यपालन, अंतदेर्शीय मत्स्यपालन, मछुआरों का कल्याण, बुनियादी ढांचा और मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया का प्रबंधन, ठंडे पानी में मत्स्यपालन, सजावटी मत्स्यपालन, जलीय स्वास्थ्य प्रबंधन, समुद्री शैवाल की खेती आदि।

पिछले नौ वर्षों के दौरान केन्द्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और मछुआरों को शामिल करके केन्द्र सरकार द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों ने भारतीय मत्स्यपालन की स्थिति में नाटकीय रूप से परिवर्तन ला दिया है। कुल 107 से अधिक मछली पकड़ने से जुड़े बंदरगाह और मछली लैंडिंग केंद्र जैसे मुख्य बुनियादी ढांचे का निर्माण/आधुनिकीकरण किया गया है जो सुरक्षित लैंडिंग, बर्थिंग और लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आवश्यक हैं। कोचीन, चेन्नई, मुंबई, विशाखापत्तनम और पारादीप में प्रमुख मछली पकड़ने के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण किया गया है। मछुआरों की आय सीधे तौर पर मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया के प्रबंधन से जुड़ी होती है। यानी मछुआरों की आय मछली के भंडारण, संरक्षण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था पर निर्भर करती है। कुल 25000 से अधिक मछली परिवहन सुविधाओं, 6700 मछली कियोस्क/बाजारों और 560 कोल्ड स्टोरेज को दी गई मंजूरी के साथ, जमीनी स्तर पर मत्स्यपालन का यह बुनियादी ढांचा तेजी से मजबूत हो रहा है।

मछुआरों को खुले समुद्र में जोखिम और कामकाज की खतरनाक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। इन जोखिमों को कम करने के लिए, 1043 मौजूदा मछली पकड़ने वाले जहाजों के उन्नयन, 6468 नावों और 461 गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों के प्रतिस्थापन और उपग्रह आधारित संचार का उपयोग करके समुद्री मछली पकड़ने वाले जहाजों पर एक लाख ट्रांसपोंडरों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। पीएमएमएसवाई ने अंतदेर्शीय मत्स्यपालन को पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकाला और उसमें प्रौद्योगिकी का समावेश किया, जिससे कई प्रतिभाशाली एवं उद्यमशील युवाओं को मत्स्यपालन के उद्यम को अपनाने की प्रेरणा मिली। आज, कश्मीर घाटी की युवा महिला उद्यमी पुनर्चक्रण पर आधारित मत्स्यपालन प्रणाली (रीसक्युर्लेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) का उपयोग करके ठंडे पानी के रेनबो ट्राउट का कुशलतापूर्वक पालन कर रही हैं। बायोफ्लॉक द्वारा पाले गए झींगा की बदौलत नेल्लोर के मत्स्यपालन से जुड़े उद्यमी सफल निर्यातक बन गए हैं। पीएमएमएसवाई ने मत्स्यपालन को गैर-पारंपरिक क्षेत्रों तक विस्तारित करने में मदद की है। लगभग 20000 हेक्टेयर के ताजा तालाब वाले क्षेत्र को अंतदेर्शीय जलीय कृषि के अंतर्गत लाया जा रहा है। यहां तक कि चारों ओर भूमि से घिरे हरियाणा और राजस्थान के किसान भी जलीय कृषि के माध्यम से अपनी खारी बंजर भूमि को सफलतापूर्वक धन देने वाली भूमि में परिवर्तित कर रहे हैं। पीएमएमएसवाई ने मछुआरा समुदाय की महिलाओं को सजावटी मत्स्यपालन, मोती के उद्यम (पर्ल कल्चर) और समुद्री शैवाल की खेती जैसे लाभकारी विकल्प और वैकल्पिक आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाया है। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में हाल ही में शुरू किया गया 127 करोड़ रुपये का समुद्री शैवाल पार्क वास्तव में मोदी सरकार का एक अग्रणी कदम है। बीज, चारा और नस्ल मत्स्यपालन क्षेत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं। पीएमएमएसवाई ने 900 मछली चारा संयंत्रो एवं 755 हैचरी को सक्रिय किया है और यह चेन्नई में भारतीय सफेद झींगा से जुड़े अनुसंधान एवं आनुवंशिक सुधार, विशिष्ट रोगजनक मुक्त ब्रूड स्टॉक के विकास और अंडमान में बाघ झींगा (टाइगर श्रिम्प) से जुड़ी परियोजनाओं को समर्थन प्रदान कर रहा है। नीली अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के केंद्र में मछुआरों और मत्स्यपालन से जुड़े उद्यमियों का कल्याण एवं उनके जीवन की बेहतरी है। मंदी और प्रतिबंध की अवधि में मछुआरों को पोषण संबंधी सहायता, एकीकृत तटीय गांवों का विकास, मछुआरों की सहायता के लिए सैकड़ों युवा सागर मित्र, समूह दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से संस्थागत वित्तीय सहायता जैसे कई उपाय भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र के व्यापक विकास के पूरक हैं। भारतीय मछुआरों के साथ मोदी सरकार की साझेदारी ने उन्हें सशक्त बनाया है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और गर्व की भावना आई है। देशभर के मछुआरों को दिल्ली के लाल किला में स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया था।

भारत में हमेशा मत्स्यपालन के विकास की अपार संभावनाएं रही हैं। लेकिन शायद पिछली सरकारों की उपेक्षा, उदासीनता और नीतिगत निष्क्रियता ने इन संभावनाओं को कभी भी साकार होने ही नहीं दिया।

मत्स्यपालन

- डॉ. एल मुरुगन,
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी तथा सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री, भारत सरकार

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त कि वास्तविक कहानी

भक्त पीढ़ी दर पीढ़ी सुनी सुनाई लोककथाओं और मान्यताओं के आधार पर देवी देवताओं की पूजा करते हैं। लेकिन यह भूल जाते हैं कि सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथ प्रमाणित करते हैं कि पूर्ण परमात्मा वह है जिसने आत्मा सहित सर्व ब्रह्मांडों का निर्माण किया है। तत्वज्ञान की कमी के कारण भक्त देवी देवताओं की ही पूजा करते हैं जो आत्माओं को कोई लाभ नहीं देता। देवी देवताओं की पूजा साधना आत्माओं को काल के जाल में फंसाए रखने में सहायक होती है। आत्माएं जन्म मरण के चक्र में सदा सदा के लिए फंस जाती हैं। पूर्ण परमात्मा के विधान के अनुसार, धर्मराज (यम) के दरबार में आत्माओं के हर कर्म का हिसाब रखा जाता है। बुरे कर्म करने वाले को धर्मराज के दरबार में दंड मिलता है और अच्छे कर्म करने वाले को उसका अच्छा प्रतिफल मिलता है। इस लेख में, हम धर्मराज (यम) के नाम से प्रसिद्ध देवता जो हर आत्मा के कर्मों का पूरा हिसाब रखते हैं उनकी पूजा का विश्लेषण करेंगे और समझेंगे किः

धर्मराज (यम) हमारे कर्मों का लेखा-जोखा कैसे रखते हैं?

धर्मराज (यम) के दरबार में क्या होता है? धर्मराज (यम) पूज्य देवता हैं या नहीं?

क्या धर्मराज (यम) की पूजा से मोक्ष प्राप्त हो सकता है?

भक्तों को धर्मराज (यम) से कौन बचा सकता है?

आगे बढ़ने से पहले आइए यह जान लेते हैं कि धर्मराज (यम) कौन है? तथा इसके साथ ही यह लेख निम्नलिखित विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा ।

धर्मराज (यम) कौन हैं?

चित्रगुप्त कौन हैं?

सतगुरु धर्मराज (यम) द्वारा लिखे गए खाते को रद्द कर देते हैं। सर्वशक्तिमान कबीर जी द्वारा स्वामी रामानंद जी को धर्मराज (यम) के दरबार का दर्शन

ड्रग्स की राजधानी बनने से कैसे बचे दिल्ली

दिल्ली में तेजी से फैलता नशे का कारोबार चिंता का विषय बन गया है। राजधानी में विभिन्न किस्म के मादक पदार्थों की तस्करी अब प्रत्येक गली-मोहल्लों में होने लगी है। एनसीआर क्षेत्र में भी नशे का कारोबार इस कदर फैल चुका है, जिसे रोकने में पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। बीते शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तस्करों से करीब 90 किलो अफीम पकड़ी, जो दूसरे प्रदेशों से लाई गई थी। दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा। हम सोच भी नहीं सकते कि इस जंजाल में कौन-कौन और कैसे-कैसे व्यक्ति शामिल हैं।

हालांकि, इतना तो सभी जानते हैं कि किस्म-किस्म के महंगे मादक पदार्थों का सेवन कोई आम इंसान तो करेगा नहीं। इसके लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है इसलिए कोकीन, अफीम जैसे उच्च कोटि के नशीले पदार्थ के खरीदार भी बड़े लोग ही होते हैं। देखिए, दिल्ली एक ऐसी जगह है, जहां सरकार से लेकर ब्यूरोक्रेट लॉबी, बड़े उद्योगपति व विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं का जमावड़ा रहता है। इनके रहन-सहन, जीने के तौर-तरीके से सभी वाकिफ ही हैं। फिलहाल, इस सामाजिक बुराई की आंच इन लोगों तक नहीं पहुंचती। दिल्ली को ड्रग्स के जंजाल से कैसे निकाला जाए? इसकी चिंता शायद किसी को है नहीं। निकालना कोई इसलिए भी नहीं चाहता, क्योंकि ड्रग्स के काले धंधे में एक ऐसा वर्ग शामिल है जिसके के लिए ये कारोबार मुनाफे का बड़ा जरिया बना हुआ है। उन्हीं को देखकर आज के नासमझ युवा मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं, वो इसे स्टेटस सिंबल समझने लगे हैं। इसकी गिरफ्त में बहुत कम या ज्यादा समूचे देश का युवा फंसा है। इसकी पहुंच स्कूल-कॉलेजों में हो गई है। अभी कुछ माह पहले ही दिल्ली के एक नामी स्कूल में छात्र के पास से कोकीन बरामद हुई थी। छात्र बड़े ओहदेदार का पुत्र था। अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसी चीजें उनके घर में खुलेआम आती-जाती होंगी, तभी उसे देखकर बच्चा प्रभावित हुआ। मामले को स्कूल प्रशासन ने दबा दिया, ताकि पहचान उजागर न हो। मादक पदार्थ कारोबार में शामिल बड़े लोगों की पहचान कभी सार्वजनिक नहीं की जाती। ये दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जाता है, इसके पीछे की वजह को भी सभी जानते हैं। राजधानी में ड्रग्स कई रास्तों से होकर पहुंच रही है क्योंकि सीमाएं विभिन्न राज्यों से जुड़ती हैं। ड्रग्स डीलर्स विभिन्न प्रदेशों से चरस, गांजा कोकीन, अफीम दिल्ली तक पहुंचाते हैं। उसके बाद दिल्ली में अपने हिसाब से आगे सप्लाई करते हैं। नॉर्थ ईस्ट के तस्कर दिल्ली में मादक पदार्थ कोरियर के जरिए भिजवाते हैं। नारकोटिक्स विभाग की मानें तो राजधानी में बीते 3 साल में ड्रग्स के डाटा चौंकाने वाले रहे। साल 2020 में 886 किलोग्राम गांजा, 28 किलोग्राम हेरोइन, 14 किलोग्राम कोकेन जबकि 16 किलो अफीम बरामद हुई थी। जबकि, इस साल ये डाटा सिर्फ 4 महीने में उससे कई गुना ज्यादा हुआ। अभी तक 4396 किलो अफीम बरामद हो चुकी है। बीते पांच-छह साल से ड्रग्स का धंधा धड़ल्ले से शाम के वक्त पॉश इलाकों में चलता है। दिल्ली में सफेदपोश या बड़े लोगों के घरों में पार्टी-फंक्शन हो और उसमें ड्रग्स का वितरण ना किया जाए, ऐसा हो नहीं सकता। राजधानी दिल्ली और उससे सटे इलाकों में ड्रग्स का कारोबार आग की तरह फैल रहा है। दिल्ली में शनिवार को 40 करोड़ की अफीम पकड़ी गई, जिसकी सप्लाई लुटियन जोन सहित दूसरे पॉश इलाकों में होनी थी। स्पेशल सेल के पास पूरी जानकारी है कि अफीम की सप्लाई कहां-कहां और किन-किन लोगों में होनी थी।

डॉ. रमेश ठाकुर

दिल्ली में मादक पदार्थों की सप्लाई सबसे ज्यादा कहां-कहां होती है और उसके शौकीन कौन-कौन हैं? दरअसल ये एक ऐसा सवाल है जिसका उत्तर अगर सच्चाई से पुलिस-प्रशासन सार्वजनिक कर दे तो भूचाल आ जाएगा।

नशे का कारोबार

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

इंडिया महागठबंधन की बड़ी बाधा न बन जाये 'आप'

आज की राजनीति सत्ताकांक्षी अधिक है, जबकि उसका मूल लक्ष्य राष्ट्र-निर्माण एवं राष्ट्र उन्नति कहीं गुम हो गया है। हर राजनैतिक दल राष्ट्रहित नहीं, अपने स्वार्थ की सोच रहा है। जैसे-जैसे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव एवं अगले वर्ष आम चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, हर दल येन-केन-प्रकारेण ज्यादा-से-ज्यादा वोट प्राप्त करने की तरकीबें निकाल रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के महागठबंधन 'इंडिया' के बनने से पहले ही उसमें सीटों एवं शीर्ष नेतृत्व को लेकर फूट, अलग सुर, ऊंची महत्वाकांक्षा और बेतरतीब तालमेल दिखने लगा हैं। इसमें सबसे ज्यादा अति-महत्वाकांक्षी आम आदमी पार्टी सेंध लगा रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में लगभग सभी सीटों से चुनाव लड़ने की उसकी घोषणा ने इंडिया में खलबली मचा दी है। निश्चित ही वर्तमान राजनीति परिवेश में आम आदमी पार्टी ने अपनी स्वतंत्र जगह बनाई है, भविष्य में यह दल प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभर कर सामने आ जाये तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। राजनीति में अक्सर यह कहा जाता है कि जो दिखता है वह होता नहीं और जो होता है वह दिखता नहीं। विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय को-ऑर्डिनेशन कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में बेनतीजा रही। इसमें नेतृत्व के मुद्दे और सीटों को लेकर फैसला लिया जाना था, उस पर अब भी आपसी सहमति नहीं बन पाई है। सहमति बनाना आसान भी नहीं दिख रहा है। महागठबंधन में सबकुछ ठीक दिख नहीं रहा है। कोलकाता में भी ममता दीदी को नेतृत्व करने के लिए आवाज उठ रही है। महागठबंधन में भले ही कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस साथ दिख रहे हों लेकिन कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी ही ममता को राष्ट्रपति द्वारा दिए गए जी-20 के भोज में शामिल होने पर कटाक्ष कर चुके हैं। दिल्ली में भी अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी के नेता नेतृत्व की मांग कर चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है। हर राज्य में अमूमन कुछ न कुछ यहीं स्थिति है। ऐसे में महागठबंधन की राह आसान तो कतई नहीं है।

आम आदमी पार्टी ने पिछले कुछ सालों कई राज्यों तक अपना विस्तार कर लिया है। दिल्ली के बाद उसने पंजाब में सरकार बनाई है, गुजरात में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी किस्मत अजमाने के साथ इसी कड़ी में बिहार में भी चुनाव लड़ने जा रही है। असल में गतदिनों दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने अपने बिहार के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। उस बैठक के बाद ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने बताया कि पार्टी बिहार में भी चुनाव लड़ेगी। उनके मुताबिक चुनाव लड़ने या ना लड़ने का सवाल ही नही उठता है, चुनाव में तो उतरना ही पड़ेगा। अब आम आदमी पार्टी के इन मंशाओं एवं घोषणाओं का इंडिया महागठबंधन पर असर होना स्वाभाविक है। आरजेडी नेता और सांसद मनोज झा ने दो टूक कहा है कि जिस समय विपक्षी एकता की नींव रखी गई थी, ये साफ किया गया था कि सभी पार्टियों को कुछ नियमों को पालन करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आम आदमी पार्टी भी उन सिद्धांतों का पालन करेगी। वैसे आम आदमी पार्टी के लिए बिहार कोई पहला राज्य नहीं है जहां वो दूसरे दलों के विरोध के बीच उतरने की बात कर रही हो। कुछ दिन पहले ही आप संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दोनों ही राज्यों में उनकी तरफ से कांग्रेस पर निशाना भी साधा गया। इसी कड़ी में दिल्ली में कांग्रेस ने भी तल्ख तेवर दिखाते हुए कह दिया कि सातों सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा। यानी कि हर तरफ इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती वाली स्थिति बन रही है। अब आम आदमी पार्टी की मंशा यह भी है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में चुनाव न लड़े। विपक्षी गठबंधन की पटना बैठक के दौरान आप नेताओं ने अपने बयानों में इस बात का जिक्र भी किया था। आप नेताओं ने ऐसा करने पर कांग्रेस के साथ आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में सहयोग करने के लिए राजी होने के संकेत दिए थे।

ललित गर्ग

आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी राजस्थान में सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर पहले ही महागठबंधन के अंदर की स्थिति को जगजाहिर कर चुकी है।

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

हिन्दी के सम्मान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : शिवराज

एजेंसी। भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हिन्दी दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार हिन्दी के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री चौहान ने गुरुवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर एक्स (ट्वीट) के माध्यम से कहा कि यह दिवस विशिष्ट और अप्रतिम गर्व का पर्याय है। मातृ भाषा उन्नति का सशक्त आधार है। कोई भी व्यक्ति अपनी भाषा में अपने विचारों को श्रेष्ठ ढंग से अभिव्यक्त कर सकता है। प्रदेश में हिन्दी को प्रोत्साहित किए जाने की नीति है। इस पर गंभीरता पूर्वक अमल किया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश हिन्दी भाषा बहुल प्रांत है। देश के हिन्दी राज्यों में मध्यप्रदेश ही ऐसा एक मात्र राज्य है जिसने अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी

विश्वविद्यालय की स्थापना की। वर्ष 2011 में भोपाल में स्थापित इस विश्वविद्यालय का विधिवत शिलान्यास वर्ष 2013 में हुआ। प्रथम शिक्षण सत्र 60 विद्यार्थियों से प्रारंभ हुआ। वर्ष 2017-18 में विद्यार्थी संख्या बढ़कर लगभग 500 हो गई। वर्तमान में यह संख्या 800 से अधिक है। विश्वविद्यालय में अनेक पाठ्यक्रम संचालित हैं। प्रदेश के अनेक नगरों में अध्ययन केंद्र भी संचालित हैं। इस विश्वविद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों में हिन्दी कौशल बढ़ाने का कार्य हुआ है। यहां सभी शिक्षण पद्धतियां और शोध हिन्दी में किए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब मध्यप्रदेश में अंग्रेजी भाषा बच्चों के सपनों की राह में कोई बाधा न बन सके, इसलिए मध्यप्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की व्यवस्था भी हिन्दी में प्रारंभ करने की पहल की गई है।उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में 2015 में विदेश मंत्रालय के सहयोग से विश्व हिन्दी सम्मेलन किया गया था। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर 10वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में अनेक राष्ट्रों के हिन्दी प्रेमी उपस्थित हुए थे। विशेषज्ञ वक्ताओं के व्याख्यान से नागरिक, शिक्षकगण और विद्यार्थी लाभान्वित हुए थे। शासन स्तर पर हिन्दी में कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रयास किए गए हैं। संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी सेवियों को पुरस्कृत और सम्मानित भी किया जाता है। मध्यप्रदेश में स्वाभाविक रूप से हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग की परंपरा है। मध्यप्रदेश हिन्दी की प्रतिष्ठा को कायम रखते हुए राष्ट्र भाषा की लोकप्रियता को बढ़ाने में निरंतर सक्रिय है।

पिता की हत्या के आरोपित पुत्र को मिली आजीवन कारावास की सजा

जगदलपुर। बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामावाड़ा में डेढ़ वर्ष पूर्व पुत्र ने पिता को डंडे से मारकर हत्या कर दी थी। इस पर सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परपा थाना क्षेत्र के ग्राम जामावाड़ा में 06 दिसंबर 2021 को घासीराम उर्फ घसिया नाग ने अपने पिता लच्छू उर्फ गुजा ने बांस के डंडा से मारा। इसकी रिपोर्ट थाना की सूचना पर पुलिस ने जांच कर पुत्र को 08 दिसंबर 2021 को गिरफ्तार किया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें डॉक्टर ने मृत्यु का कारण गले में आयी चोट से सूजन आने से दम घुटना बताया। पुलिस ने मामले को न्यायालय में पेश किया और आरोपी पुत्र को अभिरक्षा में जेल भेजा।

12 पूर्व वीसी ने राज्यपाल को भेजा कानूनी नोटिस

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों के 12 पूर्व कुलपतियों ने गुरुवार को राज्यपाल सी.वी. आनंदा बोस को कानूनी नोटिस भेजा। बोस सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी हैं।

ये 12 पूर्व कुलपति वे हैं जिनसे राज्यपाल ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इस्तीफा मांगा था, क्योंकि उनकी नियुक्तियां मानदंडों के अनुसार नहीं थीं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि कानूनी नोटिस राज्यपाल को नहीं बल्कि चांसलर को भेजा गया है। उनका तर्क है कि राज्यपाल की टिप्पणी से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कानूनी नोटिस में इन 12 कुलपतियों ने मांग की है कि राज्यपाल को अपना बयान वापस लेना चाहिए और अगले 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए या अदालत में मानहानि का मुकदमा का सामना करना होगा। उन्होंने राज्यपाल से प्रत्येक के लिए 50

लाख रुपये के मुआवजे की भी मांग की है। 7 सितंबर को गवर्नर ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था कि उन्हें उन विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति क्यों करनी पड़ी।राज्यपाल ने सवाल किया, मुझे इतने सारे राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति क्यों करनी पड़ी? ऐसा इसलिए कि पिछले कुलपतियों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार इस्तीफा देना पड़ा था क्योंकि उनकी नियुक्तियाँ मानदंडों के अनुसार नहीं थीं। मैंने उनसे इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद उन्होंने खुद ही इस्तीफा दे दिया।

राजस्व मंत्री ने पीएम को लिखा पत्र, निजी कंपनी की कार्यशैली पर उठाए सवाल

एजेंसी। कोरबा

कोरबा के संवेदनशील विधायक व प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कोरबा में वेदान्ता प्रबंधन द्वारा संचालित भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड द्वारा अपनाई गई नियम विरूद्ध व निरंकुश कार्यशैली से अंचल में उभर रहे जनाक्रोश से अवगत कराते हुए भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है।

प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में राजस्व मंत्री ने कंपनी के संबंध में लिखा है कि भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड की स्थापना भारत सरकार के उपक्रम के तौर पर वर्ष 1965 में अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य के आदिवासी क्षेत्र कोरबा में की गई थी। भारत सरकार की

विनिवेशीकरण नीति के तहत इस कंपनी की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी स्टरलाइट कम्पनी को वर्ष 2001 में भारत सरकार द्वारा सौंपी गई थी जो अब वेदांता रिसोर्सेज के नाम से जानी जाती है। पत्र में आगे लिखा गया है कि कम्पनी का आधिपत्य ग्रहण करने के बाद वेदान्ता प्रबंधन ने एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ही विद्युत संयंत्रों की स्थापना भी किया है। राजस्व मंत्री ने पत्र में लिखा है कि संयंत्र विस्तार के लिए आयोजित की गई जनसुनवाई के दौरान कम्पनी ने स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का वायदा किया था। संयंत्र विस्तार कार्यक्रम संचालित करने के साथ ही कम्पनी अपने वायदे से मुकर गई । राजस्व मंत्री ने अंचल में पनप रहे जन आक्रोश के संबंध में प्रधान मंत्री को अवगत कराते हुए लिखा है कि स्थानीय युवाओं की उपेक्षा कर अन्य प्रांतों से कामगारों की भर्ती करके संयंत्र विस्तार कार्य व प्रचालन का कार्य करवाया जा रहा है। जबकि स्थानीय स्तर पर ही हर विधा में दक्ष और योग्य युवाओं की कोई कमी नहीं है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि कम्पनी के संयंत्र विस्तार योजना के सुचारू संचालन के लिए निरंतर भारी वाहनों से परियोजना संबंधी भारी मशीनरी को मंगाया जाता है।

पंच प्रण की दिशा में बढ़े भारत के कदम,जी20 कार्यक्रम उचित उदाहरण : केशव मौर्य

एजेंसी। वाराणसी

पंच प्रण की दिशा में भारत के कदम बढ़ चुके हैं। जी20 कार्यक्रम इसका सबसे उचित उदाहरण है। जी20 कार्यक्रम से सभी ने देखा कि विश्व के सशक्त देशों के नेतृत्व का कार्य भारत ने निभाया है। यह बात उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हिन्दुस्थान समाचार समूह की ओर से आयोजित भारतीय भाषा सम्मान दिवस कार्यक्रम में कही। अपने संबोधन के बीच उप मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य जी को दंडवत प्रणाम किया और इनके चरणपादुका की पूजा भी की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि काशी के लाडले सांसद नरेन्द्र मोदी के

सामने आज सभी प्रण छोटे पड़ रहे हैं। भारत को समृद्ध तौर पर पेश करने के प्रण के साथ आज प्रधानमंत्री मोदी ने कोणार्क के सूर्यमंदिर को विश्वभर में लोगों को बैकड्राप के तौर लगाने के लिए प्रेरित किया है। यही स्थिति नालंदा विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी की फोटो भी दुनियाभर में सोशल मीडिया पर छाई हुई है। जबकि पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जब काशी आते थे तो सारे मंदिरों को पर्दे से ढक दिया गया था। इतना ही नहीं स्वतन्त्रता प्राप्ति के तत्काल बाद सोमनाथ मंदिर, जिसे आतताइयों ने तोड़ दिया था, तत्कालीन गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में बनाया गया था। उसी तरह मोदी भी देश को सांस्कृतिक तौर पर सक्षम और समृद्ध बनाने में जुटे हैं। कार्यक्रम के विषय पंच प्रण को लेकर उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रण देश को समृद्ध बनाना है, लेकिन संस्कार, शिक्षा और सुरक्षा के अभाव में समृद्धि अधूरी रहती है। इसलिए जरूरी है कि हम निष्ठा के साथ प्रण करें और संतों और अपने अभिभावकों का आशीर्वाद लेकर लक्ष्य को प्राप्त करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जहां देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का वक्त हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का है। संतों के आशीर्वाद और विज्ञान के सहयोग से हम आज चंद्रमा पर भारत के तिरंगे को लहरा पाने में सफल हुए हैं।

कमलनाथ ने गैस सिलेंडर सस्ता करने पर कसा तंज, कहा- अपनी लूट पर पर्दा डालने की कोशिश

एजेंसी। भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी लाड़ली बहनों के लिए गैस सिलेंडर के दाम साढ़े चार सौ रुपये में नियमित तौर पर कर दिये हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की गैस कनेक्शन धारक उपभोक्ता और गैर उज्जवला योजना में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत उन्हीं महिलाओं को 450 रुपये में सिलेंडर दिया जाएगा जिनके नाम पर कनेक्शन होगा। सरकार के इस फैसले के बाद कांग्रेस ने जमकर घेरा है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने गुरुवार को ट्वीट कर शिवराज सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि

आपका टाइम अब खत्म हो चुका है और इसलिए आप अपनी लूट पर पर्दा डालने के लिए घोषणाएं कर रहे हैं।

कमलनाथ ने निशाना साधते हुए कहा शिवराजजी, आपने स्वीकार कर लिया है कि रसोई गैस सिलेंडर के लिए एक हजार रुपए से भी ज्यादा कीमत वसूलकर भाजपा सरकार ने जनता की मेहनत की गाढ़ी कमाई की लूट मचा रखी थी। एलपीजी के दाम घटाकर 500 रुपये करने का वचन हमने जनता को दिया, तब आपने सरकार की इस लूट पर पर्दा डालकर सिलेंडर सस्ता करने की घोषणा की है। लेकिन जनता अब जान चुकी है कि आप केवल घोषणावीर हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि चुनावी दौर में आपके भाषणों में घोषणाओं की बाढ़ खुद बयां करती हैं कि आप अब तक सत्ता के नशे में चूर होकर केवल बातें ही कर रहे थे। आपका वक्त अब खत्म होने को है, अब जनता का वक्त आ रहा है। चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आ रही है, जिसमें जनता को भाजपा सरकार की लूट, महंगाई और मुसीबत से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने देखा यूपी पुलिस और एनएसजी का शौर्य

एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और यूपी पुलिस के संयुक्त अभ्यास गांडीव-5 का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एनएसजी के वार्षिक अभ्यास के पांचवें संस्करण में विभिन्न सर्जिकल ऑपरेशन की तैयारियों को भी परखा। गांडीव-5 अभ्यास कार्यक्रम का उद्देश्य आतंकी हमले, किसी विमान के अपहरण या बंधक स्थिति में कमांडो बल के योजना मापदंडों को वैलिडेट करना है। कानून व्यवस्था को लेकर उल्लेखनीय काम करने वाली योगी सरकार प्रदेश में आतंकी घटनाओं को लेकर भी

सजग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए समय-समय पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुरक्षाबल मॉक ड्रिल करते रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस और एनएसजी की टीम ने इस तरह की घटनाओं पर अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए संयुक्त अभ्यास 'गांडीव-5' को अंजाम दिया। अभ्यास के दौरान जहां पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री ने तैयारियों को परखा वहीं लोकभवन में राज्य प्रशासन, यूपी पुलिस की विभिन्न इकाइयों और एनएसजी द्वारा संयुक्त रूप से काउंटर टेरर की मॉक ड्रिल्स की गई।

राजनीति पार्टी जनाक्रोश रैली से पहले लिस्ट जारी करने से बच रही है

मप्र कांग्रेस के विवादित नामों ने रोक दी सूची!

एजेंसी। भोपाल

मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस भले ही उम्मीदवारों के नाम पर मंथन कर रही है, मगर सूची जारी होने की प्रक्रिया पर फिलहाल ब्रेक लग गया है और इसकी वजह कथित तौर पर प्रस्तावित सूची में कुछ विवादित नाम होना बताया जा रहा है। साथ ही नेताओं को जन आक्रोश यात्रा में आक्रोश दिखने की आशंका सता रही है।

राज्य में उम्मीदवार चयन के लिए पार्टी ने स्क्रीनिंग कमेटी बनाई है और इसका प्रमुख राजस्थान से नाता रखने वाले भंवर जितेंद्र सिंह को बनाया गया है। उसके अलावा दो सदस्य पार्टी हाई कमान ने नियुक्त किया, उसके बाद तीन और राज्य के सदस्य अरुण यादव, अजय सिंह व सुरेश पचौरी को इसमें शामिल किया गया। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर कमल नाथ, दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल इस समिति के हिस्से हैं।

पार्टी सूत्रों की मानें तो उम्मीदवार चयन के लिए कई सर्वे कराए जाने के दावे किए जा रहे हैं और इसी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उम्मीदवारी तय करने की बात हो रही है।

पहले भोपाल में और फिर दिल्ली में लगातार दो दिन स्क्रीनिंग समिति की बैठक हुई। इस बैठक में भी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उम्मीदवारी तय करने की बात हुई तो कई नेताओं ने उस पर सवाल उठाए। साथ ही यह भी जानना चाहा कि आखिर इस सर्वे रिपोर्ट में किन लोगों के नाम सामने आए हैं। मगर खुलासा न किए जाने पर कई सदस्य भड़क भी गए। सूत्रों का दावा है कि जो सूची तैयार की गई है उसमें कथित तौर पर कई ऐसे नाम हैं जिनकी न तो जमीनी स्थिति अच्छी है और न ही उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता खड़े होने को तैयार हैं। मालवा इलाके से तो एक ऐसे व्यक्ति का नाम आ रहा है जो एक समाज से जुड़ा हुआ है, जिसकी संख्या उस विधानसभा क्षेत्र में बहुत कम है और उसके पिता मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल रहे हैं और उन्हें फरार घोषित किया गया है। इनता ही नहीं सर्वे में संबंधित जाति के जो आंकड़े जुटाए गए हैं वह भी गलत हैं। इतना ही नहीं एक अन्य इसी इलाके के व्यक्ति को कथित तौर पर कुछ ले देकर उम्मीदवार बनाया जा रहा है। एक सटोरिए का नाम भी कांग्रेस के गलियारों में तैर रहा है। बुंदेलखंड से एक गेरुआ धारी का नाम आ रहा है, जिसके पक्ष में स्थानीय कांग्रेसी नहीं हैं। सूत्रों का दावा है कि जिन नाम की चर्चा आ रही है उनमें बड़ी संख्या में ऐसे नाम हैं जिनकी जीत का दावा पार्टी की ओर से कोई भी राज्य का नेता करने को तैयार नहीं है। धर्म प्रचार से जुड़े लोगों, किसी खास समाज के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है। संबंधित को उम्मीदवार बनाने का आधार क्या सिर्फ सर्वे है, इस पर भी कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाए। दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की दो दिन बैठक चली, मगर नाम को लेकर उभरे विवाद ने फिलहाल सूची जारी करने की प्रक्रिया को रोक दिया है। इतना ही नहीं यह सूची जल्दी होने जारी होने के अब आसार भी नहीं हैं। नेता प्रतिपक्ष डा गोविंद सिंह ने सूची जल्दी जारी होने की संभावना से इनकार किया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि आगामी दिनों में राज्य में जन आक्रोश यात्रा निकाली जाने वाली है और अगर उससे पहले उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाती है तो विवाद खड़ा होगा।

इतना ही नहीं जन आक्रोश यात्रा को भी कांग्रेसियों के आक्रोश का सामना करना होगा, लिहाजा पार्टी ने तय किया है कि जल्दी सूची जारी नहीं की जाए।

NEWS इन ब्रीफ

इंदौरः पहली बार दौड़ी मेट्रो, कोच और ट्रैक का हुआ फिटनेस परीक्षण

इंदौर। शहर में पहली बार मेट्रो ट्रैन दोड़ी। बुधवार को यहां मेट्रो कोच पहली बार गांधी नगर डिपो से चले और प्लेटफार्म पर पहुंचे। मेट्रो कोच दोपहर दो बजे मेट्रो डिपो से रवाना हुए और पहली बार रैम्प व वायडक्ट पर पहुंचे। इस दौरान कोच की फिटनेस व ट्रैक की फिटनेस परीक्षण भी हुआ।

करीब 8 से 9 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलते हुए करीब 1200 मीटर की दूरी को तय कर मेट्रो कोच छह मिनट में गांधी नगर स्टेशन तक पहुंचे। जैसे ही कोच प्लेटफार्म पर पहुंचे, मेट्रो के इंजीनियर व स्टेशन का निर्माण कर रहे मजदूरों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। यहां 100 से ज्यादा मजदूर मेट्रो को देखकर इस बात से खुश थे कि उनकी मेहनत से बने इस स्टेशन पर बुधवार को मेट्रो खड़ी थी। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 तक ट्रायल रन के 5.9 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो कोच चलाया गया। हर प्लेटफार्म पर कोच के पहुंचने पर उसके गेट की मार्किंग व प्लेटफार्म से दूरी का आंकलन किया गया।

मेरठ में खेत पर जा रहे छात्र की गोली मारकर हत्या

मेरठ। सरधना थाना क्षेत्र के भामौरी गांव में गुरुवार को खेत में बाइक से जा रहे छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बुधवार की रात को छात्र का गांव के कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भामौरी गांव निवासी अनिल का इकलौत बेटा मोहित मेरठ कॉलेज में एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र था। अनिल ने बताया कि बुधवार की रात को मोहित का गांव के कुछ लोगों से रास्ते में खड़े ट्रैक्टर को हटाने को लेकर झगड़ा हुआ था। गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया था। गुरुवार को मोहित अपने साथी अजय के साथ बाइक से खेत में जा रहा था। उसी समय रास्ते में खड़े तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया और मोहित के सीने में सटाकर गोली मार दी। इसके बाद आरोपित फरार हो गए। घायल मोहित को उसके परिजन पल्लवपुरम के एसडीएस ग्लोबल अस्पताल में लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सरधना शिवप्रताप सिंह के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है। परिजनों ने कुछ लोगों पर शक जताया है। उन्हें पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

एसबीआई का एटीएम तोड़ते दो चोर रंगेहाथ गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। पुलिस ने चिरैया बस स्टैंड के समीप स्थित एसबीआई के एटीएम को तोड़कर रुपये चुराने आए दो चोरों को चिरैया थाने की रात्रि गश्ती टीम ने पकड़ा है। पकड़े गये दोनों चोर सहोदर भाई हैं। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र मदिलवा गांव निवासी जियालाल राय के पुत्र कुंदन कुमार (21) व चंदन कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों एक बाइक पर सवार होकर रात के करीब बारह बजे चोरी करने आये थे।

बताया गया कि दोनों एटीएम का शटर काट करअंदर से शटर गिराकर कर मोबाइल फोन की रोशनी में एटीएम को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे।इसी बीच पुलिस की गश्ती टीम उक्त चौक पर पहुंची तो देर रात में खटखट की आवाज सुन पुलिस एसबीआई की एटीएम के पास पहुंची तो ताला खुला हुआ देख कर आशंका बढ़ गई। जब शटर उठाकर देखा तो दोनो को अंदर संदेहास्पद स्थिति में रंगेहाथ पकड़ा गया।

उक्त जानकारी देते सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि इस दौरान जांच में पाया गया कि उक्त चोरों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे पर काला पॉलिथीन बांध दिया था। ताकि कैमरे में उसकी तस्वीर कैद न हो सके,पकड़े गए चोर के पास से खंती, दो मोबाइल फोन, एक अपाची बाइक व 1790 रुपये नगद बरामद किया गया है।

इस मामले में चिरैया थाना में कांड दर्ज कर अग्रेतर कारवाई किया जा रहा है।

हत्या कर फेंका मजदूर का शव बरामद, मां और बेटा गिरफ्तार

अररिया। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा वार्ड संख्या 13 ईदगाह पासवान टोला निवासी 35 वर्षीय बबलू पासवान का शव पड़ोस के ही एक घर के भूसा घर में हत्या कर फेंका हुआ बरामद किया गया।मृतक बबलू पासवान कंसोम खाद फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था और बीती रात आठ बजे से ही अपने घर से गायब था। गुरुवार के सुबह दस बजे के करीब पड़ोस के ही देवयंती देवी पति सिनोद पासवान ने शोरगुल कर बताया कि बबलू पासवान को सांप काट लिया है और उसका शव भूसा घर में है। जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और फिर मामले की सूचना फारबिसगंज थाना पुलिस को दी गई।

सूचना पर फारबिसगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।शव के गले में गहरा निशान और आंख फोड़ दिया गया था। जिसके बाद मामले में पुलिस ने देवयंती देवी पति सिनोद पासवान और बेटा मिट्ठू पासवान को हिरासत में ले लिया।

आज संभावित खिलाड़ियों को आजमा सकता है भारत

एजेंसी। कोलंबो

फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को एशिया कप के 'सुपर फोर' मैच में पहले ही बाहर हो चुकी बांग्लादेश के खिलाफ अपने संभावित खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगी। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम गहराई से सोचेगी कि अपनी पहली पसंद की टीम को ज्यादा से ज्यादा 'गेम टाइम' दिया जाए या फिर अगले महीने घरेलू सरजमीं पर होने वाले विश्व कप से पहले अपने कुछ संभावित खिलाड़ियों को मौका दिया जाए। कार्यभार प्रबंधन का यह सवाल विशेषकर गेंदबाजों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बुमराह ने एशिया कप में अभी तक महज 12 ओवर ही गेंदबाजी की है जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पांच और श्रीलंका के खिलाफ सात ओवर शामिल है। नेपाल के खिलाफ वह खेले ही नहीं थे। इसलिए यह बुमराह पर निर्भर करेगा कि वह एक और मुकाबले में गेंदबाजी करना

चाहते हैं या फिर सीधे 17 सितंबर को फाइनल के लिए उतरेंगे।

वहीं मोहम्मद सिराज ने इस टूर्नामेंट में 19.2 ओवर और हार्दिक पांड्या ने 18 ओवर डाले हैं। ये ओवर भले ही ज्यादा नहीं लगे लेकिन कोलंबो की उमस इतनी ज्यादा है कि गेंदबाज की काफी ऊर्जा कम हो जाती है इसलिए टीम प्रबंधन इनमें से एक को ब्रेक देना चाहेगा। इस संदर्भ में बात करें तो अगर बांग्लादेश के खिलाफ सिराज की जगह मोहम्मद शमी मैदान में उतरें तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। इससे पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले सीनियर तेज गेंदबाज को कुछ अहम 'मैच टाइम' हासिल करने में मदद मिलेगी। यह अहम भी है क्योंकि शमी को बुमराह, सिराज और पांड्या के ह्यबैक-अप' तेज गेंदबाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन 'थिंक टैंक' के लिए अक्षर पटेल के गेंदबाजी ग्राफ में गिरावट चिंता की बात होगी क्योंकि उन्हें रविंद्र जडेजा के कवर के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। बायें हाथ का यह स्पिनर न तो विकेट ही चटका पा रहा है और न ही रन गति पर लगाम कस पा रहा है। अक्षर ने इस साल सात वनडे खेले हैं और छह के इकोनोमी रेट से केवल तीन विकेट ही झटक सके हैं। उन्हें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है और वो भी तुरंत।

केएल राहुल की पूर्ण फिटनेस में वापसी ने टीम प्रबंधन की काफी समस्या कम कर दी है। उन्होंने क्रीज पर टिककर धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद राहुल ने टीम प्रबंधन द्वारा उनकी भूमिका पर स्पष्टता के बारे में लंबी बात की कि वह भारत के मुख्य विकेटकीपर कम मध्यक्रम बल्लेबाज होंगे। इसलिए यह माना जा सकता है कि राहुल बांग्लादेश के खिलाफ भी अपनी जिम्मेदारी निभाना जारी रखेंगे। लेकिन श्रेयस अय्यर की फिटनेस पर निगाहें लगी होंगी।

न्यूजीलैंड तीसरा वनडे हारा लेकिन बोल्ट चमके

एजेंसी। लंदन

तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड की इंग्लैंड से 181 रनों से हार के बावजूद, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी ब्लैककैप के लिए एक उज्ज्वल स्थान रही है। मैच में, बोल्ट ने 9.1 ओवर में 5-51 विकेट लिए, जो इस प्रारूप में उनका छठा पांच विकेट था, जबकि बेन स्टोक्स ने अन्य गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 182 रन बनाए, जो पुरुषों के वनडे में इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए 37 रन देकर 3 विकेट लेने वाले बोल्ट ने वनडे में न्यूजीलैंड के किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक पांच विकेट लेने के मामले में महान रिचर्ड हेडली को भी पीछे छोड़ दिया। बोल्ट की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी से मुख्य कोच गैरी स्टीड

काफी खुश हैं। मैच खत्म होने के बाद ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने स्टीड के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि उसने 17 ओवरों में आठ विकेट लिए हैं। ट्रेंट का वापस आना बहुत अच्छा है: वह हमारे लिए शीर्ष क्रम में बहुत सारी ऊर्जा और बहुत सारा कौशल लाता है। उसने जो दो मैच खेले हैं, उनमें उसने दिखाया है एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी के रूप में इंग्लैंड को पछाड़ने की उनकी क्षमता... (लेकिन) हम उन शुरूआतों का फायदा नहीं उठा पाए।"

स्टीड ने यह भी कहा कि बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर फिट होंगे और साउथम्प्टन में श्रृंखला के दूसरे मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान घुटने में चोट के कारण तीसरा वनडे नहीं खेलने के बावजूद आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, मिच के घुटने का पूरा स्कैन किया गया था, जब उन्होंने एजेस बाउल में आखिरी मैच में कैच लिया था। यह सकारात्मक आया है, जो हमारे लिए अच्छा है। उनके घुटने के आसपास थोड़ी सूजन है फिर भी, वे सोचते हैं कि यह एक जॉयंट की समस्या है। यह उससे अधिक कुछ नहीं है।" सफेद गेंद की श्रृंखला में दोनों टीमों के लिए जीत और हार का बड़ा अंतर देखा गया है, और स्टीड ने कहा कि शुक्रवार को लॉर्ड्स में अंतिम मैच में एक करीबी मैच उपयुक्त निष्कर्ष होगा। सभी सात मैच कुछ-कुछ ऐसे ही रहे हैं, हम बस यही कह रहे थे कि वास्तव में एक करीबी मैच होना अच्छा होगा ताकि हम दोनों टीमों को दबाव में देख सकें। यह निराशाजनक था कि हमने आज रात (मैच में) अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन उन्होंने बहुत अच्छा खेला।

पीएम मोदी 23 को रखेंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला

एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को वाराणसी के गांजरी इलाके में 450 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाएं और 30,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। शिलान्यास समारोह में कई स्टार क्रिकेटरों के शामिल होने की संभावना है, जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और यूपीसीए की सक्रिय भागीदारी के साथ एक भव्य शो होने जा रहा है।

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा, "23 सितंबर को क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के लिए प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे

के लिए गांजरी में तैयारियां शुरू की जा रही हैं। यह एक भव्य शो होगा क्योंकि इसमें बीसीसीआई पदाधिकारियों के अलावा अन्य सितारे भी शामिल होंगे।" समारोह में क्रिकेटरों के भी हिस्सा लेने की संभावना है।

चल रहे काशी संसद सांस्कृतिक महोत्सव के सर्वश्रेष्ठ कलाकार प्रस्तावित समारोह में प्रदर्शन करेंगे और इस महोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस आयोजन में वाराणसी और आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जाएगा।

एलएंडटी ने प्रस्तावित स्टेडियम के डिजाइन और ड्राइंग को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और इस पर आगे की कार्रवाई जिसमें यूपीसीए से अनुमोदन शामिल है, जिसके बाद वन और भूजल और अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगे जाएंगे, जल्द ही शुरू किया जाएगा। यूपीसीए की मांग पर वीडीए और यूपीपीसीबी से एनओसी लेने की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सलाहकारों की भी व्यवस्था की गई है।" एक 3डी मॉडल की तैयारी और परियोजना का विवरण जल्द ही पूरा किया जाएगा, जिसके बाद एलएंडटी अधिग्रहित भूमि को समतल करने और चारदीवारी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगी। राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पर 120 करोड़ रुपये खर्च किये हैं जबकि स्टेडियम के निर्माण पर 330 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 450 करोड़ रुपये की परियोजना के पूरा होने के साथ, 30,000 बैठने की क्षमता वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी के लिए तैयार हो जाएगा। आयुक्त ने कहा कि प्रस्तावित स्टेडियम के आसपास सड़कों और अन्य सुविधाओं का विकास भी जल्द शुरू किया जाएगा।

एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग : अमेरिका ने बढ़त बरकरार रखी, चीन दूसरे स्थान पर

एजेंसी। मिज (स्विट्जरलैंड)

अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) रैंकिंग में टॉप-5 टीमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और संयुक्त राज्य अमेरिका जारी नई एफआईबीए महिला विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। अमेरिका 834.6 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि एफआईबीए महिला एशिया कप 2023 जीतने वाला चीन 687.1 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और कनाडा अगली तीन टीमें हैं। एफआईबीए महिला यूरोबास्केट जीतने के बाद बेल्जियम छठे स्थान पर पहुंच गया, जिससे अब फ्रांस सातवें स्थान पर है। ब्राजील, जिसने एफआईबीए महिला अमेरीकप के फाइनल में एक युवा अमेरिकी टीम को हराया, जापान और सर्बिया से आगे आठवें स्थान पर पहुंच गया। नई अफ्रीकी चैंपियन नाइजीरिया 528.9 अंकों के साथ 11वें स्थान पर है।

NEWS इन ब्रीफ

हर साल बेहतर हो रहा है आईएसएल का स्तर : सुनील छेत्री

बेंगलुरु। भारतीय टीम और आईएसएल में बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार पर प्रकाश डाला और कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के लिए शानदार मंच है। छेत्री, जो लीग के इतिहास में शीर्ष भारतीय गोल स्कोरर हैं। उन्होंने एक युवा खिलाड़ी संदेश झिंगन का उदाहरण देते हुए कहा कि आईएसएल में खेलकर उन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है।

सेंट्रल कॉडोर्बा चौथे स्थान पर पहुंचा

ब्यूनस आयर्स। सेंट्रल कॉडोर्बा अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिविजन के ग्रुप बी में सार्मिएन्टो पर 1-0 से जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मिडफील्डर ब्रायन फारियोली ने आधे घंटे के बाद क्रिस्टियन ओकाम्पोस के साथ मिलकर निचले बाएं कोने में लंबी दूरी के प्रयास से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

कोच फर्नांडो सांतोस ने पोलैंड की राष्ट्रीय टीम छोड़ी

वारसॉ। फर्नांडो सांतोस ने पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका छोड़ दी है। पोलिश फुटबॉल एसोसिएशन (पीजेडपीएन) ने एक आधिकारिक बयान में बताया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सांतोस आठ साल तक पुर्तगाल के प्रभारी रहने के बाद जनवरी में ही पोलैंड में शामिल हुए, जिसके नेतृत्व में पुर्तगाल ने यूईएफए यूरो 2016 का खिताब जीता, लेकिन पोलैंड के प्रभारी के रूप में अपने छह मैचों में से केवल दो ही जीते और रविवार को अल्बानिया से 2-0 की आश्चर्यजनक हार के बाद टीम छोड़ दी।

मुझे पता था कि मैं विश्वकप खेलूंगा : बेन स्टोक्स

एजेंसी। नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का कहना है कि उन्हें पता था कि वे विश्व कप खेलेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पता था कि भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए उन्हें वनडे क्रिकेट से घोषित संन्यास से वापस आना पड़ेगा। स्टोक्स ने पिछले साल वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। वह टेस्ट में इंग्लैंड टीम के कप्तान हैं और टी20 क्रिकेट भी खेलते हैं। इस साल होने वाले विश्व कप से पहले उन्होंने संन्यास वापस लिया और टीम में वापसी की। उन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध चल रही वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। सीरीज के तीसरे मैच में स्टोक्स ने 124 गेंदों पर 182 रनों की शानदार पारी खेली। बुधवार रात को मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि जाहिर सी बात है कि मुझसे मेरे घुटने पर कई सवाल पूछे गए हैं। मैंने बस इन बातों को टालने के लिए कहा। मुझे वास्तव में पता था कि मैं यह मैच और संभवतः विश्व कप भी खेलूंगा। मैं मीडिया को शांत करने के लिए ऐसी बातें कर रहा था। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ

तीसरे मैच में 182 रनों की रिकॉर्डतोड़ पारी खेली। इस पारी से उन्होंने जेसन रॉय के नाम इंग्लैंड के लिए वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। रॉय ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 151 गेंद में 180 रन बनाए थे। स्टोक्स ने कहा कि मुझे इस (रिकॉर्ड स्कोर) बारे में तब पता लगा जब स्टेडियम में किसी ने इस बात की घोषणा की। इसके बाद मैं अगली गेंद पर आउट हो गया। स्टोक्स जब मैदान पर उतरे थे तब इंग्लैंड ने 13 पर दो विकेट गंवा दिए थे। उन्होंने कहा कि हम जल्दी विकेट खो चुके थे और हम विपक्ष पर दबाव बनाना चाहते थे। मैंने देखा कि अभी 23-24 ओवर बचे हैं, तो मैंने खुद को थोड़ा रोका।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए उठाया सख्त कदम

स्टीव स्मिथ-डेविड वार्नर ने की मनमानी तो मिलेगी कड़ी सजा

एजेंसी। मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के लिए एक अक्टूबर से नेक गार्ड (गले की सुरक्षा के लिए उपकरण) पहनना अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2023 . 24 की खेलने की नई शर्तो और नियमों के तहत ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेज या मध्यम तेज गेंदबाजों का सामना करते हुए नेक गार्ड पहनना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात सितंबर को पहले वनडे के दौरान कैगिसो रबाडा का बाउंसर कैमरन ग्रीन के गले में लगने के बाद यह फैसला लिया गया। गेंद ग्रीन के हेलमेट में फिक्स नेकगार्ड पर टकराई और उन्हें कनकशन (सिर की चोट) के कारण बाहर जाना पड़ा। सीए के इस फैसले का डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों पर असर पड़ेगा जो इसे पहनने से परहेज करते आये हैं। यह नियम स्पिनरों का सामना करते हुए या विकेटकीपरों और करीबी

फील्डरों पर लागू नहीं होगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने क्यों बदला नियम?

घरेलू क्रिकेट के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज फिलिप ह्यूज की गर्दन पर गेंद लगने के कारण उनकी मौत हो गई थी ।इसके बाद सीए ने गर्दन की सुरक्षा के लिए इस गार्ड के उपयोग की सिफारिश की थी। लेकिन,कई अनुभवी खिलाड़ी अभी भी इस गार्ड का इस्तेमाल करने से बचते नजर आए हैं। स्मिथ, जिन्होंने 2019 एशेज में लॉर्ड्स में जोफ्रा आर्चर की गेंद पर नेक गार्ड नहीं पहना था, ने कहा कि उस साल उन्होंने उन्हें क्लॉस्ट्रोफोबिक महसूस कराया। वार्नर ने 2016 में कहा था कि वह इसे नहीं पहनते हैं और न ही पहनेंगे, क्योंकि यह उनकी गर्दन में गड़ता है और ध्यान भटकाता है।

वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का बड़ा फैसला

नेकगार्ड पहनना होगा जरूरी

एजेंसी। सिडनी

अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में प्रत्येक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को 1 अक्टूबर से नेकगार्ड पहनना अनिवार्य होगा। बयान में यह भी कहा गया है कि जो खिलाड़ी इस नियम का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। वर्ल्ड कप 2023 से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से सभी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलने वालों बल्लेबाजों के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। अब पेसर और मीडियम पेसर का सामना करते वक़्त बल्लेबाजों को नेकगार्ड यानी गर्दन की सुरक्षा करने वाला गार्ड पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इन बदलावों का असर ऑस्ट्रेलिया के कई अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों पर पड़ेगा जिनमें डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा शामिल हैं। जो वर्तमान में बल्लेबाजी करते समय प्रोटेक्टर नहीं पहनते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए नए नियम के तहत अक्टूबर से नेकगार्ड पहनना अनिवार्य हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सफेद गेंद टीम में से वार्नर, टिम डेविड और जोश इंगलिस ऐसे

बल्लेबाज हैं जिन्होंने बल्लेबाजी के दौरान नेकगार्ड नहीं पहना। फिलिप ह्यूज की दुखद मौत के बाद सीए ने नेकगार्ड के उपयोग की सिफारिश की थी, लेकिन कई अनुभवी खिलाड़ी इसके खिलाफ थे। नियमों में यह अपडेट स्टार ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन के हेलमेट से जुड़े नेकगार्ड पर कैगिसो रबाडा के बाउंसर द्वारा चोट लगने के ठीक एक हफ्ते बाद आया है। नेकगार्ड पहनने का नियम धीमी या स्पिन गेंदबाजी का सामना करने वाले बल्लेबाजों के साथ-साथ विकेटकीपरों और करीबी फील्डर पर लागू नहीं होता है। हालांकि, 'स्टम्प्स तक खड़े रहने वाले कीपरों और नजदीक क्षेत्ररक्षकों को लंबे समय से हेलमेट पहनना आवश्यक है। इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट में अक्टूबर 2022 से नेकगार्ड का नियम लागू है।

यूपी टी-20 लीग गोरखपुर लायंस ने 18 रनों से काशी रुद्रास को हराया

ध्रुव जुरेल बने मैन आफ द मैच

एजेंसी। कानपुर

ग्रीनपार्क में बुधवार को यूपी टी-20 लीग के 28 वें मैच में गोरखपुर की टीम ने काशी रुद्रास को 18 रनों से पराजित कर दिया। गोरखपुर की टीम सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है, उसकी दस मैचों यह दूसरी जीत रही। गोरखपुर के ध्रुव जुरेल को 90 रनों की पारी के लिए को मैन आफ द मैच चुना गया, जबकि काशी के करन शर्मा की 80 रनों की पारी टीम के काम नहीं आ सकी। काशी की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गोरखपुर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 201 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान अभिषेक गोस्वानी और ध्रुव जुरैल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। अभिषेक ने 39 गेंदों में आठ चौके व तीन छक्कों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। काशी की टीम को पहले विकेट के लिए 13वें ओवर का इंतजार करना पड़ा, जब शिवा सिंह ने अभिषेक को क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद आए सिद्धार्थ सरवन को 7 रनों के स्कोर पर दीपांशु यादव ने आउट कर

दिया। ध्रुव शतक से चूक गए और 90 रन के स्कोर पर दीपांशु की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 49 गेंदों पर 13 चौके व 3 छक्के लगाए। शिवम शर्मा 19, अंशुमान पाण्डेय 12 और विवेक कुमार नाबाद 6 रनों की मदद से गोरखपुर ने 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी रुद्रास के सलामी बल्लेबाजों करन शर्मा और आर्यन बालियान ने 56 रन जोड़े। आर्यन का विकेट गिरने पर आए सचिन सिंह महज 9 रन ही बना सके। इस बीच करन ने अपने 50 रन पूरे किए। लेकिन 14 वें ओवर में अब्दुल रहमान की गेंद पर कैच आउट हो गए। करन ने 45 गेंदों में 8 छक्के और 4 चौकों की मदद से 80 रन बनाए। उनके बाद शिवम बंसल 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान प्रिंस यादव ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन दूसरी ओर से विकेट पतन जारी रहा। इसके चलते काशी की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन ही बना सकी और 18 रनों से हार गई। गोरखपुर के अब्दुल रहमान ने तीन विकेट लिए।

NEWS इन ब्रीफ

सीमेंट की मांग में कमी आने की आशंका

नई दिल्ली। सेंट्रम ब्रोकिंग ने एक रिपोर्ट में कहा कि इस साल कम बारिश और आगामी आम चुनावों के कारण सीमेंट की मांग में कमी आने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक परिचालन लागत बढ़ने लगी है और आपूर्ति में तेजी आ रही है। ईंधन की कम इन्वेंट्री लागत और लचीली कीमत से चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में कमाई अच्छी रहने की संभावना है। ईबीआईटीडीए के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में गिरावट का जोखिम है। वित्त वर्ष 2012 से शुरू होकर लगातार तीन वर्षों तक अच्छी वृद्धि के साथ देश में कोविड के बाद मांग की गति अपेक्षाकृत मजबूत रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, हमारा मानना है कि आचार संहिता के कारण चुनाव से पहले वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही में निर्माण गतिविधियों में अपेक्षित मंदी को देखते हुए मांग की गति रुकने की संभावना है और कम बारिश से ग्रामीण मांग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

गूगल की पैरेंट कंपनी ने सैकड़ों कर्मचारियों को निकाला : रिपोर्ट

नई दिल्ली। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने एक बार फिर छंटनी करते हुए ग्लोबल रिक्रूटमेंट टीम से सैंकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया है। सेमाफोर की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल ने अपने भर्ती कार्यबल से छंटनी वाले लोगों की सटीक संख्या का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट में कंपनी के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, हम कुशलतापूर्वक काम कर सकें यह सुनिश्चित करने के लिए हमने अपनी भर्ती टीम के आकार को कम करने का कठोर निर्णय लिया है। प्रवक्ता ने कहा, हम ट्रांजिशन पीरियड, आउटप्लेसमेंट सर्विस और सेविरेन्स से प्रभावित हर किसी का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि वे यहां गूगल और उसके बाहर नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं। वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच गूगल ने पिछले साल नियुक्तियों की गति धीमी कर दी थी। इस साल 20 जनवरी को गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में पुष्टि की थी।

नए शिखर पर पहुंचा घरेलू शेयर बाजार

खुलते ही सेंसेक्स-निफ्टी दोनों ने बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को कारोबार की शुरूआत नए इतिहास के साथ की। बाजार में कारोबार शुरू होते ही दोनों प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी अपने नए लाइफाटाइम हाई लेवल पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स ओपन होते ही 200 अंक से ज्यादा की छलांग लगाकर 67,693.88 अंक के पास पहुंच गया। सेंसेक्स बढ़त के साथ 67,627.03 अंक पर खुला और चंद मिनटों में ही उसने नई ऊंचाई हासिल कर ली। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 67,466.99 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने भी तेजी के साथ 20,127.95 अंक पर खुलकर कारोबार की शुरूआत की। कुछ ही देर में निफ्टी ने भी 20,127.95 अंक का नया ऐतिहासिक उच्च स्तर छू दिया। प्री-ओपन सेशन में घरेलू बाजार मजबूत शुरूआत के संकेत दे रहे थे। प्री-ओपन सेशन में बीएसई सेंसेक्स 160 अंक की बढ़त लेकर 67,630 अंक के पास था, जबकि निफ्टी करीब 60 अंक मजबूत होकर 20,130 अंक के पास था। इससे एक दिन पहले बाजार में अच्छी तेजी रही थी और निफ्टी ने नया रिकॉर्ड बनाया था। बुधवार के कारोबार में निफ्टी पहली बार 20 हजार अंक के स्तर के पार बंद हुआ था। निफ्टी इसी सप्ताह पहली बार 20 हजार अंक के पार निकलने में सफल हुआ है। विगत बुधवार को निफ्टी 20,070 अंक पर बंद हुआ था। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। नास्डैक में जहां 0.29 फीसदी की तेजी रही थी, वहीं डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 70 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था। एसएंडपी 500 में 0.13 फीसदी की हल्की तेजी आई थी। गुरुवार को एशियाई बाजार भी मिश्रित रुख दिखा रहे हैं। दिन के कारोबार में जापान का निक्की 230 अंक से ज्यादा की मजबूती में था, जबकि दूसरी ओर चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 फीसदी और हांगकांग का हैंगसेंग 0.09 फीसदी लुढ़का हुआ था। बड़ी कंपनियों की बात करें तो शुरूआती कारोबार में लगभग सारे शेयर ग्रीन जोन में थे।

कारों में छह एयरबैग देना अनिवार्य नहीं : नितिन गडकरी

नई दिल्ली। वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एयरबैग की संख्या बढ़ाने को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी। पिछली रिपोर्टों के मुताबिक आगामी अक्तूबर महीने से देश में बेची जाने वाली सभी कारों में 6-एयरबैग को अनिवार्य किए जाने की खबर थी लेकिन गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि इस साल की शुरूआत में नए क्रैश टेस्ट नियम लागू होने के बाद से सरकार भारत में यात्री कारों के लिए छह-एयरबैग सुरक्षा नियम को अनिवार्य नहीं बनाएगी। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (अउटअ) के वार्षिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार ₹कारों के लिए 6 एयरबैग नियम को अनिवार्य नहीं बनाएगी₹। उन्होंने कहा कि देश में बहुत सी वाहन निमार्ता कंपनियां हैं जो पहले से ही 6 एयरबैग दे रही हैं और वो कंपनियां अपने उन कारों का विज्ञापन भी कर रही हैं।

अगले बुधवार को खुलेगा सिग्नेचर ग्लोबल का आईपीओ

नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ अगले सप्ताह बुधवार यानी 20 सितंबर, 2023 को खुल रहा है। इसमें इनवेस्टर आगामी 22 सितंबर तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने एक रुपया के अंकित मूल्य के एक शेयर का प्राइस बैंड 366 रुपये से 385 रुपये के बीच तय किया है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 730 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन के समर्थन वाली यह रियल एस्टेट कंपनी अफोर्डेबल हाउसिंग क्षेत्र की जानी मानी कंपनी है। सिग्नेचर ग्लोबल इस आईपीओ के जरिए 730 करोड़ रुपये जुटा रही है। इसमें से 603 करोड़ रुपये के फ्रेश इक्विटी जारी किए जाएंगे जबकि 127 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री ऑफर फोर सेल तरीके से की जाएगी। कंपनी का दावा है कि वह अफोर्डेबल और लोअर मिड सेगमेंट हाउसिंग में वह सबसे बड़ी रियल एस्टेट डेवलपमेंट कंपनी है। कंपनी आईपीओ से जरिए मिली राशि में से 432 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज के भुगतान के लिए करेगी। इसके अलावा शेष बची राशि का उपयोग जमीन खरीदने और सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस साल जून तक कंपनी के बैलेंस शीट में 495.26 करोड़ रुपये का बकाया लोन था। इसकी चार सब्सिडियरी कंपनियों पर भी 123.86 करोड़ रुपये का लोन था।

एप्पल की कमाई के आगे मस्क और मुकेश अंबानी हैं काफी पीछे, हर सेकेंड 1820 डॉलर कमाती है

नई दिल्ली। जब भी दुनिया के टॉप अरबपतियों की बात होती है तो एलन मस्क, गौतम अडानी और मुकेश अंबानी का नाम जरूर आता है। लेकिन आपको जानकार हैरानी होगी की दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की नेटवर्थ भी एप्पल कंपनी के आगे कुछ नहीं है। इसके आगे एलन मस्क भी गरीब दिखाई देते हैं। आईफोन बनाने वाली एपल कंपनी विश्वभर में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में से एक है। साल 2022 की रिपोर्ट्स के मुताबिक, एप्पल कंपनी हर सेकेंड 1820 डॉलर यानी करीब 1.58 लाख रुपये का प्रॉफिट कमाती है। अगर दिन के हिसाब से इसे देखा जाए तो हर रोज 15.7 करोड़ डॉलर यानी करीब 1282 करोड़ रुपये का प्रॉफिट कंपनी कमाती है। एप्पल की कमाई आईफोन, आईपैड, मैक, वियरेबल्स और एक्सेसरीज जैसे प्रोडक्ट्स बेचकर होती है। इसी के साथ एप्पल आईक्लाउड, एप्पल म्यूजिक और ऐप स्टोर के जरिए भी अच्छी कमाई करता है। एप्पल की फाइनेंशियल रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में कंपनी ने 394 बिलियन डॉलर यानी करीब 3,270,200 रुपये कमाए थे। एप्पल कंपनी ने सबसे ज्यादा मुनाफा आईफोन से कमाया है। आईफोन से एप्पल ने 205.5 बिलियन डॉलर कमाए हैं। यह कुल कमाई का 52.1 फीसदी है।एप्पल ने एयरपॉड्स और वॉच से 41.2 बिलियन डॉलर कमाए हैं। यह कुल कमाई का 10.5 फीसदी है। एप्पल ने मैकबुक बेचकर 40.2 बिलियन डॉलर कमाए हैं। यह कुल कमाई का 10.2 फीसदी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, अभी एलन मस्क दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं।

जेट-एयरवेज फाउंडर नरेश गोयल की ज्यूडिशियल कस्टडी 14 दिन बढ़ी

मुंबई। मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल की ज्यूडिशियल कस्टडी 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। आज गोयल की ईडी कस्टडी खत्म होने वाली थी, जिससे पहले उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। मनी लॉन्ड्रिंग केस में 1 सितंबर को एऊने मुंबई ऑफिस में पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। उन पर 538 करोड़ रुपए के घोटाला का आरोप है। इसके पहले एऊ ने गोयल दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए थे। पिछले साल नवंबर में केनरा बैंक ने नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद मई 2023 में उइक ने फ्रॉड केस दर्ज किया। बाद में एऊने भी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। जेट को 848.86 करोड़ रुपए की क्रेडिट लिमिट और लोन दिए गए थे, जिसमें से 538.62 करोड़ रुपए बकाया हैं।

जी-20 में जिन सोने-चांदी के बर्तनों में परोसा गया खाना, उनका अब क्या होगा?

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत दुनिया के तमाम बड़े नेता भारत पहुंचे और इस समिट में हिस्सा लिया। दिल्ली के प्रगति मैदान को जी-20 के लिए पिछले लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। यहां के भव्य कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम में ये बड़ा समिट आयोजित हुआ। इस दौरान विदेशी मेहमानों के लिए कई तरह के खास इंतजाम किए गए थे। जिनमें सोने और चांदी के बर्तन भी शामिल थे, लेकिन अब सवाल है कि जी-20 खत्म होने के बाद इन सोने-चांदी के बर्तनों का क्या होगा?

भारत मंडपम में होंगे इवेंट्स : सबसे पहले इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑगेर्नाइजेशन (ITPO) के तहत आने वाले भारत मंडपम की बात करते हैं। इस कन्वेंशन सेंटर में हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था है और अब जी-20 के बाद इसे तमाम सरकारी कार्यक्रमों और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। आईटीपीओ की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग को लेकर जानकारी ली जा सकती है।

कहां जाएंगे सोने-चांदी के बर्तन अब उन सोने चांदी के बर्तनों पर आते हैं, जिनमें विदेशी मेहमानों को खाना परोसा गया था। सवाल है कि अब इन बर्तनों का क्या किया जाएगा। इसका जवाब जानने के लिए हमने आईटीपीओ के पीआरओ संजय वशिष्ठ से बातचीत की। जिसमें उन्होंने बताया कि ये सोने और चांदी के बर्तन हमारे लिए एक धरोहर की तरह हैं। फिलहाल इन्हें यहीं रखा गया है, आगे मंत्रालय की तरफ से जो भी निर्देश दिए जाएंगे उसके मुताबिक हम इनका इस्तेमाल करेंगे।

बताया जा रहा है कि इन सोने-चांदी के बर्तनों का इस्तेमाल जी-20 की तरह आने वाले किसी बड़े इवेंट में किया जा सकता है। जी-20 के शुरू होने के दौरान ये सोने-चांदी के बर्तन खूब ट्रेंड में रहे थे, इन्हें लेकर राजनीति भी हुई थी। सोशल मीडिया पर इन बर्तनों की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं।

विदेश

भारत के मिडिल ईस्ट कॉरिडोर का डर, पाकिस्तान की सरकार देश में चौतरफा घिरी

पाक सेना प्रमुख पहुंचे तुर्की, राष्ट्रपति व तीनों सेनाओं के प्रमुखों से की मुलाकात

एजेंसी। अंकारा

भारत के अमेरिका, सऊदी अरब और यूएई के साथ मिलकर मिडिल ईस्ट कॉरिडोर के ऐलान के बाद पाकिस्तान की सरकार देश में चौतरफा घिरी हुई है। पाकिस्तानी जनता और देश के विश्लेषक सऊदी प्रिंस के नहीं आने को बेइज्जती के रूप में ले रहे हैं और वे देश को पर्दे के पीछे से सत्ता चला रही सेना पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अचानक से तुर्की पहुंच गए हैं और उन्होंने राष्ट्रपति एदोर्गान से लेकर तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मुलाकात की है। यह वही एदोर्गान हैं जिन्होंने भारत के मिडिल ईस्ट कॉरिडोर को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है और कहा है कि तुर्की के बिना यह कॉरिडोर संभव नहीं है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जनरल मुनीर ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तुर्की की सेना की तारीफ की। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने तुर्की के साथ पाकिस्तान की दोस्ती को और मजबूत करने पर जोर दिया। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान जारी करके कहा कि जनरल मुनीर ने तुर्की के राष्ट्रपति, विदिश मंत्री और रक्षा मंत्री से भी मुलाकात की। एदोर्गान के साथ मुलाकात के दौरान पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने रक्षा भागीदारी बढ़ाने और ट्रेनिंग सहयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तुर्की ने पाकिस्तानी सेना के इंजीनियरों की तारीफ की। जनरल मुनीर ने कहा, 'पाकिस्तान और तुर्की के बीच बहुत मजबूत दोस्ती है जो समय के कसौटी पर सही साबित हुई है।' पाकिस्तान और तुर्की के बीच बहुत गहरे रक्षा संबंध हैं। पाकिस्तान तुर्की से यूक्रेन और आर्मीनिया में तबाही मचा चुके टीबी-2 ड्रोन खरीद रहा है। यही नहीं तुर्की पाकिस्तान और अजरबैजान के साथ मिलकर पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को विकसित करना चाहता है।

23 साल की भारतीय छात्रा की मौत पर हंसती रही अमेरिकी पुलिस

ह्यूस्टन। अमेरिका के सिएटल में इस साल के शुरू में पुलिस के तेज रफ्तार गश्ती वाहन की टक्कर लगने से 23 वर्षीय भारतीय छात्रा की मौत हो गई थी। इस बीच, एक पुलिस अधिकारी के 'बॉडीकैम' की फुटेज सामने आई है जिसमें वह छात्रा की मौत पर हंसता हुआ और मजाक उड़ता हुआ दिख रहा है। इसके बाद, भारत ने गहन जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मामले को अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है। सिएटल टाइम्स ने सोमवार को खबर दी कि पुलिस अधिकारी केविन डेव द्वारा चलाए जा रहे वाहन की टक्कर लगने से जनवरी में जाहन्वी कंडुला की मौत हो गई थी। वह 74 किलोमीटर प्रति मील (119 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से गाड़ी को चला रहा था। सिएटल पुलिस विभाग की ओर से सोमवार को ह्यबॉडीकैम' फुटेज जारी की गई।

भारी मुश्किल पाकिस्तान कहां और कैसे रखता है परमाणु बम, हुआ खुलासा

भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को है खतरा

एजेंसी। वाशिंगटन

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय रसातल में पहुंच गई है और जिन्ना का यह देश दुनिया से कर्ज की भीख मांग रहा है। देश में हर जगह बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। पेट्रोल की कीमतें 300 रुपये को पार कर गई हैं और बिजली की कीमतें रेकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंच गई हैं। इस गंभीर आर्थिक संकट के बाद भी पाकिस्तान लगातार अपने परमाणु बमों की संख्या को बढ़ा रहा है। फेडरेशन ऑफ अमेरिकी साइंटिस्ट ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान लगातार अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को बढ़ा रहा है और उसके वारहेड की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास इस समय 170 के करीब परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान का लगातार बढ़ता परमाणु हथियारों का जखीरा न केवल भारत के लिए चिंता का विषय है बल्कि पूरी दुनिया के लिए है। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के मुताबिक पाकिस्तान दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है। इसकी वजह परमाणु सुरक्षा और कमांड तथा कंट्रोल प्रक्रिया में कमी है। पाकिस्तान के परमाणु वारहेड की संख्या भारत से भी ज्यादा है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने सैटलाइट तस्वीरों के आधार पर बताया कि पाकिस्तानी सेना और वायुसेना के ठिकानों पर नए लॉन्चर और सुविधाएं बनाई जा रही हैं जो पाकिस्तान के परमाणु बलों के लिए हैं। पाकिस्तान इस समय इतना रेडियोधर्मी पदार्थ बना रहा है

पाकिस्तान इस समय इतना रेडियोधर्मी पदार्थ बना रहा है जिससे हर साल 14 से लेकर 27 तक परमाणु बम बनाए जा सकते हैं।

जिससे हर साल 14 से लेकर 27 तक परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। पाकिस्तान परमाणु बम गिराने के लिए मिराज 3 और मिराज 5 विमानों पर भरोसा करता है। पाकिस्तान के मिराज फाइटर जेट और बॉम्बर इस दो ठिकानों पर स्थित हैं। पहला- मसरूर एयरबेस कराची है जहां मिराज की 3 स्क्वाड्रन मौजूद है। यही नहीं मसरूर एयरबेस से पश्चिमोत्तर इलाके में 5 किमी की दूरी पर परमाणु हथियारों को रखने का गोदाम भी मौजूद है। इसके अलावा मिन्हास कामरा एयर बेस और शहबाज एयरबेस भी है। इसके अलावा पाकिस्तान के पास 6 तरह की किलर मिसाइलें हैं जो परमाणु हथियार दागने की क्षमता रखती हैं। इसमें कम दूरी की अब्दाली, गजनवी, शाहीन और नस्त्र शामिल हैं। वहीं मध्यम दूरी तक मार करने वाली गौरी और शाहीन 2 मिसाइलें हैं। पाकिस्तान परमाणु बम गिराने वाली दो और मिसाइलों पर काम कर रहा है। इनका नाम शाहीन 3 और कई परमाणु बम ले जाने में सक्षम अबाबील मिसाइल।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के कम से कम 5 मिसाइल ठिकाने हैं जो पाकिस्तानी परमाणु बलों के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसमें अक्रो गैरिसन, गुजरांवाला, खुजदार, पानो अकील, सरगोधा ठिकाना शामिल है।

पेज एक के शेष

हाईकोर्ट ने ...

सहित कुल 12 परीक्षाओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। कोर्ट ने सेकंड बैच के जरिए नियुक्त अधिकारियों के काम करने और उनके वेतन भुगतान पर रोक का भी आदेश दिया था। इसके खिलाफ सरकार और प्रभावित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों के काम करने और वेतन पर लगी रोक को हटा लिया था। इसके बाद बुद्धदेव उरांव ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल किया था, जिस पर 2017 में कोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश को फिर से बहाल रखा था। अब झारखंड हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और आनंदा सेन की खंडपीठ इस पूरे मामले में कराई गई सीबीआई जांच को लेकर राज्य सरकार की ओर से दायर अपील याचिका पर सुनवाई कर रही है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को मुकर्रर की गई है।

कांके में जमीन...

अवधेश कुमारी और फिर वहां से फरार हो गए। भीड़ भाड़ वाले इलाके में गोलीबारी कर अपराधियों ने राजधानी पुलिस को खुली चुनौती दी है। दिनदहाड़े गोली मारकर अपराधी मौके से फरार भी हो गए , और पुलिस सिर्फ एंटी क्राइम चेकिंग अभियान ही चलाते रह गई।जबकि जमीन कारोबार में विवाद को लेकर न सिर्फ झारखंड हाई कोर्ट बल्कि डीजीपी तक बेहद गंभीर हैं। अपराधियों के हमले में घायल जमीन कारोबारी अवधेश यादव की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है एक निजी अस्पताल में अवधेश यादव का इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश यादव का ऑपरेशन कर अब तक पांच गोलियां निकाली जा चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार रांची के जगत पुरम कॉलोनी के जमीन को लेकर अवधेश यादव का कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इस विवाद की वजह से अवधेश को गोली मारी गई है।

जांच में जुटी पुलिस : वहीं दूसरी तरफ रांची के सीनियर एसपी के निर्देश पर एसएसपी कियूआर्टी सहित पुलिस की कई टीमें गोलीबारी की वारदात में शामिल अपराधियों की खोज में लगी हुई है। कांके थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि गोलीबारी में घायल अवधेश का इलाज चल रहा है। घटना को कारित करने वाले अपराधियो की तलाश की जा रही है।

मुंगेरी और अशोक के...

एग्जामिनेशन किया जाएगा। कोर्ट में पंकज मिश्रा के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थीं जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपतिनाथ भी आरोपित हैं।

36 अनुषांगिक ...

अहम बैठकों में एक गांव-एक कुआं-एक श्मशान अभियान शुरू किया गया था। इसके अलावा भी कई निर्णय लिए गए थे। समन्वय समिति की बैठक में इन अभियानों के निष्कर्षों पर चर्चा होगी। इसके अलावा भारतीय मूल्य के आधार पर महिला सशक्तिकरण के विकल्पों पर चर्चा होगी।

नेत्रदान करने वाले ...

विजन और पेंटिंग कंपटीशन के विजेताओं को स्वास्थ्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्रदान जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए आई.एम.ए झारखंड, आई.एम.ए रांची, एफ.जे.सी.सी.आई, उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल एवं झारखंड स्पोर्ट्स विभाग के पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. भारती कश्यप, मेडिकल डायरेक्टर, कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने कहा पिछले 21 वर्षों से हर वर्ष हम बड़े पैमाने पर नेतदान जागरूकता अभियान रन फॉर विजन का आयोजन कर रहे हैं । तत्कालीन उस समय की गवर्नर द्रौपदी मुर्मू ने भी लगातार 5 वर्षों तक इस कार्यक्रम में न केवल भाग लिया । बल्कि नेत्रदान का शपथ पत्र भरके झारखंड में नेतदान को काफी बढ़ावा दिया। अब तक 806 नेत्र प्रत्यारोपण किए हैं और वर्ष 2022 से अब तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा झारखंड में 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए जबकि झारखण्ड का लक्ष्य 2022-2023 में 150 था। हमारे पास कॉर्निया जनित दृष्टिहीनों की लंबी सूची है और स्थानीय नेत्रदान की कमी है। इसलिए आई बैंकों में नेटवर्किंग की जरूरत है ताकि स्थानीय नेत्रदान को बढ़ावा मिल सके और मरीजों को भी सहूलियत होगी। हमारे राज्य की स्थिति नेत्र प्रत्यारोपण के क्षेत्र में अच्छी दिखेगी। मौके पर गवर्नर ने कहा... जीते जी तो हम लोगों को सबकी मदद करनी चाहिए। मगर मृत्यु उपरांत नेत्रदान से हम मरने के बाद भी किसी के अंधकार में जीवन में रोशनी ला करके उनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने कश्यप मेमोरियल और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब द्वारा किए जा रहे नेत्र प्रत्यारोपण और नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा- हमारे राज्य में कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा 2022-23 के सुनिश्चित लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 नेत्र प्रत्यारोपण किए गए हैं। सांसद संजय सेठ ने कहा की हमे पूरे शरीर का दान करना चाहिए, अभी कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य का निधन हुआ और उन्होंने अपना पूरा शरीर दान कर दिया। शारीर दान एक अच्छी परम्परा है। स्वास्थ्य सचिव अरुण सिंह ने कहा की सरकार के आई बैंक लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। देर रात के आई डोनेशन कॉल मे सजगता नहीं दिखा पाते हैं। वहीं गैर सरकारी आई बैंक ने 2022 _23 मे लक्ष्य 150 से भी ज्यादा 159 कार्निया प्रत्यारोपण किया है। राज्य में स्टेट ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन आगेर्नाइजेशन की कार्य क्षमता को बढ़ाना होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

भारतीय रेलवे के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे (2018 बैच) के 255 प्रोबेशनर्स के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय रेलवे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की एकता और सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता की भी रीढ़ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उन जैसे युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएं और भारतीय रेलवे को दुनिया में सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदाता बनाने का प्रयास करें।

भारत में 58 नये कोविड मामले दर्ज किए गए

नई दिल्ली। भारत में धीरे-धीरे कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड) के 58 नये मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, नए मामले सामने आने के बाद देश में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,49,97,975 हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, कोरोना वायरस से एक और व्यक्ति की मौत हो गई है। जिसके बाद देश में कुल मरने वालों की संख्या 5,32,029 हो गई। दूसरी ओर, 63 मरीज ठीक हुए हैं, जिससे कुल संख्या 4,44,65,415 हो गई है। देश में सक्रिय मामले 531 हैं। मंत्रालय के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं।

पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक स्वीकार किए जाएंगे सुझाव-नामांकन

नई दिल्ली। अगले साल दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की ऑनलाइन प्रक्रिया इन दिनों जारी है और इसकी अंतिम तिथि आगामी 15 सितंबर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आम लोगों से पुरस्कारों के लिए अपने नामांकन और सिफारिशें भेजने के लिए कहा है। उसका यह भी कहना है कि नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन दी जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल हैं। सभी नागरिक स्व-नामांकन सहित नामांकन और सिफारिशें कर सकते हैं।

सनातन धर्म को समाप्त करना चाहता है घमंडिया गठबंधन : प्रधानमंत्री

गांधी के आखिरी शब्द थे हे राम... वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे

एजेंसी। सागर/भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सतातन धर्म के खिलाफ बोलने वालों के खिलाफ पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने गुरुवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान सागर जिले के बीना में बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पेट्रो केमिकल प्लांट के भूमिपूजन कार्यक्रम में विपक्षी दलों द्वारा मिलकर बनाए गए आईएनडीआईए गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने यहां सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करना चाह रहा है। गांधी जी के आखिरी शब्द थे- हे राम...। वे जीवन भर सनातन के पक्ष में रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक तरफ आज का भारत दुनिया को जोड़ने का सामर्थ्य दिखा रहा है। दुनिया के मंचों पर हमारा भारत विश्वमित्र के रूप में सामने आ रहा है। वहीं, दूसरी तरफ कुछ ऐसे दल भी हैं, जो देश-समाज को विभाजित करने में जुटे हैं। इन्होंने मिलकर के

एक इंडी अलायंस बनाया। इस अलायंस को कुछ लोग घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। इनका नेता तय नहीं है। नेतृत्व पर भ्रम है। इन्होंने पिछले दिन मुंबई में मीटिंग की। मुझे लगता है कि इस मीटिंग में उन्होंने आगे यह घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा, उसकी नीति-रणनीति बना दी है। उन्होंने अपना हिडन एजेंडा तय कर लिया है। इनकी नीति है- भारत की संस्कृति पर हमला करने की। इनका निर्णय है- भारतीयों की आस्था पर हमला करो। नीयत है- भारत को जिस विचारों ने, जिन संस्कारों ने, जिन परंपराओं ने हजारों वर्ष से जोड़ा है, उसे तबाह कर दो। उन्होंने कहा कि जिस सनातन से प्रेरित होकर देवी अहिल्याबाई ने देश के कोने-कोने में सामाजिक काम किए, ये घमंडिया गठबंधन उस सनातन संस्कार और परंपरा को समाप्त करने का संकल्प लेकर के आए हैं। ये सनातन की ताकत थी कि झांसी की रानी लक्ष्मी बाई अंग्रेजों को यह कहकर ललकार पाईं कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। जिस सनातन को गांधी जी ने जीवन पर्यंत माना, जिन भगवान श्रीराम ने उन्हें जीवन भर प्रेरणा दी, उनके आखिरी शब्द थे- हे राम। जिस सनातन ने उन्हें आंदोलन चलाने के लिए प्रेरित किया, ये इंडी गठबंधन के लोग, उस सनातन परंपरा को समाप्त करना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि जिस सनातन से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद ने समाज की बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक किया, ये उस सनातन को समाप्त करना चाहते हैं। जिस सनातन से प्रेरित होकर लोकमान्य तिलक ने मां भारती की स्वतंत्रता का बीड़ा उठाया, गणेश पूजा को स्वतंत्रता के आंदोलन से जोड़ा, सार्वजनिक गणेशोत्सव की परंपरा बनाई, आज उसी सनातन को ये इंडी गठबंधन तहस-नहस करना चाहता है।

उन्होंने कहा कि ये सनातन की ताकत थी कि स्वतंत्रता आंदोलन में फांसी पाने वाले वीर कहते थे कि अगला जन्म मुझे फिर भारत मां की गोद में देना। जो सनातन संस्कृति संत रविदास का प्रतिबिंब है, माता शबरी की पहचान है, महर्षि वाल्मीकि का आधार है, जिस सनातन ने हजारों वर्ष से भारत को जोड़े रखा है, ये लोग मिलकर अब उस सनातन को खंड-खंड करना चाहते हैं। आज इन लोगों ने खुलकर हमला शुरू कर दिया है। कल ये लोग हम पर होने वाले हमले और बढ़ाने वाले हैं। देश के कोने-कोने में हर सनानती को, इस देश को प्यार करने वाले को सतर्क रहने की जरूरत है। सनातन को मिटाकर ये देश को फिर एक हजार साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं। हमें मिलकर ऐसे ताकतों को रोकना है। हमारी संगठन की शक्ति से, एकजुटता से, उनके मंसूबों को नाकाम करना है।

बागमती नदी में नाव पलटने से 10 बच्चों की मौत

20 को बचाया गया, करीब 30 थे सवार

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बृहस्पतिवार को करीब 30 बच्चों को ले जा रही एक नाव बागमती नदी में डूब गई। हादसे में अब तक 20 बच्चों को बचाया लिया गया है और अन्य की खोजबीन जारी है। हादसा जिले के बेनीबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के भटगामा के मधुरपट्टी घाट के समीप हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जिलाधिकारी को निर्देश दिया है और वह मामले को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी इस घटना के पीड़ित हैं, उनके परिवारों की मदद की जाएगी। नीतीश कुमार कुछ परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए इस समय मुजफ्फरपुर में हैं। हादसा स्थल पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एसडीएफआर की टीमें मौके पर बचाव कार्य में जुटी है।

कोलकाता में दुर्गापूजा प्रतिमाओं व थीम की प्रदर्शनी लगाएगा यूनेस्को

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की वैश्विक पहचान बन चुकी दुर्गा पूजा को लेकर यूनेस्को भी दिलचस्पी ले रहा है। इस बार दुगार्पूजा के बाद अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में बेहतरीन दुर्गा प्रतिमाओं और पूजा थीम की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए यूनेस्को ने ब्रिटिश काउंसिल के साथ हाथ मिलाया है, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार का संस्कृति व पर्यटन मंत्रालय भी मददगार बनेगा। काशी बोस लेन दुर्गा पूजा समिति के महासचिवों में से एक सोमेन दत्त ने बताया कि यूनेस्को की ओर से 24 ऐसी दुर्गा पूजा समितियों का चुनाव किया गया है जो हर साल पूजा का शानदार आयोजन करती हैं। इन समितियां की ओर से इसबार आयोजित होने वाली पूजा के दौरान पंडाल, मूर्तियां और समग्र सजावट की अनूठी प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह 20 से 24 अक्टूबर के बीच कोलकाता के टाउन हॉल में आयोजित होगी। दरअसल पांच दिवसीय दुर्गा पूजा कार्यक्रम 11 से 15 अक्टूबर के बीच आयोजित होना है। इसमें देश दुनिया से लाखों की संख्या में लोग दुर्गा पूजा घूमने के लिए बंगाल आते हैं। इस बार यूनेस्को ने जिन 24 पूजा समितियों का चुनाव किया है, उनमें दो घरेलू पूजा भी शामिल हैं।

14 पत्रकारों के कार्यक्रमों नहीं जाएंगे विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता

आरएनएम। नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन ने 14 पत्रकारों पर विपक्ष के विरूद्ध दुष्प्रचार करने तथा केन्द्रीय सत्ता व उनके नेताओं के गलत कार्यों को नजरअंदाज करते हुए गुणगान करने की वजह से उनके कार्यक्रमों में नहीं जाने का निर्णय किया है। उसी तरह जैसे कुछ पत्रकारों को अपना विरोधी बताते हुए उनके कार्यक्रम में भाजपा के नेता नहीं जाते हैं। इस बारे में कांग्रेस पार्टी के नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट इंडिया मीडिया कमेटी के इस फैसले की जानकारी दी। इंडिया मीडिया कमेटी ने गुरुवार दोपहर फैसला किया कि उनकी तरफ से निम्न 14 पत्रकारों के शो में कोई भी प्रतिनिधि हिस्सा नहीं लेगा। इन चौदह पत्रकारों के नाम हैं- अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमिष देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत,नवीका कुमार, प्राची पराशर, रूबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी, सुशांत सिन्हा। जो लोग केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी व नेताओं को चाहे जाति या धंधे या धर्म या अन्य किसी वजह से पसंद करते हैं, उनमें से ज्यादातर इन 14 पत्रकारों के भी विपक्ष विरोधी खबरों के प्रशंसक। विपक्ष इन पत्रकारों को गोदी मीडिया कहता है, तो सत्ता पक्ष के नेता व प्रशंसक इन्हें अच्छा पत्रकार कहते हैं। लेकिन जो तटस्थ लोग हैं, सत्ता कीर्तनी नहीं हैं, वे इन पत्रकारों की पत्रकारिता को अवसरवादी व कीर्तनी पत्रकारिता कहते हैं। जहां तक पत्रकारों के बहिष्कार की बात है तो केन्द्रीय सत्ता के आला नेता बहुत से पत्रकारों का अघोषित बहिष्कार आठ-नौ वर्ष से किये हुए हैं। जैसे कि करण थापर जैसे वरिष्ठ पत्रकारों से अब बात नहीं करते हैं, उनके कार्यक्रम या साक्षात्कार से कन्नी काटते हैं। इस बारे में करण थापर ने टेलीग्राफ अखबार में लिखा था कि उनके घनिष्ठ रहे कई मंत्री कहीं मिलने पर धीमे शब्दों व इशारों में कहते हैं- आपसे बात नहीं करने का ऊपर से आदेश है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने ईडी को कहा- अभिषेक की संपत्ति का ब्योरा दें

एजेंसी। कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की संपत्ति का ब्योरा सौंपने को कहा। अदालत ने इसके लिए ईडी को सात दिनों का समय दिया है। जज ने केंद्रीय एजेंसी को 21 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने ईडी को एक कॉर्पोरेट इकाई के अन्य निदेशकों की संपत्ति का विवरण भी देने को कहा है। इस कॉर्पोरेट इकाई का नाम हाल ही में पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए पैसे के मामले की जांच में सामने आया। न्यायमूर्ति सिन्हा ने ईडी को टॉलीवुड अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के नाम के साथ-साथ उनकी संपत्ति के विवरण भी पेश करने का निर्देश दिया, जिनके नाम इस मामले में सामने आए हैं। पीठ ने मामले के मुख्य आरोपी सुजय कृष्ण भद्रा की संपत्ति का विवरण भी मांगा है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। भद्रा की पहचान कॉर्पोरेट इकाई के एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी के रूप में की गई है।

गुरुवार को जस्टिस सिन्हा ने कहा कि स्कूल नौकरी मामले को भ्रष्टाचार का बुर्ज खलीफा बताना ठीक नहीं होगा। याद दिला दें कि हाल ही में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के वकील ने अदालत को बताया था कि पश्चिम बंगाल में स्कूल-नौकरी घोटाला यूएसए के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11 के हमले के बराबर है। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल में नौकरी के बदले पैसे मामले में ईडी के अधिकारियों द्वारा अभिषेक बनर्जी से नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ किए जाने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। बुधवार रात ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद उन्होंने ईडी को पूछताछ के दौरान अपना विस्तृत बयान अदालत में सौंपने और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती दी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बुधवार को पूछताछ के लिए जानबूझ कर बुलाया गया ताकि वह उसी दिन दिल्ली में हो रहे विपक्षी इंडिया ब्लॉक के समन्वय की पहली बैठक में शामिल न हो सकें।

उत्तर प्रदेश में 17 से चलेगा 'आयुष्मान भवः अभियान'

एजेंसी। लखनऊ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरूआत होगी। इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू होगा। वहीं, 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा।आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा। 17 सितंबर से शुरू होने वाला सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें स्वच्छता अभियान होगा। इसके अलावा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की शुरूआत पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के वितरण के लिए की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे। घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। आयुष्मान मेला के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसी तरह, प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा। 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा की शुरूआत होगी। इसमें विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्राम, वार्ड स्तर पर वीएचएसएनसी, नगरीय निकाय के नेतृत्व में आयुष्मान सभा का आयोजन होगा। इसमें आयुष्मान कार्ड का वितरण एवं प्रदर्शन किया जाएगा।

FILMY हलचल

हिंदी ने मेरे जीवन के हर पहलू में योगदान दिया : अनुपम खेर



हिंदी दिवस पर एक मजाकिया ट्वीट करते हुए दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि हिंदी भाषा ने उनके जीवन के हर पहलू में बहुत बड़ा योगदान दिया है और उनके दोस्तों द्वारा हिंदी में अपशब्द बोलना और उनकी मां का हिंदी में उन्हें डांटना अच्छा लगता है। हर साल 14 सितंबर को मनाए जाने वाले हिंदी दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में, खेर ने यह भी कहा कि जब कोई भारतीय मित्र लंबे समय तक लगातार अंग्रेजी में बात करता है, तो उन्हें ओए बस कर कहकर चुप कराने में बहुत खुशी होती है। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ मुस्कुराते हुए शरारती चेहरे की कुछ इमोजी पोस्ट की। उन्होंने एक्स पर हिंदी दिवस के अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, हिंदी ने मेरे जीवन के हर पहलू में बहुत प्रमुख भूमिका निभाई है। अभिनय के क्षेत्र में अच्छी हिंदी बोलने की क्षमता आपके आधे से ज्यादा काम को अच्छा बना देती है।

तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 'जवान' के लिए शाहरुख की जमकर की प्रशंसा

तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने शाहरुख खान अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जवान' की जमकर तारीफ की। उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी। विशेष रूप से उन्होंने एसआरके, विजय सेतुपति, नयनतारा और दीपिका पादुकोण के साथ-साथ संगीतकार अनिरुद्ध का भी जिक्र किया। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर 'पुष्पा' स्टार ने लिखा, इस विशाल ब्लॉकबस्टर के लिए 'जवान' की पूरी टीम को बधाई। 'जवान' के संपूर्ण कलाकारों, तकनीशियनों, क्रू और निमार्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। एसआरके और विजय सेतुपति पर उन्होंने कहा, शाहरुख का अब तक का सबसे विशाल अवतार, अपने स्वैग से पूरे भारत को मंत्रमुग्ध कर रहा है। वास्तव में आपके लिए बहुत खुशी हुई सर, हमने आपके लिए प्रार्थना की थी।

सुपरस्टार राकेश मिश्रा लेकर आए तीज स्पेशल गाना

भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री के वायरल स्टार में से एक राकेश मिश्रा ने अपना तीज स्पेशल गाना "धनिया तीज कइले बाड़ी" रिलीज कर दिया है, जिससे महिलाओं के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। इसके जरिए राकेश मिश्रा ने दिखाया है कि तीज पर्व का क्या महत्व है और जब पत्नी तीज कर रही होती है तो पति की चिंता उनके लिए कितनी होती है। राकेश मिश्रा का गाना उनके ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसे अब तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से वायरल भी हो रहा है। राकेश मिश्रा ने कहा कि यह व्रत कर रही पत्नियों के प्रति पति के प्रेम को और केयर को प्रदर्शित करती है। यह गाना तमाम तीज व्रत के लिए एक उपहार है। तीज का त्यौहार बड़ी हो धूम धाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि तीज के दिन ही देवों के देव महादेव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

मां पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 107 जन्मों तक तप किया था। भगवान भोलेनाथ माता पार्वती के कठिन तप से प्रसन्न हुए, उन्होंने 108वें जन्म में पार्वती जी से विवाह रचाया। यही कारण है कि तीज का दिन सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं के लिए बहुत खास होता है। इसलिए मैंने यह गाना गया है। मैं भोजपुरी के तमाम ऑडियंस बंधुओं से अपील करूंगा कि आप इस गाने को खूब आशीर्वाद दें और इसे सुपर डुपर हिट बनाएं।

तैयारी वायु सेना ने तेज की वीवीआईपी फ्लीट के लिए हेलीकॉप्टरों की तलाश

विदेशों में भारतीय मिशनों को किया गया सक्रिय

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के बाद से भारत के शीर्ष नेतृत्व को अत्याधुनिक नए वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की तलाश है। अब मिसाइलों से बचाव सहित आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं वाले नए हेलीकॉप्टरों की खोज तेज कर दी गई है। अगस्ता वेस्टलैंड की विफलता के एक दशक बाद फ्रांस, अमेरिका, रूस और इटली में भारतीय रक्षा अताशे को हेलीकॉप्टरों का तकनीकी विवरण जुटाने का काम सौंपा गया है। दरअसल, देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को ले जा रहा वायु सेना का हेलीकॉप्टर एमआई 17वीं तमिलनाडु के कन्नूर में 08 दिसंबर 2021 को

दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दुर्घटना में उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत हेलीकॉप्टर में सवार 14 में से 13 लोगों की मौत हुई थी। एक चाय बागान में कम दृश्यता की स्थिति के दौरान हुई दुर्घटना के दौरान उनका हेलीकॉप्टर उन्नत एवियोनिक्स से सुसज्जित नहीं था, जो पायलटों को प्रारंभिक चेतावनी दे सकता था। इस दुर्घटना ने सरकार का ध्यान सुरक्षित हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता पर केंद्रित किया। इसी के बाद भारत के शीर्ष नेतृत्व ने देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य वीवीआईपी के लिए अत्याधुनिक नए वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की जरूरत महसूस की। मौजूदा समय में वायु सेना वीवीआईपी लोगों को लाने-ले जाने के लिए रूसी एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टरों की मदद ले रही है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण रखरखाव के मुद्दे सामने आए हैं। वायु सेना ने 2028 तक इन हेलीकॉप्टरों को रिटायर करने की योजना बनाई है। इसलिए शीर्ष नेतृत्व के आने-जाने के लिए मिसाइलों से बचाव सहित आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस नए 12 हेलीकॉप्टरों की तलाश तेज कर दी गई है। वायु सेना से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अगस्ता वेस्टलैंड की विफलता के एक दशक बाद भारतीय वायु सेना ने अब फिर से वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की तलाश तेज की है। संभावित हेलीकॉप्टरों की पहचान करने के लिए अब विदेशों में भारतीय मिशन को सक्रिय किया गया है। उनसे ऐसे हेलीकॉप्टरों की तलाश करने के लिए कहा गया है जो घरेलू उड़ान स्थितियों और भूगोल की विविधता को देखते हुए घरेलू जरूरतों के अनुरूप हो सकते हैं। फ्रांस, अमेरिका, रूस और इटली सहित कई देशों में भारतीय रक्षा अताशे को ऐसे हेलीकॉप्टरों में विशेषज्ञता वाले विक्रेताओं की पहचान करने और तकनीकी विवरण एकत्र करने का काम सौंपा गया है। भारत ने पहले भी इसी तरह के हेलीकॉप्टर खरीदने की कोशिश की है। यूपीए शासनकाल में वीवीआईपी फ्लीट के लिए अगस्ता वेस्टलैंड के एडब्ल्यू 101 हेलीकॉप्टर को चुना गया था। इस बावत 2010 में हस्ताक्षरित 3,565 करोड़ रुपये का अनुबंध हथियार डीलरों और भारतीय अधिकारियों के बीच रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद विवादों में आ गया। इसके बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने जनवरी 2014 में लोकसभा चुनावों से पहले यह सौदा रद्द कर दिया था।